राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 21
लखनऊ, मंगलवार 29 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डीएम ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा, जतायी नाराजगी 10
सेवा संकल्पः जरूरतमंदों के सुख-दुःख में सहभागी है सरकारः राज्यमंत्री 02

# मुख्य चुनाव आयुक्त पर कॉकरोचों का हमला तेज

चुनाव आयोग विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी ने जहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हमला तेज कर दिया है, वहीं कांग्रेसियों ने उनके आगरा स्थित आवास पर प्रदर्शन किया, घर पर कालिख पोती और आपत्तिजनक नारे भी लिखे। दूसरी ओर ज्ञानेश कुमार के एकतरफा फैसले के खिलाफ आज भी सर्वोच्च अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई।

**गुस्सा**
- 2 अक्टूबर को जेल भरो आंदोलन का एलान
- 'ज्ञानू' को युवा पीढ़ी सबक सिखाएगी: सौरव

**एजेंसियां, मुंबई/नई दिल्ली।**



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को और तेज हो गया। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर अपना आंदोलन आगे बढ़ाने का एलान किया है।

पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने 2 अक्टूबर को मुंबई के शिवाजी पार्क में 'जेल भरो आंदोलन' शुरू करने की घोषणा की है। हालांकि मुंबई पुलिस ने प्रस्तावित प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने उच्च न्यायालय के निर्देश, नगर निगम की अनुमति नहीं होने और यातायात प्रभावित होने की आशंका का हवाला दिया है।

उधर सीजेपी के सह संयोजक सौरव दास ने एक्स पर पोस्ट कर ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि अहंकार और निरंकुशता के साथ काम करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त को देश की युवा पीढ़ी सबक सिखाएगी।

दास ने संवाद कार्यक्रमों के स्थगित होने का भी जिक्र किया। मेरठ और वाराणसी में युवाओं और जेन-जी के साथ प्रस्तावित संवाद कार्यक्रम स्थगित किए जाने की रिपोर्ट सामने आई है। सीजेपी का कहना है कि चुनाव आयोग की जवाबदेही केवल अदालतों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। दीपके ने इससे पहले ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। उनका कहना था कि मांग पूरी नहीं होने पर देशव्यापी आंदोलन और जंतर-मंतर 2 शुरू किया जाएगा। अब उन्होंने मुंबई में जेल भरो आंदोलन का एलान किया है। सीजेपी की प्रमुख मांगों में मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा, उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करना, एसआईआर को रद्द कर पुरानी मतदाता सूची बहाल करना तथा 2023 के चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून को निरस्त कर स्वतंत्र जांच कराने की मांग शामिल है।




मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,


आज जब मैं यह पाती लिख रहा हूं, मेरा हृदय अमर शहीद भगत सिंह के प्रति कृतज्ञता से ओत-प्रोत है। मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। **उनकी जयंती हम सबके लिए राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखते हुए अपने संकल्प को नई ऊर्जा देने का अवसर है।**

भगत सिंह ने परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़े भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। **आज हमें भी जाति-पाति, नशा और अन्य सामाजिक बुराइयों की बेड़ियों से मुक्ति के लिए उनके अदम्य साहस और राष्ट्रनिष्ठा से सीख लेनी होगी।** वे अध्येता थे और हिंदी, उर्दू, पंजाबी तथा अंग्रेजी सहित कई भाषाओं के ज्ञाता थे। उनके जीवन से हमें ज्ञान को अपनी शक्ति बनाने, सीखने की ललक को जीवित रखने और अपने संकल्प को कर्म से जोड़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

**ज्ञान जब कौशल से जुड़ता है, तो युवा अपनी प्रतिभा को सामर्थ्य में बदलकर अपने सपनों को साकार कर सकता है।** इसी उद्देश्य से हमारी सरकार युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उद्यम और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग दे रही है। **मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने और रोजगार सृजित करने के लिए सशक्त आधार दे रहा है।** स्टार्टअप नीति के माध्यम से नवाचार और उद्यमशीलता को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मेरा विश्वास है कि जब युवा ज्ञान को कौशल, कौशल को संकल्प और संकल्प को कर्म से जोड़ेंगे, तब उनके सपनों के साथ प्रदेश की विकास यात्रा को नई गति मिलेगी।

मेरा आपसे विशेष आग्रह है कि संवरते उत्तर प्रदेश में ज्ञान के विस्तृत साधनों का अधिकाधिक सदुपयोग करें। प्रदेश में **भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी** के नाम पर प्रत्येक जनपद में आधुनिक पुस्तकालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी विकसित की जा रही हैं, ताकि ज्ञान तक पहुंच और सहज हो। **आप पुस्तकों को अपना मित्र बनाइए, प्रश्न पूछिए, नए विचारों को जानिए और अपनी जिज्ञासा को निरंतर जीवित रखिए। एक पुस्तक किसी युवा के जीवन में नया विचार जगा सकती है और एक नया विचार पूरे समाज को नई दिशा दे सकता है।** आइए, हम सब मिलकर ज्ञानवान, संस्कारवान एवं सामर्थ्यवान उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

आपका
योगी आदित्यनाथ



पढ़ें, बढ़ें, बदलें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

## कांग्रेसियों ने ज्ञानेश कुमार के घर पर कालिख पोती, आपत्तिजनक नारे लिखे

**आगरा।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उनके आगरा स्थित पैतृक आवास के बाहर प्रदर्शन किया। विजय नगर कॉलोनी स्थित मकान के मुख्य गेट पर कालिख पोती गई और आपत्तिजनक नारे लिखे गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गेट से लिखे शब्दों को साफ कराया। इसके बाद आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। कांग्रेस कमेटी के दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता सुबह करीब 11 बजे विजय नगर कॉलोनी पहुंचे। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने एमजी रोड स्थित सुभाष पार्क से कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च भी निकाला। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की।




कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर आगे भी विरोध जारी रखा जाएगा। ज्ञानेश कुमार का आगरा के विजय नगर कॉलोनी में पैतृक आवास है, जहां उनके परिवार के सदस्य रहते हैं। चुनाव आयोग से जुड़े विवाद के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में उनके खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। सोमवार को महाराष्ट्र समेत कई स्थानों पर भी एसआईआर व चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए।

## सीईसी के एकतरफा फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग के नाम पर ऐसे फैसले लिए गए, जिन पर चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की मंजूरी नहीं थी। याचिकाकर्ता राकेश कुमार सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त से उनके अधिकार का आधार बताने के लिए क्वो वारंटो रिट जारी करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग बहुसदस्यीय संवैधानिक निकाय है। इसमें आरोप लगाया गया है कि 28 अक्टूबर 2025 से 14 अगस्त 2026 के बीच दोनों चुनाव आयुक्तों ने आयोग की मंजूरी के बिना उसके नाम पर उठाए गए कदमों को लेकर कम से कम 14



आपत्तियां दर्ज की थीं। साथ ही बैठकों के एजेंडे और कार्यवृत्त जारी करने में देरी, मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाओं में बदलाव तथा दोनों आयुक्तों की जानकारी या मंजूरी के बिना अपील दायर करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 का भी उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि आयोग का काम जहां तक संभव हो, सर्वसम्मति से होना चाहिए और मतभेद की स्थिति में बहुमत के आधार पर निर्णय लिया जाता है।

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,50,320/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,37,800/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,480/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,40,000/किग्रा |



## रंग बदलने वालों से रहें सावधान : योगी

**मिशन रोजगार**
- 1,375 ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे
- छह महीने में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 1,375 नवचयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 11 नवचयनित अभ्यर्थियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि सरकार ने छह महीने में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य तय किया है। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से फिर नियुक्ति पत्र वितरण शुरू होगा।

समारोह में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने नौजवानों के हक पर डकैती डाली और पिछड़ों-दलितों को योजनाओं से वंचित रखा, वे आज नए स्वरूप और नए स्लोगन के साथ गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा।



सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नवनियुक्त सचिवों के साथ सेल्फी लेते सीएम।

मुख्यमंत्री ने पेयजल योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार गांव-गांव पानी पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कोई टोटी चोरी कर लेगा तो पानी बहता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और विकास की गति को बनाए रखना है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को गांवों के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि अब ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय, डिजिटल लाइब्रेरी, सम्मेलन कक्ष और विभिन्न जनसुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम पंचायत अधिकारी, लेखपाल, ग्राम प्रधान और बीसी सखी सहित अन्य लोग गांव में ही लोगों को सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवन, उचित दर की दुकान, भंडारण केंद्र, सामुदायिक शौचालय और उत्सव भवन जैसी व्यवस्थाओं से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। प्रत्येक गांव में पांच से सात तक रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतें अपनी आय बढ़ा सकती हैं।

## फतेहपुर में सिलेंडर फटा, चार की मौत, तीन मकान जमींदोज

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के कस्बे में सोमवार शाम खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया। तेज धमाके के बाद तीन मकान भरभराकर ढह गए। हादसे में एक मासूम समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका के चलते देर रात तक राहत और बचाव अभियान जारी रहा। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी सुरेश गुप्ता के घर में शाम को खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर फट गया। धमाका इतना तेज था कि सुरेश गुप्ता के मकान के साथ आसपास के दो अन्य मकान भी ढह गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर दबे लोगों को बाहर निकालने का काम शुरू किया गया। अब तक सात लोगों को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है। सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां एक मासूम समेत चार लोगों की मौत हो गई। तीन घायलों का उपचार चल रहा है।

(संबंधित खबर पृष्ठ 11 पर)

## पटना में प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज

**आक्रोश**
- कई आंदोलनकारी बेहोश, बैरिकेड तोड़े
- डाकबंगला चौराहे पर वाटर कैनन चलाया
- जेपी गोलंबर पर पुलिस से धक्कामुक्की

**एजेंसी, पटना।**

बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भयंकर टकराव हो गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ दिए और पुलिस से धक्कामुक्की की। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन चलाया और लाठी चार्ज किया। कई प्रदर्शनकारियों के बेहोश होने की सूचना है। कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है।

प्रदर्शन में सीपीआई (एम), एआईएसएफ, एआईकेएफ समेत कई संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने वित्तपोषित शिक्षा व्यवस्था खत्म करने, बाढ़-सूखे की



सोमवार को पटना में पुलिस बैरिकेडिंग तोड़कर प्रदर्शन करते छात्र।

समस्या का स्थायी समाधान, बाढ़ पीड़ितों को राहत, रोजगार और मजदूरों के न्यूनतम मानदेय जैसे मुद्दे उठाए। आंदोलनकारियों की एक मांग यह भी थी कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें। प्रदर्शनकारी गांधी मैदान से मार्च करते हुए जेपी गोलंबर पहुंचे। यहां पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर मार्च को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में धक्कामुक्की शुरू हो गई। कुछ देर के लिए मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। जेपी गोलंबर से आगे बढ़े प्रदर्शनकारियों को डाकबंगला चौराहे पर रोकने के लिए पुलिस ने सुरक्षा घेरा बनाया। यहां स्थिति तनावपूर्ण होने पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। अलग-अलग रिपोर्टों के मुताबिक कई महिला और पुरुष प्रदर्शनकारी बेहोश हो गए और कई को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की की पुष्टि कई रिपोर्टों में हुई है, लेकिन किसी पुलिस अधिकारी या पुलिसकर्मी के घायल होने की संख्या की स्पष्ट आधिकारिक पुष्टि फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

### संक्षिप्त समाचार

#### प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा पर तिलक नगर में एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने के आरोप की पुलिस जांच शुरू हो गई है। शिकायतकर्ता साहेब सिंह का दावा है कि वह मंत्री का वीडियो बना रहा था, तभी कथित तौर पर उसे थप्पड़ मारा गया। पुलिस के अनुसार साहेब सिंह के खिलाफ पहले से एमसीडी कर्मचारी से मारपीट का मामला दर्ज है और वह जमानत पर बाहर है। पुलिस शिकायत के तथ्यों की जांच कर रही है।

#### नेपाल में पहाड़ टूटकर नदी में गिरा, 14 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के मुस्तांग जिले में भारी बारिश के बीच पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर कालीगंडकी नदी में गिर गया। हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत की सूचना है। मलबे से रास्ता भी बाधित हुआ है। इसी दौरान नदी में एक क्रूज के पलटने की भी जानकारी सामने आई है।

#### यूपी में तीन वरिष्ठ आईपीएस के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया। आईजी डॉ. मनोज कुमार को पीएसी पश्चिमी जोन, मुरादाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। आईजी हेमराज मीणा को सुरक्षा मुख्यालय भेजा गया है। वहीं राजेश द्विवेदी को डीजीपी कार्यालय में एसपी, चुनाव प्रकोष्ठ बनाया गया है।

#### एनसीपी के गुटों के विलय की संभावना पर विराम

**मुंबई।** एनसीपी के दोनों गुटों के एक साथ आने की चर्चाओं के बीच शरद पवार ने कहा कि उनकी पार्टी किसी अन्य संगठन में विलय नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग उनके साथ आना चाहते हैं, वे उनकी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। वहीं अजित पवार गुट के एनडीए के साथ बने रहने की बात कही गई है।

## एशियाडः भारत को लगातार दूसरे दिन भी आठ पदक

- जैवलिन में यशवीर को रजत, रोहित को कांस्य
- श्रीशंकर, गुलवीर और ईशा ने भी जीते रजत

**एजेंसी, नागोया।**

एशियन गेम्स के 9वें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ पदक अपने नाम किए। इनमें चार रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। यशवीर सिंह ने पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में 85.72 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत, जबकि रोहित यादव ने 84.35 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।

मुरली श्रीशंकर ने पुरुषों की लंबी कूद में 8.07 मीटर की छलांग लगाकर



रजत पदक हासिल किया। गुलवीर सिंह ने 1500 मीटर दौड़ में 3 मिनट 36.72 सेकंड के समय के साथ रजत जीता। निशानेबाजी में ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। फाइनल में ईशा और चीन की जियाओ जियारुइक्सुआन के 38-38 अंक रहे, लेकिन शूटआउट में चीनी खिलाड़ी ने बाजी मारी।

**गठबंधन** | यूपी विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस ने दिए संकेत, टिकट वितरण को जल्द अंतिम रूप देने की तैयारी

## अक्टूबर में हो सकता है सपा-कांग्रेस में सीटों का बंटवारा

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन और सीटों के बंटवारे को लेकर अक्टूबर में तस्वीर साफ होने के संकेत मिले हैं। कांग्रेस नेतृत्व चाहता है कि प्रदेश में चुनावी गठबंधन और टिकट वितरण से जुड़े प्रमुख फैसले अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएं, ताकि इसके बाद संगठन पूरी तरह चुनावी मैदान में उतर सके।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम लगातार गठबंधन को लेकर पार्टी की लचीली नीति की बात कह रहे हैं। सोमवार को राहुल गांधी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश को लेकर हुई बैठक में भी गठबंधन और चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अक्टूबर तक समाजवादी पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। टिकट वितरण का काम भी इसी समयसीमा में पूरा करने की योजना है।

बैठक में प्रदेश संगठन और चुनावी रणनीति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन होने की स्थिति में सीटों का बंटवारा सम्मानजनक तरीके से होना चाहिए। पार्टी का मुख्य लक्ष्य भाजपा को सत्ता से बाहर करने



के लिए विपक्षी गठबंधन को प्रभावी रूप देना बताया गया है।

कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि वोट चोरी के मुद्दे को लेकर पार्टी की स्थिति मजबूत हुई है और राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर लोगों के बीच भरोसा बढ़ा है। हालांकि, इन दावों का आधार पार्टी का अपना आकलन है। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में संगठन को चुनाव के लिए नए सिरे से तैयार करने में जुटी है। संगठन स्तर पर बड़े बदलाव की प्रक्रिया चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, अगले दो-तीन दिन में प्रदेश के नए पदाधिकारियों की सूची जारी हो सकती है। पार्टी की कोशिश है कि संगठनात्मक बदलाव और गठबंधन की तस्वीर साफ होने के बाद टिकट वितरण की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाए।

राहुल गांधी ने सोमवार को कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में संगठन के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। बैठक में एनएसयूआई अध्यक्ष के साथ संगठन के प्रभारी कन्हैया कुमार भी मौजूद रहे।

# मतदाता सूची के मुद्दे पर कांग्रेस का हल्लाबोल

- कलेक्ट्रेट तक मार्च
- कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन
- सीईसी ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका
- महिलाओं समेत सैकड़ों लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने अम्बेडकरनगर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने की मांग उठाई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया गया। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटना चाहिए और शिकायतों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में रहना और उसे मतदान का अधिकार मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों को मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी देंगे और समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएंगे।

प्रदर्शन से पहले साधना नायक के नेतृत्व में अनीता यादव, यशोदा, दुर्गावती, निशा, पुष्पा, नंदनी, प्यारी, आशा, दीपांशु, सम्भावती, कुसुम, अनीता गौतम, फूला देवी, मुस्कान, नेहा, महिमा समेत सैकड़ों महिलाओं को जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

कार्यक्रम का संचालन रेहान जैदी ने किया।

इस मौके पर मेराजुद्दीन किछौछवी, अनीस खान, अमित जायसवाल, गुलाम रसूल छोटू, विशाल वर्मा, अमित यादव, आलोक पाठक, जियाउद्दीन अंसारी, दीपक मिश्रा, शहबाज अंसारी, मस्तू मिश्रा, हेमंत यादव, तौसीफ अहमद, दीपक वर्मा, राजित राम वर्मा, राकेश वर्मा, अजय पासवान, राजू कुमार गुप्ता, अशोक कुमार सत्यार्थी, अंबिका चमार, जितेंद्र कुमार राव, मिस्बाहुद्दीन अंसारी, फखरे आलम, नेहाल अहमद, हाजी साबरीन अंसारी, राजमणि वर्मा, रीतेश त्रिपाठी, नितिन यादव और कपाल देव वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सियासी संदेश साफ है–कांग्रेस ने मतदाता सूची के सवाल को सड़क से बूथ तक ले जाने की तैयारी शुरू कर दी है।

# आरोप नहीं, प्रमाण दे विपक्षः डॉ. आरती तिवारी

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. आरती तिवारी ने सोमवार को प्रेस वार्ता में निर्वाचन आयोग, ईवीएम-वीवीपैट और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी दलों के सवालों पर भाजपा का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सवाल उठाना और संस्थाओं की आलोचना करना राजनीतिक दलों का अधिकार है, लेकिन आरोप तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी परिणामों के बाद निर्वाचन आयोग और ईवीएम पर आरोप लगाने के बजाय विपक्ष को अपने दावों के समर्थन में ठोस प्रमाण जनता के सामने रखने चाहिए। निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव प्रक्रिया, ईवीएम-वीवीपैट और मतदाता सेवाओं से संबंधित जानकारी सार्वजनिक की जाती है।

डॉ. तिवारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रिया है। पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर और मतदाता सूची को लेकर जनता को सही एवं प्रमाणित जानकारी उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विपक्ष से बिना प्रमाण आरोप लगाने से बचने, ईवीएम-वीवीपैट से जुड़े दावों को तथ्य सहित सामने रखने और संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा का सम्मान करने की अपील की। कहा कि लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक विमर्श तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित होना चाहिए।

प्रेस वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह पिंकू और अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अतिवृष्टि से गिरी गन्ने की फसल को बांधकर बचाएं किसान

**बलरामपुर।** अतिवृष्टि और तेज हवाओं से जिले में कई स्थानों पर गन्ने की फसल गिरने व झुकने की स्थिति में है। जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार ने किसानों से गिरे और झुके गन्ने को सावधानीपूर्वक उठाकर बांधने तथा खेतों से पानी की निकासी सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि किसानों की सहायता के लिए गन्ना विकास विभाग और चीनी मिलों की 248 टीमें लगाई गई हैं। इनमें बलरामपुर चीनी मिल की 125, तुलसीपुर चीनी मिल की 78 और उतरौला चीनी मिल की 45 टीमें शामिल हैं। टीमें गांवों में पहुंचकर किसानों को तकनीकी सहयोग दे रही हैं। गिरे गन्ने को समय से न बांधने पर उत्पादन में 10 से 20 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। वहीं खेत में लंबे समय तक पानी भरे रहने से फसल और जड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। विभाग ने पहले पूरी तरह गिरी फसल, फिर झुके गन्ने को बांधने और इसके बाद जल निकासी कराने की कार्ययोजना बनाई है। किसानों से गन्ने को उठाते समय सावधानी बरतने को कहा गया है, ताकि जड़ें न उखड़ें। विभाग ने किसानों से टीमों के संपर्क में रहकर समय से फसल बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

### थारू महिलाओं को मिलेगा स्थानीय रोजगार

**बलरामपुर।** थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम के तहत जनजातीय महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और कौशल विकास से जोड़ने की पहल की गई है। परियोजना परिसर में कपड़ा एवं परिधान निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए औद्योगिक प्रतिष्ठानों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। परियोजना अधिकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। प्रस्तावित इकाई के माध्यम से करीब 300 से 400 स्थानीय थारू महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की योजना है। परियोजना परिसर में सिलाई केंद्र, भंडार गृह, कार्यालय, आवास, 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर, सौर ऊर्जा और इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्थल से राष्ट्रीय राजमार्ग-730 और भारत-नेपाल सीमा तक सड़क संपर्क भी है। इच्छुक संस्था या कंपनी का परिधान निर्माण क्षेत्र में पंजीकृत एवं कार्यरत होना तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कम से कम एक करोड़ रुपये का कारोबार होना आवश्यक है। मशीनरी, कच्चे माल और कार्यशील पूंजी के लिए न्यूनतम 50 लाख रुपये निवेश की अपेक्षा की गई है। पात्र इकाइयों को वस्त्र एवं परिधान नीति तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति के तहत उपलब्ध प्रोत्साहनों का लाभ नियमानुसार मिल सकता है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में 9 अक्टूबर तक ई-मेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं।

### आज से ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी

**बलरामपुर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत जिले में 29 सितंबर से ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) शुरू होगी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने सोमवार को ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने एफएलसी स्थल पर सुरक्षा, प्रवेश व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों व निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और एफएलसी कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रवेश पास जारी करने को कहा। बिना अधिकृत पास किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिले के 1752 मतदेय स्थलों के लिए 2540 बैलेट यूनिट, 2540 कंट्रोल यूनिट और 2540 वीवीपैट मशीनों की एफएलसी होगी। यह कार्य प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा।

### बाढ़ से प्रभावित किसानों की मुश्किलें बांटेगी सरकारः एसडीएम

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** 'बाढ़ से प्रभावित किसानों और ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। पानी उतरने के बाद कृषि भूमि की कटान और फसलों के नुकसान का शीघ्र सर्वे कराकर नियमानुसार क्षतिपूर्ति दिलाई जाएगी।' यह भरोसा सोमवार को एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने बाढ़ प्रभावित गुनौली और ढेमा गांव में ग्रामीणों से संवाद के दौरान दिया।
एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने नायब तहसीलदार उमेश त्रिवेदी के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने किसानों से फसलों को हुए नुकसान, कृषि भूमि की कटान और बाढ़ के कारण उत्पन्न अन्य परेशानियों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बाढ़ के पानी से खेतों में खड़ी फसलों को हुए नुकसान और भूमि कटान की स्थिति से अवगत कराया। एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर क्षति का आंकलन करने तथा सर्वे की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है। राहत और सहायता से जुड़े मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि फसल और भूमि क्षति के संबंध में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पात्र प्रभावितों को शासन के प्रावधानों के अनुसार क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ का पानी उतरने के बाद संभावित संक्रामक रोगों को देखते हुए एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और जरूरत पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा।

# गर्भवती व प्रसूता महिलाएं सरकार की योजनाओं का उठायें लाभः रामानंद कटियार

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश महासचिव ने बाराबंकी जिला महिला अस्पताल में प्रसूताओं को फल वितरित करते हुए कहा कि गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। सरकार मातृ शिशु स्वास्थ्य के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। यह उदगार रेडक्रॉस के प्रदेश महासचिव रामानंद कटियार जी बतौर मुख्य अतिथि जागो री जागो' संस्था के आनंदी प्रकल्प के अंतर्गत जिला महिला अस्पताल, बाराबंकी में भर्ती प्रसूताओं को फल एवं खाद्य सामग्री वितरण के दौरान व्यक्त किये।

श्री कटियार ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रदीप कुमार, डीपीएम अमरेश द्विवेदी, संस्था प्रमुख चन्द्र प्रकाश वर्मा, सचिव सोनिया वर्मा, रोटरी क्लब अध्यक्ष सरदार रविंदर सिंह कालरा, सचिव राजेश अरोड़ा 'बब्बू', डॉ. विमल बैसवार, बाराबंकी रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, वाइस चेयरमैन हुमाऊ नईम खान, सरंक्षक आशीष वर्मा, समाजसेवी सिविल डिफेन्स के स्टॉफ ऑफिसर व रेडक्रॉस से सदस्य रत्नेश कुमार तथा सिविल डिफेन्स के स्टाफ ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार वर्मा सिविल डिफेंस की घटना नियंत्रण अधिकारी शिवानी वर्मा की उपस्थिति में प्रसूताओं को सेब, मौसंबी, केला, ब्रेड सहित करीब 90 पैकेट वितरित किए।

# आंगन मिलन उत्सव में समाजसेविका ने महिलाओं का किया उत्साहवर्धन

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में गांव सरथरा1 तथा सरथरा 2 आंगनवाड़ी केंद्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेविका गुलजार बानो ने प्रधानमंत्री के 25 वर्ष राष्ट्र सेवा को समर्पित होने पर विस्तार से चर्चा की और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और महिलाओं से आग्रह किया कि 2027 में जो सरकार हमको इतनी सुविधा देख रही है। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और शिशुओं को पौष्टिक आहार ग्रहण कराकर अन्नप्राशन कराया गया। बच्चों को खाद्य सामग्री का वितरण भी किया, गांव की लाभार्थी महिलाएं और नन्हे-मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी मुख सेविका ऊषा रावत, जरीना बेगम, सुनीता, और तमाम लाभार्थी बच्चे गांव की महिलाएं उपस्थित रही।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र से जुड़ी एक घटना में अभिषेक कुमार पुत्र स्वर्गीय बरसाती लाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की माता नीरज देवी पत्नी स्वर्गीय बरसाती लाल, निवासी ग्राम बोजा, पोस्ट मंझपुर, थाना जैदपुर, जनपद बाराबंकी ने थाना प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली नगर को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जाँच तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार अभिषेक कुमार दिनांक 23 सितंबर 2026 की शाम घर से एक कार्यक्रम में जाने की बात कहकर निकला था। बताया गया है कि इसके बाद वह अपनी परिचित काजल, पुत्री राममिलन, के कमरे पर आलापुर कुरौली में रुका था। परिजनों के अनुसार 27 सितंबर 2026 की शाम करीब 5 बजे उन्हें जानकारी मिली कि अभिषेक कुमार का शव उक्त कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला है। सूचना मिलने के बाद परिजन तत्काल बाराबंकी के सरकारी अस्पताल पहुँचे, जहाँ उन्हें घटना की जानकारी हुई। मृतक की माता नीरज देवी का कहना है कि कुछ समय पूर्व उनके बेटे ने उन्हें बताया था कि उसकी परिचित काजल इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपये की मांग कर रही थी। इसी बात को लेकर परिवार ने युवक की मौत की परिस्थितियों पर संदेह व्यक्त किया है। परिवार ने आशंका जताई है कि अभिषेक कुमार की मौत सामान्य आत्महत्या न होकर किसी साजिश का परिणाम हो सकती है। हालांकि इस संबंध में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जाँच के बाद ही हो सकेगी। मृतक की माता ने पुलिस से मांग की है कि मामले में उनकी शिकायत दर्ज कर घटना की निष्पक्ष एवं गहन जाँच कराई जाए, मृतक की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाए तथा यदि किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

# आंधी-बारिश में चरमराई विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बहाल करने में छूट रहे पसीने



**समृद्धि न्यूज, जैदपुर बाराबंकी।**

जैदपुर कस्बे में निर्बाध बिजली आपूर्ति बहाल रखने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।जैदपुर कस्बे के बड़े तालाब के पास विद्युत तार जलकुंभी से छूने की सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची।तालाब में पानी भरा होने के कारण विद्युतकर्मियों को पोल तक पहुंचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा। कर्मचारी फुरकान और सुरेंद्र कुमार समेत अन्य विद्युतकर्मी नाव के जरिए पोल तक पहुंचे और लाइन में आई खराबी को दुरुस्त करने के प्रयास में जुट गए।बारिश और जलभराव के बीच विद्युतकर्मियों ने सुरक्षा का ध्यान रखते हुए लाइन को ठीक करने का काम शुरू किया ताकि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल किया जा सके। मुश्किल हालात के बीच बिजली व्यवस्था सुचारु रखने में जुटे विद्युतकर्मियों की यह तस्वीर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# सेवा संकल्पः जरूरतमंदों के सुख-दुःख में सहभागी है सरकारः राज्यमंत्री

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट बाराबंकी।**



सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के सुख-दुःख में सहभागी बनना है। सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना के साथ जनसेवा ही इसका वास्तविक उद्देश्य है। यह बात खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री एवं दरियाबाद विधायक सतीश शर्मा ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में मरीजों से संवाद के दौरान कही। सोमवार को सतीश शर्मा सेवा संकल्प अभियान के तहत सीएचसी पहुंचे। उन्होंने भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं तथा उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों से आवश्यक जानकारी भी ली।
इस अवसर पर 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के कार्ड वितरित किए गए। सतीश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके साथ खड़ा होना जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में जिला मंत्री रूपेश प्रताप सिंह, नीरज सिंह, कमलेश शुक्ला, दीपक वर्मा, ज्ञानेंद्र तिवारी, विनीत श्रीवास्तव, मधुकर तिवारी, पिंटू वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एएनएम, संगिनी, आशा कार्यकत्रियां तथा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 27 अतिरिक्त क्षेत्रों का बस्ता जमा, 50 गांवों के काम ठप

- आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे ग्रामीण
- विद्यार्थियों की पढ़ाई से जुड़े काम भी अटके

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट।**



तहसील क्षेत्र के करीब 50 गांवों के ग्रामीणों के लिए लेखपालों का अतिरिक्त कार्यभार छोड़ना परेशानी का सबब बन गया है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए ग्रामीण तहसील के चक्कर काट रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थियों को उठानी पड़ रही है। प्रमाण पत्रों के अभाव में छात्रवृत्ति, प्रवेश और अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं से जुड़े काम प्रभावित हो रहे हैं। रामसनेहीघाट तहसील में लेखपालों के कुल 46 पद हैं। इनमें दो लेखपाल जिले में संबद्ध हैं, जबकि एक रजिस्ट्रार कार्यालय में कार्यरत है। ऐसे में तहसील क्षेत्र में 44 लेखपाल ही काम कर रहे हैं। इन पर मूल क्षेत्र के साथ अतिरिक्त क्षेत्रों की जिम्मेदारी भी थी।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लेखपाल संघ के आह्वान पर करीब एक सप्ताह पहले लेखपालों ने 27 अतिरिक्त लेखपाल क्षेत्रों का बस्ता जमा कर दिया। इसके बाद इन क्षेत्रों से जुड़े करीब 50 गांवों में राजस्व संबंधी काम प्रभावित हो गए हैं। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के अलावा सत्यापन और अन्य जरूरी कार्यों के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है।

# ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

- देवा रेलवे ओवरब्रिज पर फिर हादसा

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण के दावों के बीच देवा रेलवे ओवरब्रिज पर एक और सड़क हादसे ने यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। ट्रक की चपेट में आने से करीब 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

मृतक की पहचान शुभम सिंह वर्मा, निवासी लखपेड़ाबाग के रूप में हुई है। बताया गया कि हादसा यूपी 33 एटी 9484 नंबर के ट्रक से हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभालने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि शहर में एफसीआई और रेलवे माल गोदाम की ओर आने-जाने वाले भारी वाहनों के कारण अक्सर यातायात प्रभावित होता है।

इन वाहनों के प्रवेश को लेकर नो-एंट्री व्यवस्था होने के बावजूद उसका प्रभावी पालन नहीं होने के आरोप लगातार उठते रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि यदि भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित समय निर्धारित है तो शहर के व्यस्त मार्गों पर इनकी आवाजाही कैसे हो रही है? उनका कहना है कि व्यवस्था कागजों तक सीमित रहने के बजाय जमीन पर प्रभावी रूप से लागू होनी चाहिए, ताकि ऐसे हादसों की आशंका कम की जा सके।

फिलहाल मौके पर सिविल लाइन चौकी प्रभारी अनुराग पाठक, यातायात प्रभारी राम यतन यादव, ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय समेत सिपाही सौरभ, चौधरी उद्यम सिंह और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# वजीरबाग में 60 घंटे से बिजली गुल, जाम की सड़क

- बारिश और तेज हवाओं से गिरीं लाइनें
- पुलिस के समझाने पर खुला रास्ता



**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

वजीरबाग इलाके में 60 घंटे से बिजली नहीं आने से नाराज लोगों ने रविवार शाम करीब 7:40 बजे सड़क पर जाम लगा दिया। बड़ी संख्या में लोग बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। करीब 15 मिनट तक चले प्रदर्शन से रास्ते पर आवागमन प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। बिजली जल्द ठीक कराने के भरोसे के बाद लोगों ने जाम हटा लिया। बताया गया कि शुक्रवार से जिले में लगातार बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। कई जगह पेड़ गिरने से बिजली की लाइनें टूट गई थीं। इसके चलते वजीरबाग इलाके में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। दो दिन से बिजली नहीं आने के कारण लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

# गोकशी के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, एक को लगी गोली

- दो साथी भी गिरफ्तार
- तमंचा, कारतूस, बाइक व हथियार बरामद
- चार दिन पहले मिले थे गोवंश के अवशेष

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



मोतीपुर थाना क्षेत्र में गोकशी आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। रविवार देर रात एक बजे हुई मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, दो साथी गिरफ्तार हुए। घायल अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, घायल आरोपी पर पहले भी गोकशी के कई मामले दर्ज हैं। 24 सितंबर को शाहपुर खुर्द में गोवंश अवशेष मिलने पर मुकदमा 418/2026 दर्ज हुआ। एसपी ने खुलासे को तीन टीमें बनाई थी । रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी फिर गोकशी की घटना करने वाले हैं। जोगनिया बैराज मार्ग पर चेकिंग में एक बाइक पर तीन युवक आते दिखे। रोकने पर आरोपियों ने फायरिंग की, जवाब में पुलिस ने गोली चलाई। एक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी। मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव , अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व आयुष विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोनू (बालापुर), शहजाद उर्फ कलूटे (उचवा बालापुर) और सोनू (खैरी) के रूप में हुई। उनके पास से तमंचा, कारतूस, 1940 रुपये, बाइक, तराजू-बांट, लकड़ी का ठीहा और तीन चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र चंदन व बहू ललिता देवी को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**श्रीमती बेबी शर्मा पत्नी तुलसी व तुलसी उर्फ तुलसीराम पुत्र ललऊ निवासीगण मोहल्ला धमेडी कस्बा व तहसील रामनगर-बाराबंकी।**

# न्यायपालिका में बढ़े राजभाषा हिंदी का प्रयोग : ब्रजेश

- न्यायपालिका में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



अवध बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय एवं उत्तर प्रदेश हिंदी विधि प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को न्यायपालिका में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में 'न्यायपालिका में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने में वास्तविक अवरोध' विषय पर विचार-विमर्श किया गया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और न्यायपालिका में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं और अभिव्यक्ति का माध्यम है। हिंदी की विशेषता है कि वह सभी को स्वीकार करती है और हिंदी सबकी भाषा है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आजादी के बाद देश में जब पहली बार चुनाव हुआ, तब चुनाव लड़ने वाले लोगों में बड़ी संख्या अधिवक्ताओं की थी। उन्होंने कहा कि देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक विकास में अधिवक्ता समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसलिए न्याय व्यवस्था में आमजन की सहज भागीदारी और समझ को बढ़ाने के लिए सरल एवं सुगम भाषा का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चली औपनिवेशिक व्यवस्था के प्रभाव के कारण अंग्रेजी को एक विशेष वर्ग की भाषा के रूप में स्थापित किया गया। अब आवश्यकता है कि भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी को न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों में अधिक व्यापक स्थान मिले, ताकि आम नागरिक न्याय व्यवस्था से स्वयं को और अधिक सहजता से जोड़ सके। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, कार्यक्रम संयोजक एवं अवध बार एसोसिएशन एल्डर कमेटी के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ खान, अध्यक्ष, हिंदी विधि प्रतिष्ठान देश रतन मिश्रा, संचालक एस.एस. चौबे सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सीईसी की बर्खास्तगी को लेकर सपा का प्रदर्शन

- सीईसी के पुतला दहन से पहले हिरासत में लिये गये कार्यकर्ता
- पुलिस- प्रदर्शनकारियों के बीच कुछ देर तक हुई खींचतान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



राजधानी लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के युवजन सभा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की। हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता ज्ञानेश कुमार का पुतला लेकर पहुंचे थे लेकिन दहन से पहले ही पुलिस ने पुतला छीन लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच कुछ देर तक खींचतान भी हुई और फिर पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे तमाम कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। पुलिस की कार्रवाई के बाद मौके पर स्थिति सामान्य रही।

प्रदर्शन के दौरान सपा युवजन सभा के विजय चौहान, शिव कुमार के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मांग में सिंदूर भर फोटो वायरल करने की धमकी

**मलिहाबाद, लखनऊ।** नगर पंचायत मलिहाबाद निवासी एक दलित युवती ने एक युवक पर पीछा करने, जबरन मांग में सिंदूर भरकर फोटो खींचने और उसे वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती ने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने और जातिसूचक गालियां देने का भी आरोप लगाया है। युवती के अनुसार वर्ष 2021 में स्कूल जाते समय आरोपी शहनवाज उसका पीछा कर परेशान करता था। एक दिन उसने जबरन उसकी मांग में सिंदूर भरकर फोटो खींच ली और विरोध करने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद फोटो के जरिए ब्लैकमेल कर कई बार शारीरिक संबंध बनाए गए। युवती ने शहनवाज पर जबरन कलमा पढ़वाने और इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। परिजनों के विरोध पर सिराज और शाहरुख द्वारा घर पहुंचकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। युवती ने 22 सितंबर को थाने में तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रालोद छात्रसभा ने शुरू किया 'कैंपस कनेक्ट'

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) छात्रसभा ने सोमवार को प्रदेशव्यापी 'आरएलडी कैंपस कनेक्ट' अभियान शुरू किया। इसके तहत महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षा, रोजगार, खेल, स्वास्थ्य, नशा-मुक्ति और सामाजिक भागीदारी से जुड़े मुद्दों पर कार्यक्रम होंगे। अभियान की शुरुआत शहीद भगत सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। रालोद प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि अभियान के जरिए छात्रों की समस्याएं और सुझाव सुने जाएंगे। छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय ने बताया कि स्टूडेंट डायलॉग, छात्र पंचायत, स्पोर्ट्स-फिटनेस और 'ड्रग्स को ना कहें' जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को मेरठ में छात्र पंचायत होगी। इसमें शिक्षा, रोजगार, खेल, नशा-मुक्ति और युवाओं की सामाजिक भागीदारी पर चर्चा होगी। अभियान को चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के सभी जिलों और अधिक से अधिक कैंपस तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

### बांस कारीगर जातियों का 30 को लखनऊ में सम्मेलन

**लखनऊ।** बांस के कार्य से जुड़ी धरकार, बसोड़, वेन बंशी, बांसफोड़ आदि जातियों का महासम्मेलन आगामी 30 सितंबर 2026 को पूर्वाहन 11 बजे से विश्वेश्वरैया सभागार, लखनऊ में आयोजित हो रहा है। यह जानकारी विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति और हिन्दू परम्परा में बांस को बहुत पवित्र माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान राम का धनुष और भगवान कृष्ण की बांसुरी बांस से ही बनाई गयी थीं। हरा बांस जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रासंगिक है। किन्तु बांस की अनुपलब्धता, कच्चे माल की कमी, प्लास्टिक के उपयोग ने बांस कार्य करने वाली जातियों को हाशिए पर ला दिया है। वे वर्तमान में आर्थिक बदहाली के शिकार हैं और काफी लोग सड़क के किनारे झोपड़ी बना कर रहने के लिए मजबूर हैं। डॉ. निर्मल ने बताया कि बांस की व्यापक खेती, बांस शिल्प कला बोर्ड गठित कर बांस कार्य को प्रोत्साहन तथा बांस की खेती के लिए इन वर्गो को पट्टे पर जमीन उपलब्ध करा कर इन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है। सम्मेलन में केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री जयवीर सिंह तथा असम राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ बांसफोड़ मुख्य रूप से सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### केजीएमयू नर्सिंग छात्र फिर धरने पर

**लखनऊ।** केजीएमयू में नर्सिंग छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर दोबारा धरना शुरू कर दिया है। दिव्यांशी यादव की मौत के बाद शुरू हुआ आंदोलन कुलपति के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया था, लेकिन छात्रों का आरोप है कि आश्वासन के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल सूचना राय भौमिक के इस्तीफे के बाद अब छात्र नर्सिंग डीन डॉ. अमिता पांडेय मिश्रा के इस्तीफे और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि इस्तीफे को मौखिक रूप से स्वीकार करने के बजाय लिखित प्रक्रिया पूरी की जाए। बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्यांशी की 19 सितंबर को वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हुई थी। छात्रों ने आरोप लगाया था कि तेज बुखार और डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बावजूद उसे समय पर छुट्टी नहीं दी गई। केजीएमयू प्रशासन ने इलाज और जांच कराए जाने की बात कही है और मामले की जांच जारी है। छात्रों ने हॉस्टल में स्वास्थ्य सुविधाओं और बीमार छात्रों से ड्यूटी कराए जाने का मुद्दा भी उठाया है।

### एसआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**लखनऊ।** एसआईआर के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय से चुनाव आयोग कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और इस्तीफे की मांग की। चुनाव आयोग कार्यालय के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया, जिससे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। कई कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। कांग्रेस ने पुलिस पर बदसलूकी और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया। बाद में कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया गया। प्रदर्शन को देखते हुए आयोग कार्यालय के आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए मतदाता सूची में बड़े स्तर पर बदलाव किया जा रहा है।

# एस ए अपार्टमेंट का पिलर गिरने से अफरातफरी

- डीएम व पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची
- करीब 150 लोगों को अपार्टमेंट से निकाला गया

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



**सीएम ने दिए लोगों को सुरक्षित निकालने के निर्देश**

वजीरगंज इलाके में लाल मस्जिद के पास मौजूद एसए अपार्टमेंट पूरी तरह से जर्जर हो गई है। कभी भी यह इमारत ढह सकती है। इस इमारत में सैकड़ों की संख्या में लोग रह रहे थे। सोमवार को जब इमारत का एक हिस्सा गिरने की खबर सीएम योगी तक पहुंची तो उन्होंने लोगों को सुरक्षित निकालने के निर्देश दिए। सीएम का निर्देश पाकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी राहत-बचाव कार्य में जुट गए। अफसरों ने बताय कि जरूरत पड़ी तो जर्जर भवन को गिराया जाएगा। इसके लिए आसपास के रास्तों को भी बंद कराया जाएगा।

राजधानी लखनऊ में बड़ा हादसा होते-होते बच गया। वजीरगंज इलाके में स्थित एसए अपार्टमेंट का एक पिलर गिर गया। बिल्डिंग पूरी तरह से जर्जर है। सड़क पर पिलर गिरने की सूचना पाकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में बैरीकेडिंग करके रास्ता को रोक दिया गया। जर्जर बिल्डिंग में करीब 100 से 150 लोगों के फंसे होने की सूचना है। राहत बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है। सभी को जर्जर बिल्डिंग से निकालने का काम शुरू करा दिया गया है। पिछले तीनों से हुई बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। इस दौरान कई जर्जर इमारतें धराशायी हो गई हैं। वजीरगंज इलाके में मौजूद एसए अपार्टमेंट भी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सोमवार दोपहर अचानक से बिल्डिंग का पिलर टूटकर सड़क पर गिर गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन की टीम को दी।

आनन-फानन में पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। बिल्डिंग में करीब 100 से 150 लोग फंसे थे, जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने राहत बचाव का काम शुरू कर दिया है। एहतियातन लोगों की आवाजाही रोकने के लिए पुलिस को सड़क पर बैरीकेडिंग भी करनी पड़ी। घटना की सूचना पाकर लखनऊ डीएम भी मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# सेवा संकल्प अभियान में स्वच्छता व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित





समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत सोमवार को जन भवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय परिसर और आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण कर स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय के 358 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने कबड्डी, खो-खो, टाइम सर्कल, ऑब्सटेकल तथा कंप्लीट सर्कल जैसी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, शारीरिक दक्षता, टीम भावना और खेल भावना को बढ़ावा देना रहा।

# भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी प्रासंगिक

- 'शास्त्र टू स्ट्रेटजी' पर हुआ विचार मंथन
- नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजन पर हर्ष का माहौल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




नेशनल पीजी कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक प्रबंधन और समकालीन जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से 'मंथन 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'शास्त्र टू स्ट्रैटेजी' और 'इंडियन विजडम फॉर मॉडर्न एक्सप्रेशन' की अवधारणा पर आधारित कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय शास्त्रों, परंपराओं और जीवन-दर्शन की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आधुनिक समाज, संगठनों और प्रबंधन के लिए आज भी उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करती है।

कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्रबंधक उज्ज्वल रमन सिंह और प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय ग्रंथों और विभिन्न चिंतन धाराओं में निहित सिद्धांत निर्णय लेने, नेतृत्व, नैतिक आचरण, समस्या समाधान और रणनीतिक सोच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आकाशवाणी, लखनऊ की प्रोग्राम हेड सुश्री सुमोना पांडेय रहीं। उन्होंने 'मंथन 2026' की पहल की सराहना करते हुए भारतीय ज्ञान और जीवन-दर्शन की निरंतर उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता और रामायण की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके मूल्य वर्तमान समय में निर्णय लेने, नेतृत्व, संबंधों, नैतिकता और दायित्वों के निर्वहन में मार्गदर्शन देते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राम कृष्ण जायसवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत दो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पहली प्रतियोगिता 'शास्त्र टू स्ट्रैटेजी' में विभिन्न विभागों की टीमों ने समकालीन कॉर्पोरेट समस्याओं का विश्लेषण कर भारतीय शास्त्रों से प्राप्त ज्ञान के आधार पर व्यावहारिक प्रबंधन रणनीतियां प्रस्तुत कीं। इसका निर्णयन प्रो. (डॉ.) अमित कुमार भांजा, डीन-मार्केटिंग ने किया। दूसरी प्रतियोगिता 'इंडियन विजडम फॉर मॉडर्न एक्सप्रेशन' में फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट की टीमों ने नृत्य के माध्यम से भारतीय कथाओं, पात्रों, मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं की रचनात्मक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता की निर्णायक सुश्री दिव्या उपाध्याय रहीं, जो प्रोग्राम डायरेक्टर होने के साथ कथक, समकालीन और लोक नृत्य की प्रशिक्षक एवं कोरियोग्राफर हैं। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक अभिव्यक्ति और व्यावहारिक जीवन से जोड़ने पर जोर दिया गया।

# एसआईआर पर रोक, सीईसी पर कार्रवाई की मांग

- लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों ने निकाला मार्च

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की संवैधानिक प्रक्रिया शुरू करने, चुनाव आयोग के भीतर सामने आए गंभीर मामलों की स्वतंत्र जांच कराने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में संयुक्त छात्र मोर्चा के बैनर तले छात्रों ने मार्च और प्रतिवाद सभा आयोजित की।

छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में मार्च निकाला और गेट नंबर 3 पर पहुंचकर सभा की। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची की पारदर्शिता, नागरिकों के मताधिकार की रक्षा और चुनाव आयोग की जवाबदेही की मांग उठाई।

आइसा लखनऊ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष शांतम निधि ने कहा कि जब चुनाव आयोग के ही दो सदस्य बार-बार लिखित रूप से प्रक्रियाओं और फैसलों पर गंभीर आपत्ति दर्ज कर रहे हैं, तब इन सवालों की स्वतंत्र जांच जरूरी है।

मतदाता सूची पर किसी भी तरह का संदेह सीधे नागरिकों के मताधिकार को प्रभावित करता है। हमारी मांग है कि जांच पूरी होने तक एस आई आर रोका जाए और जिम्मेदारी तय की जाए।

एनएसयूआई उत्तर प्रदेश के महासचिव शुभम खरवार ने कहा, ÷मतदान का अधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से हटना गंभीर मामला है।

### ग्रामीण सड़कों की मरम्मत का अभियान एक अक्टूबर से

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई ग्रामीण सड़कों की मरम्मत के लिए एक अक्टूबर से 10 नवंबर तक विशेष अभियान चलेगा। ग्रामीण जल सारथी ऐप पर सड़क की फोटो-वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेयजल योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को अभियान में क्षतिग्रस्त सड़कों को प्राथमिकता से निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान की नियमित निगरानी की जाए और लापरवाही मिलने पर संबंधित एजेंसी के साथ जिम्मेदार अभियंता की जवाबदेही तय की जाएगी।

# रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी ने मनाया 200वां गनर्स-डे

- स्मृतिका वॉर मेमोरियल पर अर्पित की श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



रेजिमेंट ऑफ़ आर्टिलरी ने लखनऊ में अपना 200वां गनर्स डे मनाया। इस मौके पर देश के लिए बहादुरी, बलिदान, प्रोफेशनलिज़्म और शानदार सेवा के दो सदियों के सफर का जश्न मनाया गया।

इस खास मौके पर आयोजित कार्यक्रमों के तहत, हेडक्वार्टर सेंट्रल कमांड के एमजी आर्टी, मेजर जनरल विक्रमजीत सिंह गिल ने रेजिमेंट ऑफ़ आर्टिलरी के पूर्व सैनिकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर स्मृतिका वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन बहादुर गनर्स को श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया और आर्टिलरी के उन सैनिकों की पीढ़ियों की शानदार विरासत को सम्मान दिया जिन्होंने बेहतरीन तरीके से देश की सेवा की है। इस समारोह के दौरान भारतीय सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने रेजिमेंट ऑफ़ आर्टिलरी के पूर्व सैनिकों और सभी रैंक के जवानों से बातचीत की। आर्मी कमांडर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे गनर समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# 150 किसानों ने लिया आत्मनिर्भरता का संकल्प

- गो-आधारित प्राकृतिक कृषि पर विचार-विमर्श

समृद्धि न्यूज
मलिहाबाद लखनऊ।



क्षेत्र में गौ-आधारित प्राकृतिक कृषि को जन-जन तक पहुँचाने और किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी बैठक का आयोजन किया गया। मित्र जीवन बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 150 किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक में कंपनी के डायरेक्टर उमाकांत गुप्ता ने मुख्य विषय रखते हुए किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि गो-आधारित कृषि से न केवल खेती की लागत कम होगी, बल्कि भूमि की उर्वरता और उत्पादों की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। उन्होंने स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के कुशल उपयोग से गांव को स्वावलंबी बनाने का मार्ग प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के पूर्व उपनिदेशक डॉ. पी.के. त्रिपाठी, भारत विकास परिषद के सर्वेश खरे व अनिल गुप्ता तथा जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने गो-संवर्धन और प्राकृतिक तकनीकों को अपनाने पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के अंत में गौशाला परिवार द्वारा किसानों से आह्वान किया गया कि वे खेती को केवल जीविकोपार्जन का जरिया न बनाकर समृद्धि का आधार बनाएं। संकल्प लिया गया कि यदि एक किसान बदलेगा तो खेत बदलेगा, और जब गांव बदलेंगे तो पूरे देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। सभी ने प्राकृतिक खेती अपनाने, गौ-संरक्षण करने और समृद्ध किसान-सशक्त गांव के निर्माण में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

**पहल** | सर्वाइकल कैंसर से बेटियों के बचाव के लिए चलेगा अभियान

# अब घर-घर लगाई जाएगी बेटियों को एचपीवी वैक्सीन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अब पात्र बेटियों तक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीन पहुंचाने के लिए घर-घर अभियान चलाया जाएगा।

प्रदेश में 25 लाख से अधिक बच्चियों को यह टीका लगाया जा चुका है। स्वास्थ्य केंद्रों पर चल रहे टीकाकरण से वंचित 14 साल की आयु पूरी कर चुकीं, लेकिन 15 साल से कम उम्र की बालिकाओं को घर जाकर वैक्सीन लगाने की तैयारी है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है।

राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत बालिकाओं को उनके माता-पिता की सहमति से सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निश्शुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है।

इसके लिए निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाएं पात्र हैं। सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों और जिला अस्पतालों में चिकित्सकों की निगरानी में टीकाकरण जारी है। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के लिए निर्धारित 25 लाख बच्चियों के टीकाकरण का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। अब घर-घर अभियान के जरिये छूटी हुई पात्र बालिकाओं तक पहुंचने की तैयारी है।

निजी अस्पतालों में एचपीवी वैक्सीन की कीमत अधिक होने के कारण कई परिवार इसका लाभ नहीं ले पाते। ऐसे में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ घर-घर निश्शुल्क टीकाकरण के जरिये इन परिवारों की बेटियों तक भी वैक्सीन पहुंचाने की योजना है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रदेश में 25 लाख बच्चियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य दिया था, जिसे पूरा कर लिया गया है। अब किसी कारण से टीकाकरण से छूटी पात्र बालिकाओं को वैक्सीन लगाने के लिए टीमें घर-घर जाएंगी।

एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। किशोरावस्था में समय पर एचपीवी टीकाकरण से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसी के तहत टीकाकरण के साथ जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

भारत में हर साल करीब 1.28 लाख महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के नए मामले सामने आते हैं। यह महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल करीब 80 हजार महिलाओं की इस बीमारी से मौत होती है। नए मामलों और मौतों के औसत के आधार पर करीब हर सात मिनट में एक महिला की जान जाती है।

# आदेशः अब खुली मिठाइयों पर भी एक्सपायरी डेट लिखना अनिवार्य

▸ उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य विभाग की पहल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

अब मिठाई खरीदने वाले उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और हितों को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नया शासनादेश लागू किया है। अब 15 अक्टूबर से विक्रय को प्रदर्शित एवं भंडारित मिठाइयों पर यूज बाई डेट यानी उपयोग की अंतिम तिथि लिखना अनिवार्य होगा। बता दें कि यह व्यवस्था विशेष रूप से उन खुली मिठाइयों को लेकर महत्वपूर्ण है, जिनके संबंध में अब तक उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करने का कोई अनिवार्य प्रविधान नहीं था। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की आयुक्त रोशन जैकब द्वारा जारी आदेश के अनुसार अलग-अलग मिठाइयों की उपयोग अवधि एक दिन से लेकर 30 दिन तक हो सकती है। विभाग का मानना है कि मिठाई की यूज बाई डेट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होने से उपभोक्ता को यह जानकारी मिल सकेगी कि संबंधित खाद्य पदार्थ का सेवन किस अवधि तक किया जाना उचित है। इससे खाद्य पदार्थ की ताजगी और गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ता अधिक जागरूक निर्णय ले सकेगा। वर्तमान व्यवस्था के तहत पैक्ड मिठाइयों पर अवसान तिथि अथवा 'यूज बाई डेट' अंकित किया जाना अनिवार्य है।



"मिठाई उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए शासनादेश प्राप्त हुआ है। जिसको पालन कराया जाएगा। जल्द विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रचार प्रसार कराया जाएगा। जिससे कि दुकानदारों को नियमों का पालन करने में कोई कठिनाई न आए।"
– विनीत कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय एवं अभिहित अधिकारी

### मिठाई की उपयोग अवधि 1 दिन से लेकर 30 दिन तक

आदेश में जिक्र किया गया है कि विगत कुछ समय में मिठाई प्रतिष्ठानों पर की गयी प्रवर्तन एवं निरीक्षण कार्यवाही के दौरान संज्ञान में आया है कि निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठानों में उपभोक्ता को मिठाई के विनिर्माण तिथि व उसके एक्सपायरी होने की तिथि के सम्बन्ध में जानकारी सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। खाद्य पदार्थ मिठाई की उपयोग अवधि मिठाई के प्रकृति के अनुसार 1 दिन से लेकर 30 दिन तक होती है। खाद्य पदार्थ मिठाई की गुणवत्ता एवं ताजापन समय बीतने के साथ प्रभावित होता है, जिसकी जानकारी उपभोक्ता को मिठाई क्रय करते समय होना स्वास्थ्य हित में आवश्यक है। पैक्ड मिठाइयों में एक्सपायरी तिथि अंकित किया जाना अनिवार्य है, लेकिन खुली मिठाईयों के सन्दर्भ में कोई अनिवार्य प्राविधान नहीं है।

### जानलेवा हमला का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा स्थानीय पर पंजीकृत जानलेवा हमला से सम्बन्धित मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एसपी के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान अपराध रोकथाम व गिरफ्तारी वांछित अभियुक्त के क्रम में थाना सदर बाजार ने गोविन्द अवस्थी निवासी ख्वाजा फिरोज थाना रामचन्द्र मिशन द्वारा तहरीर जाबिर, अजय, लगभग आधा दर्जन साथी नाम पता अज्ञात द्वारा एक राय होकर वादी के सिर पर धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में दी गयी। मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियोग में नामित अभियुक्त अजय जोशी पुत्र पप्पू निवासी बीबीजई हद्दफ थाना सदर बाजार को उसके घर के पास, मोहल्ला बीबीजई हद्दफ से समय 11.22 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बेंच बरामद की गई।

## आंगन मिलन समारोह हनुमतधाम में आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प के अंतर्गत आंगन मिलन समारोह हनुमतधाम में आयोजित किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने और लाभार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक उड़ान एक उम्मीद संस्था की अध्यक्ष और भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता नीलम गुप्ता ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आशा वर्कर और उनकी सहायिकाओं को साड़ी मिठाई भेंट स्वरूप प्रदान की। आंगनबाड़ी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि के रूप में चन्द्रशेखर खन्ना रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा पदाधिकारी एवं चन्द्रशेखर खन्ना ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। भारत माता के उद्घोष से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो उठा, महानगर उपाध्यक्ष एवं सेवा संकल्प के संयोजक वैभव खन्ना को पटका ओढ़ाकर नीलम गुप्ता ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में हनुमत धाम मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष वर्षा अवस्थी, चैक मंडल अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, आंगन मिलन कार्यक्रम संयोजक रुचि गुप्ता, हनुमत धाम मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष नलिनी ओमर, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमा अग्रवाल, पुनीत मिश्रा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की गरिमामई उपस्थिति रही। बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में बहुत सहयोग किया बच्चों को चिप्स फूटी मिठाई आदि भेंट की गई।



## एससी-एसटी आयोग सदस्य ने अधिकारियों संग की समीक्षा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुण्डे ने रविवार को सुभाष चंद्र बोस सामुदायिक भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और अत्याचार निवारण से जुड़े प्रकरणों की प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में डीडीओ, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान स्वच्छता कर्मियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर आयोग सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को समय से वेतन भुगतान और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद में 1081 का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके सापेक्ष 1063 विवाह संपन्न कराए जा चुके हैं। इनमें 377 लाभार्थी अनुसूचित वर्ग से हैं। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में 2242 लाभार्थियों में से 1340 को भुगतान किया जा चुका है, जबकि 902 के भुगतान लंबित हैं। अत्याचार से पीड़ितों को आर्थिक सहायता योजना के तहत कुल 214 प्रकरणों में 286 पीड़ित चिन्हित हैं। इनमें हत्या के 6, दुष्कर्म के 4 और अन्य अत्याचार के 176 मामले शामिल हैं। अब तक 159 पीड़ितों को 175 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है, जबकि 96 प्रकरणों में 127 पीड़ितों के लिए 259 लाख रुपये की मांग लंबित है। इसके अलावा शादी अनुदान योजना में 800 के लक्ष्य के सापेक्ष 842 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 212 लाभार्थियों को 42.40 लाख रुपये का अनुदान दिया गया। वृद्धावस्था एवं किसान पेंशन योजना में 1.06 लाख लाभार्थियों को लाभ दिया गया है, जिनमें 20,942 अनुसूचित वर्ग के हैं। पीएम अजय योजना के तहत 216 ग्राम चयनित किए गए हैं, जिनमें 62 गांवों में कार्य पूर्ण हो चुका है। आयोग सदस्य ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति से जुड़े प्रकरणों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर पात्रों को शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए।



## खबरें एक नजर में

### ज्ञापन आज

शाहजहांपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने बताया आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन-सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के आवाहन पर 12 सूत्रीय मांगों के वावत धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन 29 सितम्बर मंगलवार खिरनी बाग रामलीला मैदान में जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। उन्होंने समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। यह जानकारी सन्त कुमार विश्वकर्मा जिलामंत्री ने दी।

### दहेज प्रताड़ना में विवाहिता की आत्महत्या, वांछित गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 19 अगस्त 2026 को वादी छत्रपाल सिंह निवासी लाल तप्पड़, डोईवाला, देहरादून ने तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री सलोनी से



ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज में प्लाट की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न करने पर पति शिवम राठौर, ससुर कमलेश राठौर, सास राजकुमारी उर्फ अन्नू और देवर सागर राठौर निवासी मोहल्ला हुसैनपुरा, हनुमतधाम, कोतवाली द्वारा उसे ताने देने, खाने-पीने, कपड़े व दवाई के लिए परेशान करना तथा शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जिसके चलते 18 अगस्त को सलोनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। तहरीर पर थाना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज किया गया था। 28 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त सागर राठौर पुत्र कमलेश राठौर को सीएमओ कार्यालय तिराहा, चैकी क्षेत्र के पास से सुबह करीब 11.30 बजे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीव कुमार व रिक्रूट कांस्टेबल दीपक की टीम ने की।

### बिजली के पोल से करंट लगने पर गर्भवती भैंस की मौत

रोजा, शाहजहांपुर। रोजा के बिलंदपुर में बारिश के बाद गांव में जलभराव की समस्या बढ़ गई है। सोमवार की दोपहर ग्राम पंचायत बिलंदपुर में एक हादसा हो गया। विद्युत के पोल में अचानक करेंट आ जाने से एक ग्रामीण की गर्भवती भैंस की मौके पर मौत हो गई। बिलंदपुर के राजीव सिंह सोमवार को अपने पशुओं को घास चराने के लिए लेकर निकले थे। इसी दौरान जलभराव वाले रास्ते में बिजली के पोल के संपर्क में आने से एक भैंस को अचानक करंट लग गया। करंट लगने के बाद भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद जलभराव वाले स्थानों पर बिजली के पोल और तारों से करंट उतरने का खतरा बना हुआ है। लेकिन विद्युत विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जलभराव वाले क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था की जांच करने की गुहार लगाई है। राजीव ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रोजा थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत पर फसल देखने जा रहा किशोर गड्ढे में डूबा, मौत

शाहजहांपुर। खेत पर फसल देखने जा रहा युवक का पैर फिसलने से तालाब में जा गिरा, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मौके पर जाकर देखा, और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को निकलवाया। जिसके बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव खमरिया में रविवार को खेत में फसल देखने के लिए घर से निकले 16 वर्षीय किशोर कि रास्ते में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। गांव वालों को खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम खमरिया निवासी अभय प्रताप सिंह पुत्र राजकुमार उम्र करीब 16 वर्ष रविवार सुबह अपने खेत में लगी फसल देखने के लिए घर से निकला था। बताया गया कि खेत की ओर जाते समय रास्ते में बने गड्ढे में पानी भरा था, इसी दौरान अचानक पैर फिसल गया, जिससे अभय प्रताप गहरे पानी में जा गिरा और डूब गया। घटना की सूचना 112 पीआरबी को दी। इसके बाद थाना गढ़िया रंगीन पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओम प्रकाश पुलिस टीम के साथ ग्राम खमरिया पहुंचे और घटना की जानकारी। किशोर की मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लिया। मृतक के नाना महेश सिंह चैहान पुत्र बृजपाल सिंह निवासी खमरिया की तहरीर प्राप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया हैं। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



### शहीद भगत सिंह के जन्म दिवस पर समाजसेवियों ने किया रक्तदान

बंडा, शाहजहांपुर। बिलसंडा रोड स्थित सुनासीर नाथ कॉलोनी में हरप्रीत सिंह के आवास पर शहीद भगत सिंह का जन्मदिन मनाया गया और उसके बाद 14 समाजसेवी लोगों ने रक्तदान किया। राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर से आई छाया सक्सेना के द्वारा कैंप लगाया गया। जिसमें अंकुल बंसल, कुलबीर सिंह, मनोज कुमार, सुधांशु पटेल, बलजिंदर सिंह, जिंदर पाल, सुधांशु शुक्ला, अमरीक सिंह, गोपाल जयसवाल, नबी शान, संदीप सिंह, कमलजीत कौर, सुखचैन सिंह, अखिलेश कटियार ने रक्तदान किया।



## पुलिस ने मायके पक्ष को दिया कार्रवाई का आश्वासन

▸ पुलिस के आश्वासन के बाद शव का कराया दाह संस्कार

समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।

गांव बबक्करपुर में मृतका के मायका पक्ष का बवाल करने की सूचना पाकर मौके पर भारी पुलिस टीम के साथ पहुँचकर थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने मृतका के शव का अपनी मौजदगी में दाह संस्कार कराया।

बबक्करपुर निवासी पवन कुमार हद्दफ चैकी क्षेत्र में बने अपने मकान पर 20 वर्षीय पत्नी शालू के साथ रहकर कार पेंटर का कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण कर 5 माह पहले ब्याह कर लाई गई पत्नी के साथ सुखी जीवन जीने लगा। रविवार की शाम करीब 5 बजे किसी बात पर शालू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी सूचना पाकर थाना पिहानी हरदोई के गाँव अंडा इब्राहिमपुर निवासी राम सेवक अपनी पत्नी जयदेवी भाई छंगा लाल के अलावा काफी लोगो को लेकर देर शाम जिला मुख्यालय पहुंचकर डेरा डाल दिया। सोमवार को पीएम होने के बाद पवन कुमार अपनी पत्नी के शव का दाह संस्कार करने के लिए दोपहर करीब 3 बजे गाँव लेकर पहुंचा वहीं साथ में आये मृतका शालू के पिता राम सेवक माँ जय देवी चाचा छंगा लाल ने मृतका को देखने आये रिश्तेदारों के साथ मिलकर पवन कुमार के परिजनों को जब तक जेल नहीं भेजा जायेगा। तब तक दाह संस्कार नहीं होगा। कहकर हंगामा मचा दिया। जिसकी सूचना पाकर थाने से भारी पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने मायका पक्ष को भरपूर कार्यवाही का भरोसा देकर मृतका के शव का दाह संस्कार करा दिया।



### मेला में 28 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार




शाहजहांपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा ओशो ध्यान-विज्ञान महाविद्यालय म्यूना खुदागंज परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में पिलप कार्ड, स्टार ग्रुप आफ मैन पावर सप्लाई, निमसन हर्बल सार्क्स टेलेन्ट हायर सर्विसेज, कंबर हेल्थ नर्सेस, जेपीवीएमजी लिमिटेड, बूसा मैनेजमेन्ट सहित निजी क्षेत्र की 10 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया। उक्त मेले में अत्यधिक बारिश के बाबजूद भी 88 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से साक्षात्कार के उपरान्त विभिन्न पदों के लिए 28 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उपरान्त चयन किया गया। रोजगार मेला में संस्थान के प्रबन्धक वीरेन्द्र कुमार, प्राचार्य डा. राजीव सक्सेना एंव उनके स्टॉफ सहयोग रहा। जिला सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी नवनीत शुक्ला, विश्वमोहन, राकेश चन्द्र, गोपाल सिंह आदि रोजगार मेले में उपस्थित रहे।

### मदरसा परीक्षाओं में सत्रांक व्यवस्था में समानता की मांग

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी-मौलवी एवं आलिम परीक्षाओं में सत्रांक व्यवस्था में एकरूपता लाने की मांग उठी है। अरबी-फारसी मदारिस एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने इस संबंध में मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में 30 अंक तथा इंटरमीडिएट में निर्धारित विषयों में 20 अंक के आंतरिक मूल्यांकन, सत्रांक की व्यवस्था है, जबकि मदरसा परिषद में मुंशी-मौलवी में 20 अंक और आलिम में केवल वैकल्पिक विषयों में 30

▸ एसो. ने रजिस्ट्रार को भेजा पत्र

अंक के सत्रांक की व्यवस्था है। इससे समान स्तर की परीक्षाओं में असमानता बनी हुई है और विद्यार्थियों को समान मूल्यांकन का अवसर नहीं मिल पा रहा है। एसोसिएशन ने मांग की है कि मदरसा परीक्षाओं में भी हाईस्कूल-इंटर के समान पारदर्शी सत्रांक व्यवस्था लागू की जाए तथा मदरसा स्तर पर सत्रांक देने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि सभी मदरसों में एक समान प्रक्रिया अपनाई जा सके। अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने रजिस्ट्रार से आगामी परीक्षाओं से पूर्व नियमों में संशोधन की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग उप्र शासन और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण लखनऊ को भी भेजी गई है।

## खुटार-मैलानी मार्ग के मध्य कठिना नदी रपटा पुल का विधायक ने किया निरीक्षण

पुवायां, शाहजहांपुर। विधानसभा क्षेत्र की एक गंभीर और जनहित से जुड़ी समस्या को लेकर विधायक चेतराम ने सक्रियता दिखाते हुए खुटार-मैलानी मार्ग के मध्य कठिना नदी के रपटा पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। भारी बरसात होने पर कठिना नदी का जलस्तर बढ़ जाता है और पानी रपटा पुल के ऊपर लगभग 4-5 फिट ऊपर से बहने लगता है। ऐसी स्थिति में आम जनमानस, स्कूली बच्चों, किसानों, राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार तो घंटों तक आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है, जिससे लोगों की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। इस समस्या की जानकारी मिलते ही विधायक चेतराम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी परेशानियों को सुना। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



## परिवार परामर्श केंद्र में 25 मामलों की सुनवाई 3 दंपति हंसी-खुशी साथ रहने को राजी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

एसपी के निर्देशन में रविवार को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। केंद्र पर कुल 25 पत्रावलियों पर सुनवाई हुई, जिसमें काउंसलिंग के बाद 3 बिछड़े दंपतियों में समझौता हो गया और उन्हें सकुशल विदा किया गया। पहला मामला थाना सदर बाजार का है, जहां पर शादी को 2 साल हुए थे, पत्नी 4 माह से मायके में थी। पति का कहना था ऑपरेशन से हुई बेटी की मौत के बाद मतभेद हो गए। पत्नी ने शराब पीकर मारपीट और खर्चा न देने का आरोप लगाया। समझाने पर दोनों साथ रहने को तैयार हो गए। दूसरा मामला थाना सेहरामऊ दक्षिणी का है। यहां पर 8 साल पहले शादी हुई, 3 बच्चे हैं। पत्नी 3 माह से मायके में थी। शराब पीकर मारपीट की शिकायत पर पति ने मारपीट न करने और पत्नी-बच्चों को लेकर अलग रहने की बात कही, जिसके बाद समझौता हो गया। तीसरा मामला थाना पुवायां का है। जिसमें 4 साल पहले शादी हुई, एक बेटा है। पत्नी 1 साल से मायके में थी। मारपीट के आरोपों पर दोनों पक्षों को समझाया गया तो दोनों साथ रहने को राजी हो गए। इस दौरान प्रभारी परामर्श केंद्र म.उ.नि. मधु यादव, मुख्य आरक्षी चंद्रकांता, महिला आरक्षी निशा, रश्मि चैधरी, नेहा चैहान, मोनिका कुमारी, पिंकी आदि मौजूद रहीं।



## विभागीय लापरवाही में लटकी 63 लाभर्थियों के आवास की किस्त

▸ पांच छह माह से डूडा दफ्तर में चक्कर काट रहे पात्र लाभार्थी

शाहजहांपुर। केंद्र सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना विभागीय हीलाहवाली के चलते धरातल पर पात्र लाभर्थियों के लिए मुसीबत बनी हुई है। जिस कारण जिन लाभार्थियों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त खातों में पांच छह महीने पहले आनी थी, वो गलत बैंक खाता फीडिंग के चलते अधर में लटकी हुई है और पात्र लाभार्थी डूडा दफ्तर में चक्कर लगा रहे हैं। उनको मिल रही है, सिर्फ तारीख पे तारीख। बता दें कि जनपद में डूडा आफिस के द्वारा शहरी क्षेत्र में रहने वाले बेघरों को छत मुहैया कराने के लिए पीएम आवास योजना के अंतर्गत ढाई लाख रुपए की धनराशि दी जाती है, लेकिन आफिस में डाटा फीडिंग करने वाले कार्मिकों की लापरवाही के चलते 63 लोगों के गलत खाता फीड कर दिए गए है। जिस कारण पात्रों का पैसा शासन स्तर पर फाइलों धूल फांक रहा है। पात्र लोग महीनों से आफिस आफिस किस्त पाने को भटक रहे हैं। एडीएम प्रशासन/पीओ डूडा रजनीश मिश्रा ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं है। अगर पात्रों का पैसा कही पर रुका हुआ है, तो जल्द इसको लेकर शासन से पत्राचार कर किस्तों को खातों में भिजवाया जाएगा।




## आयुर्वेद दिवस सप्ताह में सेवाभावी चिकित्सकों का सम्मान

▸ रेडक्रॉस ने मेडल, शाल व प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया चिकित्सकों का मनोबल

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

ग्यारहवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के जनजागरण सप्ताह के क्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर स्थित रेड क्रॉस कार्यालय में आयुर्वेद चिकित्सकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार एवं जिला चिकित्सालय के आयुष विभाग के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुशवाह को आयुर्वेद चिकित्सा एवं जनसेवा में योगदान के लिए रेड क्रॉस का मेडल पहनाकर, शाल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि मानव सेवा एवं जनस्वास्थ्य रेड क्रॉस की मूल भावना है। सेवाभावी चिकित्सकों का सम्मान उनका मनोबल बढ़ाने के साथ ही उन्हें भविष्य में और अधिक निष्ठा से जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। आयुर्वेद दिवस सप्ताह का उद्देश्य आयुर्वेद के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और सरकारी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जनपद में आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार-प्रसार एवं जनसेवा की गतिविधियों को और गति मिलेगी। उन्होंने जिला प्रशासन तथा क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने रेड क्रॉस को इस अभियान में सहभागी बनाकर सेवा का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, राजीव शर्मा, डॉ. एस.पी. कौशल, डॉ. हितेश गुप्ता, डॉ. रवि सक्सेना, डॉ. आर.पी. सक्सेना, बृजेश गुप्ता, अमरीश सक्सेना सहित उपस्थित थे अंत में डॉ विजय जौहरी ने सभी चिकित्सकों के सहयोग के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया।



## अतिवृष्टि से फसलों व मजदूर परिवारों को नुकसान

▸ सर्वे कराकर मुआवजे की मांग

शाहजहांपुर। पूर्व विधायक प्रत्याशी नगर शाहजहांपुर राहुल मोहन उर्फ रचित मोहन सक्सेना एडवोकेट ने डीएम को दिए पत्र में बताया जनपद में हुई भारी बारिश एवं अतिवृष्टि से किसानों की खड़ी फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। जलभराव एवं फसल बर्बादी के कारण किसान गंभीर आर्थिक संकट में हैं। इसी प्रकार गरीब एवं दिहाड़ी मजदूर परिवारों की झोपड़ियों, कच्चे मकानों, घरेलू सामान तथा आजीविका को भी दैवीय आपदा से क्षति पहुंची है। इन परिवारों को तत्काल राहत एवं अनुमन्य मुआवजे की आवश्यकता है। इस संबंध में राहुल ने मांग की गई है कि प्रभावित ग्रामों में राजस्व, कृषि एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें भेजकर तत्काल निष्पक्ष एवं पारदर्शी सर्वे तथा ग्रामवार पंचनामा कराया जाए। सर्वे के आधार पर पात्र किसानों को फसल क्षति का मुआवजा और प्रभावित मजदूर परिवारों को मकान, घरेलू सामान व आजीविका की क्षति हेतु नियमानुसार राहत, मुआवजा शीघ्र दिलाया जाए। साथ ही गंभीर रूप से प्रभावित परिवारों को अंतरिम राहत उपलब्ध कराने तथा सर्वे एवं मुआवजा वितरण की प्रक्रिया की नियमित निगरानी कर समयबद्ध सहायता सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है।

# गर्रा-खन्नौत उफनाई, नाव पर सवार हो बाढ़ शरणालय पहुंचे लोग

▸ लोदीपुर पार्षद ने 88 लोगों को नाव से रेस्क्यू कर शेल्टर होम पहुंचाया

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**





एक बार बेमौसम बरसात से आमजन अस्त व्यस्त हो गया है। वही शहर की गर्रा व खन्नौत नदी के आसपास रहने वाले लोगों के घरों तक बारिश का पानी जा पहुंचा है। जिस कारण लोग घरों से पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं, हर कोई बस यही कह रहे हैं कि कब जलस्तर कम होगा और घरों में उनकी वापसी होगी। महानगर के मोहल्ला लोदीपुर में एक बार फिर से खन्नौत का पानी सैकडों घरों में घुस गया है। जिसके बाद पार्षद रुपेश वर्मा अन्नू ने अपने वार्डवासियों को मदद को आगे हाथ बढ़ाया है। उन्होंने नाव के सहारा लगभग 88 लोगों को रेस्क्यू कर लोदीपुर के एनटीआई स्कूल में बने बाढ़ शरणालय पहुंचाया है। वहां उनके रहने खाने का बंदोबस्त कराया गया है। डीएम के निर्देश पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने एसडीएम सदर अतुल सिंह के साथ निरीक्षण किया। जहां उन्होंने हनुमत धाम के पीछे खेतों में पानी भरा, ख्वाजा फिरोज कॉलोनी में कुछ घरों तक आ पानी, अभी रोड पर पानी नहीं आदि स्थिति देखी।ककरा पुल पर गर्रा नदी में जलस्तर में वृद्धि देखी गई है। डैम रोड का भी निरीक्षण में रोड पर कहीं भी पानी नहीं है। एबीसी सेंटर के सामने पानी का जल भरा हुआ है, केयर टेकर को पशुओं को निकालने हेतु सख्त निर्देश। रायखेड़ा से होते हुए नगरिया मोड़, सुभाष नगर का निरीक्षण किया गया।

> गर्रा-खन्नौत नदी का जलस्तर बढ़ा है। कुछ जगहों पर पानी पहुंचा है, वहां के लोगों को रेस्क्यू कराकर शेल्टर होम भिजवाया जा रहा है। लगातार वीसी के माध्यम से बैठक कर दिशा निर्देश दिए गए हैं। सभी टीमों को नदी के पानी से प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय कर दिया गया है। मेरे द्वारा निरंतर जलस्तर की रिपोर्ट पर नजर रखी जा रही है। नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने व उनकी सुरक्षा को लेकर नगर निगम कटिबद्ध है।
>
> **- सौम्या गुरुरानी, नगर आयुक्त**

### खतरे के निशान ऊपर बह रही रामगंगा

प्रभारी अधिकारी शारदा नहर खंड की रिपोर्ट मुताबिक पहाड़ी क्षेत्रों एवं जनपद में हुई भारी वर्षा से जनपद में प्रवाहित होने वाली नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है जिसके क्रम में रामगंगा नदी पर स्थित डबरी घाट का जलस्तर 137.48 मीटर रिकार्ड किया गया है, जोकि खतरे के निशान 137.30 मीटर से 0.18 मीटर ऊपर बह रही है। वर्तमान में नदी की प्रवृत्ति बढ़ने की है। रामगंगा नदी से मुख्यत: तहसील परशुरामपुरी एवं कलान का क्षेत्र प्रभावित होता है रामगंगा नदी के तटीय, डूब क्षेत्र में रहने वाले जनमानस को सतर्क करते हुए जलस्तर बढ़ने पर आवश्यक तैयारियों हेतु सम्बंधित विभागों को निर्देशित करने को कहा गया है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस से एक महिला की कटकर दर्दनाक मौत, एक घायल



▸ एक दर्जन से अधिक बकरियां भी कटीं, छह मिनट रुकी ट्रेन

▸ बकरी चराने के दौरान रेलवे ट्रैक पर हुआ बड़ा हादसा

**समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।**

बकरियां चराने के दौरान रेलवे ट्रैक पर पहुंची बकरियों को बचाने के चलते एक महिला की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक महिला घायल हो गई। इस दौरान दर्जन भर से ज्यादा बकरियां भी कट गईं। हादसे के बाद छह मिनट तक ट्रेन मौक पर रुकी रही। बाद में ट्रेन तिलहर स्टेशन पर रोककर चालक ने मेमो दिया। घटना के आधा घंटे बाद डायल 112 मौक पर पहुंची, जबकि कोतवाली से एक दारोगा डेढ़ घंटे बाद मृतका के गांव पहुंचे। जानकारी के मुताबिक सोमवार को गांव फिरोजपुर की चार महिलाएं अपरान्ह करीब ढाई बजे बकरियां चराने निकली थीं। गांव के उत्तर स्थित रेलवे फाटक से पूर्व की ओर बकरियां चरते हुए रेलवे ट्रैक पर जा पहुंची। अप लाइन पर आ रही ट्रेन की चपेट से बकरियों को बचाने के चलते ट्रैक पर पहुंची एक महिला की कटने से दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक महिला ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गई। अन्य दो महिलाएं ट्रैक से दूर होने के चलते बच गईं। इस दौरान दर्जन भर से ज्यादा बकरियों की भी कटने से मौत हो गई। रेलवे फाटक पर तैनात गेट मैन ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से यह हादसा हुआ। जो हादसे के बाद अपरान्ह चार बजकर 44 मिनट से छह मिनट तक रुकी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृत महिला के क्षत विक्षत शव को परिजन उठा ले गए। वहीं घायल महिला की भी परिजन गांव ले गए। घटना की सूचना के करीब आधा घंटे बाद डायल 112 पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि वह पहले रूजुवारी फाटक समझ कर वहां चले गए। बाद में दुरुस्त जानकारी कर वहां पहुंचे हैं। घटना के बारे में पूँछने पर कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि हादसे की जानकारी हो गई है। पुलिस मौक के लिए रवाना हो गई है। घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद छह बजकर 10 मिनट पर एसआई मोहित तंवर गांव निजी कार से गांव फिरोजपुर पहुंचे। मृतक महिला की शिनाख्त गांव फिरोजपुर निवासी मुन्नी देवी 5 पत्नी वेद प्रकाश के रूप में हुई। जबकि घायल महिला का नाम नन्ही देवी 55 पत्नी गया प्रसाद बताया गया। घटना से गांव में पसरे सन्नाटे को मृतका की अविवाहित बेटी व बेटे की चीखें चीर रही थीं। इस हादसे से हर शख्श की आंखें नम हो गईं। उधर तिलहर रेलवे स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चार बजकर 50 मिनट पर तिलहर स्टेशन पर दो मिनट के लिए रोककर चालक द्वारा मेमो दिया गया। तदोपरांत ट्रेन गंतव्य को रवाना हो गई।

## खबरें एक नजर में

### तेज बारिश-आंधी से धान-गन्ना फसल को नुकसान



**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुवायां क्षेत्र में असमय हुई बारिश और तेज हवाओं से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। भाजपा विधायक चेतराम एडवोकेट ने एसडीएम सदानंद सरोज को पत्र देकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। एसडीएम को दिये पत्र में विधायक चेतराम ने बताया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में असमय बारिश एवं तेज गति से चली हवाओं के कारण किसानों की धान व गन्ने की फसल गिरकर बर्बाद हो गई है, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। विधायक चेतराम ने मांग की है कि राजस्व विभाग से सर्वे कराकर जिन किसानों की धान व गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा है, उन्हें अतिशीघ्र मुआवजा दिलाया जाए।

### 80 घंटे से नहीं आई बिजली, ग्रामीणों में आक्रोश




**कांट, शाहजहांपुर।** जलालाबाद विद्युत उपकेंद्र के अफतियापुर फीडर से जुड़े नगलाजाजू गांव में शुक्रवार की दोपहर ग्यारह बजे से सोमवार की शाम सात बजे तक 80 घंटे बीतने के बाद भी लाइट न आने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने गांव में एकजुट होकर विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत कर्मचारियों की उदासीनता के चलते तीन दिन बाद भी गांव की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई।जबकि अफतियापुर फीडर से जुड़े अन्य गांवों की सप्लाई चालू कर दी गई।ग्रामीणों ने बताया कि इस लाइन पर गांव से पहले कोई पोल भी नहीं टूटा फिर भी सप्लाई सामान्य नहीं हो पाई इससे उपभोक्ताओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं।घरों में विद्युत चालित यंत्र भी ठप पड़े हैं। एसडीओ सौरभ शाक्य ने बताया कि जलालाबाद विद्युत उपकेंद्र से जुड़े फीडरों के 17 पोल टूटे हैं।कुछ ब्रांचों की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। टीमें लगी है संभवत: कल तक स्थिति नॉर्मल हो जायेगी।

### गैस सिलेंडर में आग लगने से हड़कंप, दमकल ने पाया काबू



**तिलहर-शाहजहांपुर।** खाना बनाते समय अचानक गैस रिसाव होने से आग लग गई। सिलेंडर तक आग पहुंचने से घर में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल टीम व पुलिस आग पर काबू पाया। और बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 12 बजे मोहल्ला बारहदरी निवासी तहसीम पुत्र मच्छन खां के घर उनकी माता रुखसार खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख परिवार के लोगों ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद सिलेंडर में लगी आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग पर काबू पाए जाने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

### मैलानी-नानपारा छोटी रेल लाइन बंद



**लखीमपुर-(खीरी)।** मैलानी-नानपारा छोटी रेल लाइन बंद होने से क्षेत्र के व्यापारी, गरीब वर्ग और आम यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। रेल सेवा बंद होने के कारण दर्जनों छोटे-बड़े कस्बों और सैकड़ों गांवों का सीधा रेल संपर्क प्रभावित हो गया है। रेल सेवा क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का सस्ता और सुगम साधन रही है। ट्रेनें बंद होने से यात्रियों को अब निजी वाहनों और महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसका असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है, क्योंकि दूर-दराज के गांवों और कस्बों से आने वाले ग्राहक व व्यापारी प्रभावित हुए हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि राज्य सरकार के साथ केंद्र सरकार भी इस क्षेत्र की समस्या पर अपेक्षित ध्यान नहीं दे रही है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों और सरकार से मैलानी-नानपारा रेल मार्ग की समस्या का स्थायी समाधान कराने तथा रेल संपर्क बहाल करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेल सेवा बहाल होने से क्षेत्र के हजारों यात्रियों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण आबादी को बड़ी राहत मिल सकती है।

### तीन दिन से बिजली-पानी संकट, लोगों ने रोड किया जाम



**लखीमपुर।** शहर में तीन दिन से बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों का आक्रोश सोमवार को सड़क पर फूट पड़ा। बिजली संकट से पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो गई है। गणेश नगर, कमलापुर और उदयपुर मोहल्ले के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए लखीमपुर-गोला मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई और आवागमन प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि तीन दिन से बिजली नहीं आने के कारण घरों में पानी का संकट गहरा गया है। लोगों को पीने के पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। सूचना पर सदर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। लोगों ने जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की।

### गणपति महोत्सव के बाद भंडारा आज

**पीलीभीत।** युवा जागृति परिषद के तत्वावधान में आयोजित श्री गणेश चौथ महोत्सव के समापन के बाद मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। डिग्री कॉलेज चौराहे के निकट स्थित ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में बनाए गए पंडाल में होने वाले भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार भंडारा दोपहर करीब दो बजे शुरू होगा और प्रभु इच्छा तक चलता रहेगा। परिषद की ओर से इस वर्ष 14 सितंबर से श्री गणेश चौथ महोत्सव का आयोजन किया गया था। करीब 12 दिनों तक चले महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न धार्मिक एवं भक्तिमय कार्यक्रम हुए। महोत्सव के अंतिम चरण में 25 सितंबर को गणपति बप्पा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। भारी बारिश के बीच भी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### बाजार जाते समय युवक पर हमला, तीन के खिलाफ केस दर्ज

**मोहम्मदी , लखीमपुर।** क्षेत्र के गांव अटसार में पुरानी रंजिश के चलते बाजार जाते समय युवक को घेर कर लाठी डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया परी जिन्होंने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भर्ती कराया डॉक्टर ने हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल रेफर किया है। गांव अटसार निवासी रामपाल ने बताया साइकिल से गांव की बाजार जा रहा था तभी रास्ते में गांव के कुलदीप,बाकें और रोशन ने घेर कर गाली गलौज करते हुए डंडों से हमला कर दिया जिससे उसके सर में गंभीर चोटें आ जाने पर जान से मार डालने की भाग निकले परिजनों ने इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया है। पुलिस ने मामले में नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शिव बहादुर सिंह को सौंपी है।

## पॉक्सो जागरूकता को चित्रों में उकेरा

▸ विद्यार्थियों ने दिखवाई रचनात्मक प्रतिभा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संकाय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों एवं उसके कानूनी परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विधि अध्ययन संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी चित्रकारी के माध्यम से बाल संरक्षण एवं पॉक्सो कानून के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में बी.ए.एल-एल.बी. प्रथम सत्रांश की विदुषी सिंह ने प्रथम स्थान, बी.ए.एल-एल.बी.सप्तम सत्रांश की इकरा खान ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए.एल-एल.बी. प्रथम सत्रांश की राशि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अक्षरा शर्मा, बी.ए.एल-एल.बी. प्रथम सत्रांश को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनिल कुमार, श्री प्रदीप कुमार सिंह एवं सुश्री रूपल मिश्रा शामिल रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दीप्ति गंगवार, श्रीमती रंजना खंडेलवाल एवं डॉ. ज्योत्सना गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. जय शंकर ओझा, डॉ. पवन गुप्ता, डॉ. अशोक सहित अन्य शिक्षकगण की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ-साथ बाल यौन अपराधों की रोकथाम, बच्चों की सुरक्षा तथा कानूनी जागरूकता का संदेश दिया गया। विधि अध्ययन संकाय द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को कानून के व्यावहारिक एवं सामाजिक पक्ष से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## सीओ सदर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नाव से भ्रमण कर लिया जायजा

▸ आमजन को सतर्क एवं सुरक्षित रहने के लिये किया जागरूक



**रोजा, शाहजहांपुर।** सीओ सदर व थाना प्रभारी रोजा ने सोमवार की शाम क्षेत्र के थाना रोजा क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा नाव के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचकर जलभराव की स्थिति, आमजन की सुरक्षा एवं पुलिस व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के आमजन से सतर्क एवं सावधान रहने तथा अनावश्यक रूप से जलभराव वाले स्थानों पर न जाने की अपील की गई। इसके उपरांत थाना रोजा क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा पुलिसकर्मियों को बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने, आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण एवं निगरानी रखते हुए आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर।**



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कांग्रेस भवन से पैदल मार्च निकाला। जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे और नारेबाजी की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। प्रदर्शन के बाद कचहरी गेट पर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में रवि तिवारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गरीब पटरी दुकानदार व्यापारियों को कोई नहीं हटाएगा: विधायक रोमी

**लखीमपुर खीरी।** स्टेशन रोड के खोखा-रेहड़ी व पटरी व्यापारियों को पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से हटाने के नोटिस जारी होने के बाद व्यापारियों में चिंता बढ़ गई। प्रभावित व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में विधायक रोमी साहनी से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। विधायक रोमी साहनी ने व्यापारियों को आश्वासन देते हुए कहा, ÷परेशान न हों, हम आपके साथ हैं और गरीबों का व्यापार कोई नहीं छीन पाएगा।÷ विधायक के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली और उनका आभार जताया। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की समस्या उनकी अपनी समस्या है और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संगठन सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा और व्यापारी की समस्या हमारी अपनी समस्या है। व्यापारियों के सुख-दुःख में साथ खड़ा रहना और उनकी आवाज को मजबूती से उठाना ही हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष जसपाल सिंह गोहनिया, महामंत्री जसवीर फ्लोरा, उपाध्यक्ष रमेश बाजपेई, देवेंद्र अरोड़ा, फिरोज खान, रियाजुद्दीन, आरिफ, भाजपा सभासद पति मनोज गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, रिंकू गुप्ता, श्यामा, विकास गुप्ता, राज कुमार, अयान, जसमुद्दीन, अकील खान, मफ़ूज़, अमन, अमीर, मनोज, दीपक, विपिन गुप्ता, विकास, नन्द राम, संजय मित्तल, रोहित, सुरेश चंद्र , बलकार सिंह, तेजराम सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी साथी मौजूद रहे।

## स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के प्रयास से तीन मरीजों को उपचार के लिए 5.25 लाख की सहायता

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

▸ सीएम के नेतृत्व में जरूरतमंदों के उपचार में मददगार बना विवेकाधीन कोष

गंभीर बीमारी से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों को उपचार में आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में महामंडलेश्वर एवं 128 बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के प्रयास से तीन मरीजों के उपचार के लिए कुल 5 लाख 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंभीर रोगों से पीड़ित जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष का उपयोग किया जाता है। सरकारी अभिलेखों में भी इस कोष से गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने का उल्लेख है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम बेंगुनागर निवासी ज्योति देवी पत्नी रूपलाल के उपचार के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। उनका उपचार बरेली के अस्पताल में चल रहा है। इसी तरह ग्राम बंगला मिश्रसेन निवासी बालूराम पुत्र आत्माराम के उपचार के लिए 75 हजार रुपये की आर्थिक मदद मंजूर हुई है। उनका उपचार भी बरेली स्थित श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। वहीं ग्राम इटौरिया निवासी योगेंद्र पुत्र हरिओम के इलाज के लिए 2 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। उनका उपचार भी श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बरेली में चल रहा है। इस तरह तीनों मरीजों के लिए स्वीकृत 5.25 लाख रुपये की सहायता राशि उनके उपचार के खर्च में उपयोग होगी। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की ओर से जरूरतमंद परिवारों के उपचार के लिए सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास को स्थानीय स्तर पर चिकित्सा जरूरतों से जुड़ा कदम बताया गया है।

## तहसील बार संघ अध्यक्ष के खिलाफ एसडीएम की कार्रवाई पर भड़के वकील

▸ आठवें दिन भी हड़ताल जारी, काम काज ठप्प

**समृद्धि न्यूज, मोहम्मदी, लखीमपुर।**

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के खिलाफ राजस्व प्रशासन द्वारा कार्रवाई को लेकर अधिवक्ता कर आठवें दिन भी हड़ताल पर है। जिसके चलते मुकदमे की पैरवी के लिए दूर-दूर से आए वादकारियों को मायूस होकर लौटना पड़ा है।

जानकारी अनुसार अध्यक्ष अवधेश चंद्र उर्फ बेटू और दूसरे पक्षकार के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। जिसमें एक पक्ष कार ने रात में जबरन दीवार खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया था। जिससे दूसरा पक्षकार मामले को लेकर डीएम खीरी से मिला था। जिसके चलते तहसील प्रशासन ने लाइन ऑर्डर को लेकर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यथा स्थिति बहाल कराई थी।दोनों पक्षकार एक परिवार के और अधिवक्तागण है।अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई को लेकर संगठन ने तहसील प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया आठवें दिन बिना वार्ता के सभी अधिवक्तागण हड़ताल पर रहे हैं।सरकारी कार्यालय में कामकाज पूर्ण रूप से ठप्प रहा है। उधर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह बार के सम्मानित सदस्य हैं जिन्होंने अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर बातचीत से रास्ता निकालने की बात कही है।

## पूरनपुर-खुटार हाईवे पर डंपर की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे

▸ दो महिलाओं समेत तीन ने तोड़ा दम, दो घायल

▸ स्टेयरिंग के बीच में फंसे कार चालक को ग्रामीणों ने निकाला

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत/पूरनपुर।**





पूरनपुर-खुटार हाईवे पर सोमवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। चीनी मिल क्षेत्र के पास सामने से आए तेज रफ्तार डंपर ने परिवार को लेकर जा रही कार में इतनी जबरदस्त टक्कर मार दी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। बताया गया कि उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के सितारगंज थाना क्षेत्र स्थित शक्तिफार्म निवासी परिवार कार से पूरनपुर-खुटार मार्ग से गुजर रहा था। कार में तारक गाइन के साथ साधना गाइन पत्नी सनातन गाइन, उनकी बेटी खुशबू गाइन, बेटा शांतनु गाइन और परिवार की एक बुजुर्ग महिला सवार थीं। हाईवे पर कार आगे बढ़ रही थी, तभी सामने से आ रहे डंपर ने अचानक जोरदार टक्कर मार दी।

**टक्कर के बाद मची चीख-पुकार, कार में फंस गए चालक:** हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। कार चला रहे तारक गाइन स्टेयरिंग और सीट के बीच बुरी तरह फंस गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने दुर्घटना का मंजर देखा तो तत्काल मौके पर पहुंच गए। क्षतिग्रस्त कार से घायलों को निकालने के लिए ग्रामीणों ने काफी देर तक मशक्कत की। कार की बॉडी को किसी तरह हटाकर चालक को बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से पूरनपुर सीएचसी भेजा गया।

**अस्पताल पहुंचते ही दो महिलाओं को मृत घोषित किया:** सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सकों ने साधना गाइन और परिवार की बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल तारक गाइन का उपचार शुरू किया गया, लेकिन उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई और उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। इस तरह दुर्घटना में तीन लोगों की जान चली गई। हादसे में खुशबू गाइन और शांतनु गाइन घायल हुए हैं। खुशबू की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि शांतनु का पूरनपुर सीएचसी में उपचार किया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। दुर्घटना में शामिल डंपर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है, जबकि उसका चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### सूचना

मेरे 12वीं के अंकपत्र में पिता का नाम प्रशांत शर्मा दर्ज हो गया, जोकि गलत है। जबकि पिता का सही नाम प्रशांत कुमार है। जोकि सही है। **आशु शर्मा पुत्र प्रशांत कुमार निवासी ग्राम नभीची बंडा जनपद शाहजहांपुर (F.MG)**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि राजीव कुमार शुक्ला, पुत्र राजेन्द्र कुमार शुक्ला, नि. मोहल्ला सिंजई, शाहजहांपुर का मूल लेखपत्र/विलेख संख्या पंजीकृत तहसील सदर 5911/1983 12/11/1983 कहीं खो गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ई-थाना पर रिपोर्ट संख्या 20260000984315 दिनांक 27/09/2026 दर्ज है।

**राजीव कुमार शुक्ला मोहल्ला सिंजई, शाहजहांपुर**

# एआई का सही इस्तेमाल बने भारत की ताकत

किसी भी नई तकनीक के आगमन के साथ संभावनाओं और आशंकाओं का जन्म होना स्वाभाविक है। जब हवाई जहाज आया तो परिवहन के पुराने साधनों के सामने चुनौती खड़ी हुई, ईमेल ने डाक व्यवस्था को प्रभावित किया और कंप्यूटर के आने पर रोजगार को लेकर आशंकाएं जताई गईं। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई को लेकर भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। एक ओर इसे मानव जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली तकनीक माना जा रहा है तो दूसरी ओर इसके दुरुपयोग, रोजगार पर असर, निजता और सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ रही है। वास्तविकता यह है कि तकनीक स्वयं न अच्छी होती है, न बुरी। उसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य और किस व्यवस्था के तहत किया जाता है।

एआई की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल सूचनाओं को संसाधित करने वाली तकनीक नहीं रह गई है। यह भाषा समझ सकती है, चित्र और आवाज का विश्लेषण कर सकती है, समस्याओं के समाधान सुझा सकती है और कई कार्यों को स्वचालित करने में सक्षम है। इसी कारण इसका प्रभाव शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, प्रशासन, परिवहन और रोजगार जैसे लगभग हर क्षेत्र पर पड़ने वाला है। भारत के लिए यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश की बड़ी आबादी की आवश्यकताओं को सीमित संसाधनों में पूरा करना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में एआई बड़ा बदलाव ला सकता है। देश के ऐसे बच्चे, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थानों तक पहुंच नहीं मिल पाती, वे मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से एआई आधारित शिक्षण सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह तकनीक विद्यार्थी की क्षमता और जरूरत के अनुसार अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने में मदद कर सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं में शिक्षा सामग्री तैयार करना भी आसान हो सकता है।

हालांकि इसके लिए डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता और विद्यार्थियों को सही जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी होगा। कृषि में भी एआई किसानों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। मौसम, मिट्टी, सिंचाई और फसल से संबंधित उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर किसानों को बेहतर निर्णय लेने में सहायता मिल सकती है। कीट और रोग की शुरुआती पहचान, सिंचाई की जरूरत का अनुमान तथा बाजार संबंधी जानकारी किसानों की लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद कर सकती है। इसके लिए एआई को केवल बड़े किसानों तक सीमित रखने के बजाय छोटे और सीमांत किसानों तक पहुंचाना आवश्यक होगा। रोजगार के क्षेत्र में एआई को लेकर सबसे अधिक चिंता दिखाई देती है। कुछ परंपरागत काम निश्चित रूप से स्वचालित हो सकते हैं और इससे कुछ नौकरियों की प्रकृति बदल सकती है। लेकिन तकनीकी बदलाव के साथ नए काम और नए कौशल भी पैदा होते हैं। चुनौती यह है कि कर्मचारियों और युवाओं को बदलती जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाए। एआई के कारण रोजगार समाप्त होने की आशंका पर चर्चा के साथ यह भी देखना होगा कि कितने नए अवसर पैदा हो सकते हैं। कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण इस बदलाव का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।

भारत के लिए एआई का महत्व केवल उपभोक्ता के रूप में नहीं, बल्कि तकनीक विकसित करने वाले देश के रूप में भी है। अमेरिका और चीन की कंपनियां एआई के क्षेत्र में बड़ी बढ़त बना चुकी हैं। ऐसे में भारत को अपने शोध, कंप्यूटिंग क्षमता, आंकड़ों की उपलब्धता और कुशल मानव संसाधन पर निवेश बढ़ाना होगा। भारतीय भाषाओं में एआई की क्षमता विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। भारत की भाषाई विविधता को देखते हुए ऐसी तकनीक की जरूरत है जो केवल अंग्रेजी तक सीमित न हो। एआई के विस्तार के साथ इसके दुरुपयोग की चुनौती भी गंभीर है। गलत सूचना, फर्जी तस्वीरें और वीडियो, साइबर अपराध, निजता का उल्लंघन तथा स्वचालित प्रणालियों के गलत इस्तेमाल जैसे खतरे वास्तविक हैं। इसलिए एआई के विकास के साथ उसके जिम्मेदार उपयोग के लिए स्पष्ट नियम और प्रभावी निगरानी व्यवस्था आवश्यक है। केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होगा। आम नागरिकों में भी एआई के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी ताकि वे वास्तविक और कृत्रिम रूप से तैयार सामग्री में अंतर समझ सकें। भारत सरकार की एआई से संबंधित नीतियों और दिशा-निर्देशों का उद्देश्य इसके जिम्मेदार और सुरक्षित विकास का वातावरण तैयार करना है। लेकिन सरकार के साथ उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और नागरिक समाज की भी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। एआई से जुड़े निर्णयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और मानव नियंत्रण के सिद्धांतों को महत्व देना होगा। खासकर स्वास्थ्य, न्याय, शिक्षा और सरकारी सेवाओं जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में केवल मशीन के निर्णय पर निर्भरता उचित नहीं होगी। यह समझना भी जरूरी है कि एआई मनुष्य का विकल्प नहीं, बल्कि उसकी क्षमता बढ़ाने का साधन बन सकता है। मशीन आंकड़ों का विश्लेषण कर सकती है, लेकिन मानवीय संवेदना, नैतिक विवेक और सामाजिक जिम्मेदारी का स्थान लेना उसके लिए आसान नहीं है। इसलिए एआई की क्षमता का अधिकतम उपयोग तभी संभव है जब उसके साथ मानवीय समझ और जिम्मेदारी बनी रहे। भारत के सामने आज एआई को लेकर दो रास्ते नहीं, बल्कि संतुलन की आवश्यकता है। न तो भय के कारण इससे दूरी बनाई जा सकती है और न ही इसके संभावित खतरों की अनदेखी की जा सकती है। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें नवाचार को प्रोत्साहन मिले, लेकिन नागरिकों के अधिकार और सुरक्षा भी सुनिश्चित रहें।

## दो टूक




# कांग्रेस-सपा के बीच सीट बंटवारे से पहले खिंची तलवारें



संजय सक्सेना



उत्तर प्रदेश की चुनावी जमीन पर 2027 की फसल अभी तैयार नहीं हुई है, लेकिन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हिस्सेदारी को लेकर काट-छांट शुरू हो गई है। ऊपर से दोनों दल साथ दिखाई देना चाहते हैं, नीचे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि गठबंधन में किसकी जमीन कितनी और किसकी कीमत कितनी। यही वह सवाल है जिसने सीट बंटवारे को महज चुनावी समझौते के बजाय दोनों दलों की राजनीतिक हैसियत की लड़ाई बना दिया है। सितंबर के आखिरी सप्ताह में जिस तरह इमरान मसूद, इकरा हसन, अजय राय और दूसरे नेताओं के बयान सामने आए, उससे यह साफ है कि असली बेचैनी सीटों की संख्या से पहले नेतृत्व और प्रभाव क्षेत्र को लेकर है। इमरान मसूद लगातार जल्द सीट बंटवारा तय करने की मांग कर रहे हैं और कह रहे हैं कि देरी का नुकसान जमीन पर हो रहा है। इकरा हसन ने जवाब में सपा को उत्तर प्रदेश में भाजपा के खिलाफ बड़ी ताकत बताया और कांग्रेस के अकेले लड़ने की स्थिति पर सवाल उठाए। अजय राय ने इसे इकरा की निजी राय बताया। यानी गठबंधन बना रहने की बात अपनी जगह है, लेकिन गठबंधन के भीतर राजनीतिक वर्चस्व की बहस खुलकर बाहर आ चुकी है।

अखिलेश यादव ने इस बयानबाजी को रणनीति का हिस्सा बताया है। रायबरेली में उनकी पीडीए यात्रा और उसके जवाब में कांग्रेस की ओर से इटावा, कन्नौज और सैफई में कार्यक्रम की बात भी इसी राजनीतिक रस्साकशी का विस्तार है। सहयोगी दल यदि एक-दूसरे के प्रभाव क्षेत्र में शक्ति प्रदर्शन करने लगें तो संदेश केवल मंच तक नहीं रहता, वह सीट बंटवारे की मेज तक पहुंचता है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने उसे उत्तर प्रदेश में अपनी वापसी का आधार दिया है, लेकिन विधानसभा के आंकड़े उसकी स्थिति को अलग कहानी में रखते हैं। 2024 में सपा ने 37 और कांग्रेस ने छह लोकसभा सीटें जीतीं। दोनों की संयुक्त संख्या 43 रही, जबकि भाजपा 33 पर रही। सपा का मत प्रतिशत करीब 33.59 और कांग्रेस का 9.46 प्रतिशत था। पांच साल पहले 2019 में सपा के पास पांच और कांग्रेस के पास केवल एक लोकसभा सीट थी। यानी 2024 ने विपक्षी गठबंधन को नई राजनीतिक जमीन दी। लेकिन इस सफलता को विधानसभा सीटों में सीधे बदलना संभव नहीं है।

क्योंकि विधानसभा का गणित कहीं अधिक स्थानीय है। 2022 में भाजपा ने 255 सीटें जीतीं और उसका मत प्रतिशत 41.29 रहा। सपा 111 सीटों और 32.06 प्रतिशत मत के साथ मुख्य विपक्षी दल बनी। कांग्रेस केवल दो सीटों तक रह गई। यह आंकड़ा कांग्रेस की मौजूदा चुनौती को साफ करता है। लोकसभा में छह सीटें जीतना राजनीतिक पुनरुत्थान का संकेत हो सकता है, लेकिन 403 विधानसभा क्षेत्रों में प्रभाव साबित करने के लिए केवल लोकसभा का आंकड़ा पर्याप्त नहीं होगा।यही कारण है कि यदि कांग्रेस 125 से अधिक सीटों पर अपना दावा रखती है तो सपा के लिए उसे स्वीकार करना आसान नहीं होगा। दूसरी ओर कांग्रेस के लिए भी कम सीटों पर समझौता करना राजनीतिक रूप से आसान नहीं होगा। वह उत्तर प्रदेश में लंबे समय बाद संगठन को अपने पैरों पर खड़ा करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में बहुत कम सीटें उसे फिर उसी स्थिति में धकेल सकती हैं जहां वह बड़े सहयोगी की छाया में दिखाई दे। इसलिए कांग्रेस की लड़ाई केवल सीटों की नहीं, अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान की भी है।

सपा की स्थिति भी कम पेचीदा नहीं है। 2024 में 37 लोकसभा सीटें जीतने के बाद पार्टी के पास अपने दावे का मजबूत आधार है। अखिलेश यादव की पीडीए रणनीति के तहत पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक सामाजिक समूहों तक पहुंच बढ़ाने की कोशिश चल रही है। ऐसे में सपा यह क्यों चाहेगी कि जिन सीटों पर उसका संगठन वर्षों से काम कर रहा है, वहां कांग्रेस को केवल लोकसभा के प्रदर्शन के आधार पर प्राथमिकता मिल जाए? यही सवाल सपा के भीतर भी उठना स्वाभाविक है।2017 का इतिहास दोनों दलों को बार-बार आईना दिखाता है। उस चुनाव में सपा 311 सीटों पर लड़ी और 47 जीत सकी। कांग्रेस ने 114 सीटों पर चुनाव लड़ा और सात सीटें जीतीं। भाजपा ने 312 सीटें जीतकर सरकार बनाई। उसका मत प्रतिशत 39.67 था, जबकि सपा को 21.82 और कांग्रेस को 6.25 प्रतिशत मत मिले। गठबंधन के बावजूद कई सीटों पर प्रत्याशी चयन और संगठनात्मक तालमेल की समस्या रही। यानी ऊपर समझौता था, लेकिन नीचे चुनावी मशीनरी पूरी तरह एक नहीं हो पाई। यही वह गलती है जिसे 2027 में दोहराने की सबसे बड़ी कीमत दोनों दलों को चुकानी पड़ सकती है। 2024 ने इसका दूसरा मॉडल दिखाया। सीटों का समझौता अपेक्षाकृत स्पष्ट रहा, दोनों दलों ने साझा प्रचार किया और कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे के उम्मीदवार के पक्ष में काम करने का संदेश दिया। परिणाम में दोनों दलों की संयुक्त 43 लोकसभा सीटें सामने आईं। मगर विधानसभा चुनाव में यही तालमेल तभी काम करेगा जब उम्मीदवारों और बूथ स्तर के संगठन के बीच भी वैसा ही समन्वय बने। वरना मंच पर साथ और मतदान केंद्र पर अलग-अलग राजनीति का पुराना संकट लौट सकता है।मुस्लिम मतदाताओं के बीच कांग्रेस की सक्रियता इस समीकरण को और संवेदनशील बना रही है। सहारनपुर से इमरान मसूद की जीत ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक आधार दिया है। दूसरी ओर सपा भी मुस्लिम मतदाताओं के बीच अपने पारंपरिक प्रभाव को बनाए रखना चाहती है। ऐसे में दोनों दल यदि एक ही सामाजिक आधार पर अपने प्रभाव का विस्तार करने लगेंगे तो सीटों का समझौता और कठिन होगा। गठबंधन का गणित तभी आसान होता है जब सहयोगी दल अपने-अपने आधार जोड़ें; मुश्किल तब बढ़ती है जब दोनों एक ही आधार पर हिस्सेदारी मांगने लगें।

30 सितंबर की दिल्ली बैठक में अखिलेश यादव का शामिल न होना इसी पूरे घटनाक्रम के बीच चर्चा में है, लेकिन इसे गठबंधन टूटने का प्रमाण मानना अभी उचित नहीं होगा। उन्होंने अपनी अनुपस्थिति का कारण बताया है और वरिष्ठ नेता को बैठक में भेजने की बात कही है। इसलिए असली संकेत बैठक से नहीं, सीट बंटवारे की बातचीत से मिलेगा। अब दोनों दलों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि 403 सीटों को राजनीतिक प्रतिष्ठा का मैदान बनाया जाएगा या चुनावी क्षमता का। किस सीट पर कौन मजबूत है, कहां संगठन सक्रिय है, किस उम्मीदवार की स्थानीय पकड़ है और किस दल के वोट दूसरी पार्टी के प्रत्याशी को वास्तव में मिल सकते हैं सीटों का बंटवारा इन्हीं सवालों से तय होना चाहिए। केवल पिछले चुनाव की जीती सीटों की गिनती से यह काम नहीं होगा। आखिरकार 2017 ने चेताया कि गठबंधन का नाम वोट नहीं दिलाता, 2022 ने विधानसभा स्तर पर दोनों दलों की असमान ताकत दिखाई और 2024 ने यह साबित किया कि तालमेल हो तो राजनीतिक तस्वीर बदल सकती है। 2027 की असली परीक्षा अब शुरू हुई है। सपा और कांग्रेस को तय करना है कि वे एक-दूसरे के खिलाफ अपनी जमीन बचाने में ज्यादा ऊर्जा लगाएंगे या भाजपा के खिलाफ साझा मैदान तैयार करने में। फिलहाल गठबंधन टूटा नहीं है, लेकिन उसकी सबसे कठिन लड़ाई शुरू हो चुकी है सीटों की सूची सामने आने से पहले ही दोनों दल अपने-अपने हिस्से की राजनीतिक कीमत तय करने में जुट गए हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# नई औद्योगिक क्रांति की ओर भारत

प्रहलाद सबनानी

भारत की अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलावों को अब केवल पारंपरिक उद्योगों के विस्तार के रूप में नहीं देखा जा सकता। देश में डेटा केंद्र, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर ऊर्जा, रक्षा और वैश्विक क्षमता केंद्रों जैसे नए क्षेत्रों में जिस तेजी से निवेश और क्षमता निर्माण हो रहा है, उससे भारत एक नई औद्योगिक क्रांति के दौर में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी निवेश बैंक जेफरीज ने भी भारत में हो रहे इस बदलाव को नई औद्योगिक क्रांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में रेखांकित किया है। इस बदलाव की एक बड़ी वजह भारत का विशाल बाजार, कुशल मानव संसाधन, अपेक्षाकृत प्रतिस्पर्धी लागत और डिजिटल बुनियादी ढांचा है। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक कंपनियों ने भारत को केवल अपने उत्पादों का बाजार मानने के बजाय अनुसंधान, विकास, विनिर्माण और वैश्विक संचालन के केंद्र के रूप में देखना शुरू किया है। यही परिवर्तन भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रकृति को बदल रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल सेवाओं के तेजी से विस्तार के साथ डेटा केंद्रों की मांग पूरी दुनिया में बढ़ रही है। भारत भी इस दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले पांच वर्षों में देश में डेटा केंद्रों की क्षमता लगभग दोगुनी हुई है।

अगले पांच वर्षों में इसके बढ़कर करीब 10 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। डेटा केंद्रों की स्थापना से केवल डिजिटल कंपनियों को ही लाभ नहीं होगा, बल्कि बिजली, निर्माण, दूरसंचार, शीतलन प्रणाली, रियल एस्टेट और इंजीनियरिंग जैसे अनेक क्षेत्रों में भी मांग बढ़ेगी। भारत सरकार की ओर से निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन और कर संबंधी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। एआई के बढ़ते उपयोग के कारण आने वाले वर्षों में डेटा केंद्रों की भूमिका और महत्वपूर्ण होने की संभावना है। औद्योगिक परिवर्तन का दूसरा महत्वपूर्ण आधार सेमीकंडक्टर उद्योग है। मोबाइल फोन से लेकर वाहन, रक्षा उपकरण, कंप्यूटर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियों तक लगभग हर आधुनिक उत्पाद में सेमीकंडक्टर की आवश्यकता होती है। कोविड महामारी के दौरान वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आए व्यवधान ने इस क्षेत्र की रणनीतिक महत्ता को और स्पष्ट कर दिया। भारत ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन समेत कई योजनाएं शुरू की हैं। सरकार ने इस क्षेत्र के लिए लगभग 1,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि निर्धारित की है। इसके परिणामस्वरूप सेमीकंडक्टर और उससे संबंधित विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए भारत में लगभग 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश की बात सामने आई है। यदि यह क्षमता अपेक्षित गति से विकसित होती है तो भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण घटकों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है।

भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र भी अब केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रह गया है। निजी कंपनियों की बढ़ती भागीदारी ने इस क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा की हैं। उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण सेवाओं, संचार, पृथ्वी अवलोकन और अंतरिक्ष आधारित सेवाओं में भारतीय कंपनियों की सक्रियता बढ़ रही है। भारत के पास अपेक्षाकृत कम लागत में जटिल अंतरिक्ष अभियानों को संचालित करने का अनुभव है। वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष और एयरोस्पेस क्षेत्र में बढ़ती मांग भारत के लिए अवसर पैदा कर रही है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था मौजूदा स्तर से कई गुना बढ़ सकती है।

इस क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी ताकत तकनीकी दक्षता और इंजीनियरिंग प्रतिभा है। यदि निजी निवेश, अनुसंधान और सरकारी सहयोग का संतुलन बना रहा तो अंतरिक्ष क्षेत्र आने वाले समय में उच्च तकनीक वाले रोजगार का बड़ा केंद्र बन सकता है। मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भी भारत की स्थिति तेजी से बदल रही है। प्रारंभिक दौर में भारत में मुख्य रूप से आयातित पुर्जों को जोड़कर तैयार उत्पाद बनाने पर जोर था। अब घरेलू स्तर पर घटकों के निर्माण और मूल्यवर्धन की हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में काम हो रहा है। मोबाइल कंपोनेंट में घरेलू मूल्यवर्धन अगले कुछ वर्षों में लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। इसका अर्थ केवल उत्पादन बढ़ना नहीं है, बल्कि आपूर्ति श्रृंखला में भारतीय कंपनियों की भूमिका मजबूत होना भी है। ऊर्जा क्षेत्र में भी भारत का परिवर्तन उल्लेखनीय है। सौर ऊर्जा क्षमता के विस्तार ने देश को वैश्विक सौर विनिर्माण और ऊर्जा बाजार में महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। भारत सौर पीवी उत्पादन के क्षेत्र में दुनिया के प्रमुख देशों में शामिल हो चुका है। देश में करीब 35 गीगावाट की सौर विनिर्माण क्षमता चालू होने तथा लगभग 100 गीगावाट की अतिरिक्त क्षमता पर काम चलने की बात सामने आई है। ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार और आयात पर निर्भरता कम करने के लिहाज से सौर विनिर्माण का विस्तार महत्वपूर्ण है। भारत में हो रहे औद्योगिक बदलाव का एक और संकेत वैश्विक कंपनियों के वैश्विक क्षमता केंद्र यानी जीसीसी की बढ़ती संख्या है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे जैसे शहरों में बड़ी संख्या में वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित हो चुके हैं। इन केंद्रों में लाखों पेशेवर कार्य कर रहे हैं।

एस्ट्राजेनेका ने चेन्नई में वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित किया है। बैंक ऑफ अमेरिका का बड़ा बैक ऑफिस संचालन पुणे में है। बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलॉन ने पुणे और चेन्नई में अपनी गतिविधियां बढ़ाई हैं। एआई क्षेत्र की कंपनियां भी हैदराबाद जैसे शहरों में अपने अंतरराष्ट्रीय संचालन का विस्तार कर रही हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में टूब्रिज ने मुंबई में वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित किया है। भारत में स्थापित वैश्विक क्षमता केंद्रों की संख्या 1,700 से अधिक बताई जाती है और इनमें करीब 19 लाख कर्मचारी काम कर रहे हैं। इनमें लगभग 65 प्रतिशत केंद्र अमेरिकी कंपनियों के हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये केंद्र अब केवल बैक ऑफिस का काम नहीं करते। इनमें अनुसंधान, उत्पाद विकास, सॉफ्टवेयर निर्माण, साइबर सुरक्षा, वित्तीय विश्लेषण और एआई जैसी उच्च कौशल वाली गतिविधियां भी हो रही हैं। यही बदलाव भारत को आउटसोर्सिंग केंद्र से आगे ले जाकर वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। लंबे समय तक भारत की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक प्रतिभाशाली युवाओं का विदेश जाना रहा। अमेरिका और यूरोप की कंपनियां भारतीय प्रतिभाओं को आकर्षित करती रही हैं। लेकिन अब तस्वीर के कुछ हिस्सों में बदलाव दिखाई दे रहा है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस



संजय सिंह भव्य

### आ गये हैं सफेद मेंढ़क

आ गये हैं सफेद मेंढ़क टर्र-टर्र का शोर हुआ,
सारे जीवों में आशा वर्षा का चहुंओर हुआ।
अंबर में है काले बादल वर्षा हुई नहीं घनघोर,
जग में ऐसी छाई निराशा ना प्रात: ना भोर हुआ।

ऐसे हैं मेरे देश के नेता, जब मेंढ़क सा टर्राते है,
जनता सारी समझ जाती चुनाव आने वाले हैं।
करते हैं विकास का वादा, भ्रष्टाचार करवाते ये,
जनता को बेवकूफ बना सेवक शहंशाह बन जाते हैं।

घोटालों का सच छुपाते पांच साल लग जाते हैं,
नेता जी का दर्शन फिर अगले चुनाव कर पाते हैं।
देश की जनता सोच रही, हमने कैसे इन्हें वोट दिया,
क्या यही है सफेद मेंढ़क जो फिर फिरकर टर्राते है।



# अमेरिका-चीन शिखर सम्मेलन: राष्ट्रपति शी का दबदबा, और ट्रंप के पत्ते

नित्य चक्रवर्ती

वाशिंगटन में 24 सितंबर को अमेरिका-चीन शिखर सम्मेलन में हुई डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की द्विपक्षीय बातचीत से व्यापार, एआई के भविष्य, पश्चिम एशिया के युद्धों और ताइवान के भविष्य जैसे मुद्दों को सुलझाने में कोई बड़ी कामयाबी तो नहीं मिली, लेकिन दोनों नेताओं के बीच दिखी गर्मजोशी ने एक मजबूत समझ की नींव रखी है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी ताकतें वैश्विक शांति बहाल करने के लिए सहयोग करेंगी। वॉशिंगटन शिखर सम्मेलन, इस साल मई में बीजिंग में हुई ट्रंप-शी वार्ता के ठीक चार महीने बाद हुआ। यह मई के शिखर सम्मेलन में हुई बातचीत का ही अगला चरण था। इसके बाद, दोनों नेता मध्य दिसंबर में मियामी में होने वाली जी-20शिखर सम्मेलन में फिर मिलेंगे, जिसकी मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति करेंगे। मियामी बैठक में वॉशिंगटन शिखर सम्मेलन के नतीजों को और आगे ले जाने की संभावना है।

वॉशिंगटन शिखर सम्मेलन में हुई बातचीत से दो बातें खास तौर पर उभरकर सामने आईं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एजेंडा तय किया और कई नए प्रस्ताव पेश किए। ट्रंप ने सिर्फ अपने अंदाज में प्रतिक्रिया दी, लेकिन बातचीत के दौरान वे कोई नया सुझाव नहीं दे पाए। उन्होंने बस सभी लंबित मुद्दों पर अमेरिका का रुख दोहराया। असल में, शिखर सम्मेलन की शुरुआत में राष्ट्रपति शी ने यह बात कही कि टकराव के बजाय, चीनी राष्ट्र के महान पुनरुद्धार्य और अमेरिका को फिर से महान बनाने (मगा) के लक्ष्यों को हासिल करना साथ-साथ चले, यही लक्ष्य होना चाहिए। राष्ट्रपति शी की यह टिप्पणी ट्रंप को बहुत अच्छी लगी, क्योंकि उनके मगा कार्यक्रम के लिए वामपंथी डेमोक्रेटिक राजनेता लगातार उनकी आलोचना करते रहे हैं। ट्रंप नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों में अपने मगा कार्यक्रम के आधार पर अपने उम्मीदवारों के लिए वोट मांग रहे हैं। मध्यावधि चुनावों से ठीक पहले राष्ट्रपति शी द्वारा मगा का समर्थन करने से बर्नी सैंडर्स और ममदानी जैसे वामपंथी डेमोक्रेट्स जरूर नाराज हुए होंगे, लेकिन चीनी राष्ट्रपति को इस बात की कोई परवाह नहीं थी कि उनकी टिप्पणी पर वामपंथी क्या सोचेंगे। शी तो ट्रंप के साथ अपने रिश्तों का इस्तेमाल करके चीन के लिए ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाना चाहते थे। यह देखना दिलचस्प होगा कि राष्ट्रपति शी ने अमेरिका को एक प्रतिस्पर्धी महाशक्ति के बजाय एक साझेदार के तौर पर साथ लाने पर जोर दिया था। यह नया नजरिया असल में शी की उस भविष्य की योजना की समझ है, जिसके तहत 2049 में- जो कम्युनिस्ट चीन की स्थापना का 100वां साल होगा- चीन अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

भारत के मामले में भी, राष्ट्रपति शी ने इस साझेदारी पर जोर दिया, न कि उस दोस्ताना प्रतिस्पर्धा पर, जिसका जिक्र चीनी विश्लेषक हाल तक करते रहे थे। यह नजरिया शी के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी की उस ताजा सोच से निकला है कि अमेरिका के साथ शांति और सहयोग की स्थिति में चीन की आर्थिक विकास दर तेजी से बढ़ सकती है। इसलिए शी ने शिखर सम्मेलन में कहारू श्हमें शांति से साथ रहना चाहिए। चीन और अमेरिका, दो बड़े देशों के तौर पर, सहयोग से फायदा उठा सकते हैं और टकराव से दोनों को नुकसान होगा। हमारी दोनों सेनाओं के बीच नियमित बातचीत होनी चाहिए और संकट के समय बातचीत और उसे रोकने के तरीकों को बेहतर बनाना चाहिए। शी जिनपिंग का यह नजरिया नई सदी में चीनी अर्थव्यवस्था की लगातार हो रही बढ़त और सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति अमेरिका के साथ अंतर को कम करने की कोशिश से निकला है। साल 2000 में, चीन की कुल जीडीपी (वर्तमान मूल्य में) का अनुमान 1.22 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि अमेरिका की जीडीपी 10.25 ट्रिलियन डॉलर थी।

पिछले 26 सालों में, चीन की जीडीपी बढ़कर 20.85 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जबकि अमेरिका की कुल जीडीपी का अनुमानित मूल्य 32.38 ट्रिलियन डॉलर है। राष्ट्रपति शी 2049 तक चीन के लिए अपनी सोच के जरिए जीडीपी के अंतर को कम करना चाहते हैं और अमेरिका को पीछे छोड़कर चीन को दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना चाहते हैं। तनाव कम करने के उनके प्रस्ताव- जिनमें छात्रों को एक-दूसरे देशों में भेजने के कार्यक्रम के तहत 100,000 युवा अमेरिकियों को चीन आने का न्योता देना भी शामिल था- ऐसे समय में आए हैं जब दोनों ताकतों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और व्यापार को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा चल रही है और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर टैरिफ लगा रहे हैं। फिर भी, युवा अमेरिकियों को युवा चीनी श्जेन जी्य के साथ घुलने-मिलने देने का शी का प्रस्ताव उनके आत्मविश्वास को दिखाता था कि युवा अमेरिकियों के आने से युवा चीनी लोगों की सोच पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। चीनी राष्ट्रपति और मैडम पेंग के सम्मान में आयोजित डिनर में ट्रंप का भाषण, जिसमें अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्योग के दिग्गज शामिल हुए थे, अमेरिका-चीन संबंधों के इतिहास के नजरिए से काफी अहम था।



उन्होंने कहा, आज रात, हम अमेरिकी धरती पर उस पहली मुलाकात की भावना को फिर से जीवंत कर रहे हैं, क्योंकि हमारे साथ आज के दौर के व्यापार, संस्कृति और सरकार के कुछ शीर्ष नेता मौजूद हैं। एक तरफ, चीन के पास सुन त्जू से लेकर सुन यात-सेन तक का हजारों साल पुराना इतिहास और परंपरा है। वहीं अमेरिकियों के तौर पर, हमें यरूशलेम से रोम तक आस्था की विरासत, प्राचीन एथेंस का लोकतंत्र और स्पार्टा की जीत जैसी विरासतें मिली हैं। ट्रंप ने चीनी इतिहास और सभ्यता को उचित सम्मान दिया और यह निश्चित रूप से चीनी राष्ट्रपति के लिए संतोष की बात थी। हालांकि, इस व्यक्तिगत तालमेल का एआई या ईरान पर हुई बातचीत पर कोई खास असर नहीं पड़ा। एआई के मुद्दे पर, राष्ट्रपति शी ने एआई विकास पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण का विरोध किया और ओपन-सोर्स एआई का समर्थन किया, जबकि अमेरिका ने चीन के एआई डेवलपमेंट को धीमा करने के मकसद से माइक्रोचिप, सेमी-कंडक्टर, सॉफ्टवेयर और चिप बनाने वाले उपकरणों पर सख्त निर्यात नियंत्रण बनाए रखने पर जोर दिया।

व्यापार की बात करें तो, पिछले साल बुसान में हुए शिखर सम्मेलन में टैरिफ कम रखने के लिए जो समझौता हुआ था, वह इस साल नवंबर में खत्म होने वाला है। इस समझौते को फरवरी 2027 तक बढ़ा दिया गया है। दिसंबर में मियामी में होने वाली जी-20 शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बातचीत में इस पर और चर्चा होने की उम्मीद है। व्यापार युद्ध के बावजूद अमेरिकी बाजार में चीनी उत्पादों की बिक्री बढ़ रही है।

कुल मिलाकर, 24 सितंबर के शिखर सम्मेलन में हुई बातचीत से विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था को सकारात्मक संकेत मिले हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत लंबी चलेगी, लेकिन अच्छी बात यह है कि दोनों सरकारें टकराव की सीमाओं को समझती हैं। ट्रंप और शी जिनपिंग दोनों ही लेन-देन पर ध्यान देने वाले हैं। वे अपने देश के हितों को आगे बढ़ाने पर ध्यान देते हैं। बड़े मुद्दों को इसी समझ के दायरे में रखा जाएगा। ट्रंप इसे जी-2 कहना पसंद कर सकते हैं, लेकिन राष्ट्रपति शी बहुपक्षवाद के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह आधिकारिक तौर पर जी-2 का समर्थन नहीं करेंगे। विश्व राजनीति कम से कम अगले दो साल तक, यानी नवंबर 2028 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव तक, इन दो नेताओं के इर्द-गिर्द ही घूमेगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### नलकूप का कुआं धंसने से मकान क्षतिग्रस्त, ढाई लाख का नुकसान

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के मिहुना गांव में लगातार बारिश के बाद नलकूप का कुआं धंसने से पास बना मकान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में किसान का करीब ढाई लाख रुपये का सामान कुएं में समा गया। घटना के समय परिवार के लोग बाहर थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। किसान बबलू यादव ने बताया कि वर्ष 1976 में उनके परिजनों ने खेत में कुआं बनवाकर नलकूप लगवाया था। बारिश के चलते कुआं पानी से पूरी तरह भर गया था। सोमवार देर शाम अचानक कुआं धंस गया, जिससे उसके पास बना मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। मकान में रखी दो नलकूप मोटर, पंखा, बर्तन, कूलर और खाद सहित अन्य सामान कुएं में समा गया। किसान के अनुसार करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने लेखपाल को सूचना देकर क्षति का आकलन कराने की मांग की है। नलकूप पर चार से पांच लोग रहते हैं, लेकिन घटना के समय सभी बाहर थे।

### बिना परमिट, अग्निशमन यंत्र के चल रही डबल डेकर बस सीज



**बिवांर (हमीरपुर)।** जेवर के पास डबल डेकर बस में आग लगने की घटना के बाद परिवहन विभाग ने जांच तेज कर दी है। सोमवार शाम करीब पौने छह बजे बिवांर में पीटीओ सूर्य प्रताप देव ने दिल्ली जा रही प्रिंस ट्रेवल्स की डबल डेकर बस सीज कर दी। पीटीओ ने बताया कि बस संख्या UP75CT 9390 की जांच में दिल्ली का रूट परमिट और अग्निशमन यंत्र नहीं मिला। सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होने पर बस को सीज कर बिवांर थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि लंबे रूट पर चलने वाली बसों के परमिट और सुरक्षा उपकरणों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि जेवर के पास डबल डेकर बस में आग लगने से नौ यात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 20 लोग झुलस गए थे। हादसे में राठ के दो और मुस्करा के एक यात्री की भी जान गई थी।

### बेतवा नदी में मिला 50 वर्षीय महिला का शव

**हमीरपुर।** कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम केसरिया का डेरा स्थित बेतवा नदी में सोमवार को एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया और शिनाख्त कराई। मृतका की पहचान राजकुमारी (50) पत्नी कमल किशोर साहू, निवासी अतर्रा चौराहा, थाना मौदहा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, परिजनों ने बताया कि राजकुमारी का कानपुर से मानसिक उपचार चल रहा था। वह 27 सितंबर को बिना बताए घर से चली गई थी। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर थाना मौदहा में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। सोमवार को बेतवा नदी में शव मिलने की सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को मर्चरी हाउस हमीरपुर में रखवाया। इसके बाद थाना मौदहा पुलिस को सूचना दी गई। मौदहा पुलिस द्वारा पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है।

### स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियां पूरी, 18 केंद्रों पर होगा मतदान

**हमीरपुर।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि जनपद में 18 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जहां 15,397 स्नातक मतदाता मतदान करेंगे। निर्वाचन के लिए जिले को चार जोन और 18 सेक्टरों में बांटा गया है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 सितंबर को अधिसूचना जारी होगी। छह अक्टूबर नामांकन की अंतिम तिथि, सात अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच तथा नौ अक्टूबर को नाम वापसी होगी। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह आठ से शाम चार बजे तक और मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। मतदान केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश, शौचालय एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण, परिवहन, निर्वाचन सामग्री, कंट्रोल रूम, वीडियोग्राफी एवं आचार संहिता अनुपालन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ दायित्व निभाने तथा मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का समय से सत्यापन करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

### पॉक्सो एक्ट जागरूकता सेमिनार आज

**गुरसराय।** बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए खेर इंटर कॉलेज के मुख्य भवन में 29 सितंबर को सुबह नौ बजे पॉक्सो एक्ट जागरूकता सेमिनार आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि सिविल जज गरौठा मयंक प्रकाश विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट एवं कानून से संबंधित जानकारी देकर जागरूक करेंगे। प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना है।

### जल विहार महोत्सव में सजी वृंदावन की झांकी

**बरुआसागर( झांसी)।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में आयोजित जल विहार महोत्सव-2026 के तहत रविवार को नवीन अदरक मंडी, बस स्टैंड के समीप वृंदावन की भव्य झांकी एवं राधा-कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्योतिषाचार्य एवं गणतज्ञ दीपेंद्र अड़जरिया ने किया। विशिष्ट अतिथि अमर सिंह कुशवाहा रहे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला कुशवाहा ने की। अधिशासी अधिकारी लाल जी मौजूद रहे।कलाकारों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, राधा-कृष्ण के प्रेम एवं भक्ति से जुड़े प्रसंगों का जीवंत मंचन किया। आकर्षक वेशभूषा, मधुर संगीत और भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को बांधे रखा। राधा-कृष्ण की झांकी के दौरान कार्यक्रम स्थल जयकारों और तालियों से गूंज उठा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु पहुंचे। परिवार सहित लोगों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस दौरान नगर पालिका के पार्षद, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, पालिका कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर जिले में होंगे विविध आयोजन

- प्रभात फेरी, सर्वधर्म प्रार्थना स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर की तैयारी

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती दो अक्टूबर को गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें अधिकारियों को कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर समय से व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण, महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण और उनके जीवन एवं आदर्शों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जनपद में प्रभात फेरी, सर्वधर्म प्रार्थना सभा, रामधुन, पदयात्रा, खेलकूद प्रतियोगिताएं, विचार गोष्ठियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गांधी जयंती पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थलों एवं मलिन बस्तियों में सफाई कराई जाएगी। जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर तथा अस्पतालों एवं वृद्धाश्रम में फल वितरण होगा। विद्यालयों में गांधीवादी विचारधारा एवं राष्ट्रसेवा पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। डीएम ने प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी नामित करने तथा तहसील स्तर पर भी जनभागीदारी से आयोजन कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. अल्का शुक्ला, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एडीएम विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## इंगोहटा में बंदरों का आतंक, दो दर्जन लोगों को काटकर किया घायल





**सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव में बंदरों के हमलों से ग्रामीण परेशान हैं। गांव में बंदरों के झुंड लोगों पर हमला कर रहे हैं। अब तक करीब दो दर्जन लोगों को काटकर घायल कर चुके हैं। वन विभाग की ओर से रीछा तालाब के पास लगाया गया पिंजरा भी बेअसर साबित हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार अनुराग सिंह को बंदर दो बार काट चुके हैं। उनका कानपुर में उपचार चल रहा है। भोला कुशवाहा भी बंदर के हमले में घायल हुए हैं। कुछ दिन पहले लालमन सोनकर, फुर्तीलाल सोनकर और गंगाराम सोनकर पर भी बंदरों ने हमला किया था। गंगाराम को सोते समय हाथ में दो बार काट लिया था। बंदरों के बढ़ते हमलों को देखते हुए महीनों पहले वन विभाग ने पिंजरा लगाया था, लेकिन अब तक एक भी बंदर नहीं पकड़ा गया। ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के डर से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग और उच्चाधिकारियों से विशेषज्ञ टीम बुलाकर बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाने की मांग की है।

## पशु के काटने पर घाव को 15 मिनट धोएं, तुरंत कराएं उपचार: डॉ. अरविंद





**राठ (हमीरपुर)।** विश्व रेबीज दिवस पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में लोगों को रेबीज से बचाव और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया। सीएचसी अधीक्षक एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार यादव ने पशु के काटने या खरोंचने पर लापरवाही न बरतने की अपील की। डॉ. यादव ने बताया कि रेबीज गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर उपचार से इससे बचाव संभव है। कुत्ते, बिल्ली या संदिग्ध संक्रमित पशु के काटने अथवा खरोंचने पर घाव को साबुन और बहते साफ पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोना चाहिए। इसके बाद पोविडोन-आयोडीन जैसे एंटीसेप्टिक का प्रयोग किया जा सकता है। घाव पर मिर्च, चूना, मिट्टी, तेल, केरोसिन या हल्दी नहीं लगानी चाहिए। घाव को कसकर बांधने या खुद से बंद करने से भी बचें। घटना के बाद उसी दिन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लें। देरी होने पर भी उपचार कराना जरूरी है। उन्होंने बताया कि टिटनेस का इंजेक्शन रेबीज से सुरक्षा नहीं देता। गंभीर स्थिति में एंटी-रेबीज वैक्सीन के साथ आरआईजी या रेबीज मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की जरूरत हो सकती है। रेबीज के लक्षणों का इंतजार करना जानलेवा हो सकता है।

## बांकी में पशु चिकित्सा शिविर, 62 पशुओं का उपचार

**सुमेरपुर।** विकासखंड के बांकी गांव में सेवा संकल्प अभियान के तहत पशु चिकित्सा शिविर एवं पशुपालन जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। चित्रकूट धाम मंडल बांदा के उपनिदेशक डॉ. गोविंद यादव के निर्देशन में आयोजित शिविर में 62 पशुओं का उपचार कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में 30 बकरियों और 32 बड़े पशुओं का उपचार किया गया। पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाने के साथ एलएसडी बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण भी किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शालिग्राम और पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अंकुर सचान ने ग्रामीणों को पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम प्रधान जीवन लाल श्रीवास ने शिविर की सराहना करते हुए ऐसे आयोजन नियमित कराने की बात कही।

## कांग्रेस को राजनीतिक कमजोरी पर आत्ममंथन करना चाहिए: जयंती राजपूत

- चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों को बताया भ्रामक
- संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का लगाया आरोप



**हमीरपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने सोमवार को अपने निजी आवास पर स्थानीय पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष पर संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक लाभ के लिए निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक कमजोरी पर आत्ममंथन करना चाहिए। प्रशासनिक एवं संवैधानिक विषयों को राजनीतिक रंग देकर जनता में भ्रम फैलाने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से विपक्ष के दावों की सच्चाई सामने आई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुए, फार्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को मताधिकार देने के लिए आयोग प्रतिबद्ध है। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर चुनाव आयोग, न्यायपालिका तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। साथ हीं चुनावी प्रक्रिया, ईवीएम, राफेल और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपना पक्ष रखा।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत हरि शंकरी पौधरोपण

**गुरसरांय।** नगर पालिका परिषद की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत कान्हा गौशाला, तालाब एवं माता मंदिर पार्क के पास हरि शंकरी पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पौधों की देखभाल के प्रति जागरूक किया गया।अधिशासी अधिकारी/न्यायिक उपजिलाधिकारी गरौठा लाल धर सिंह यादव के आदेश एवं वरिष्ठ लिपिक सोनू यादव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रताप सिंह चौहान, पार्षद देवी यादव, डॉ. प्रशांत कुमार, अंशु महाराज सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।पालिका की ओर से नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल कर नगर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने में सहयोग की अपील की गई।

## हरि शंकरी अभियान से समथर में बढ़ेगी हरियाली

- त्रिवेणी के रूप में रोपे गए पीपल बरगद और पाकड़, संरक्षण की भी तय हुई जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज़, समथर(झांसी)।**



उत्तर प्रदेश सरकार एवं लोकभारती के संयुक्त अभियान के तहत समथर नगर में हरि शंकरी अभियान चलाकर पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधों का रोपण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक परिसरों में तीनों पौधों को त्रिकोणीय रूप में लगाकर हरित त्रिवेणी विकसित की गई।अभियान के तहत शक्तिपीठ गायत्री मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, काशीराम कॉलोनी के समीप गौशाला, राजकीय महाविद्यालय, महाराजा वीर सिंह राजकीय इंटर कॉलेज, काली माता मंदिर, श्मशान घाट, पंडोखर रोड गौशाला, श्री संकट मोचन मंदिर, भाण्डेर वाली माता मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना ने कहा कि पीपल, बरगद और पाकड़ धार्मिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इनका रोपण आने वाली पीढ़ियों को हरित वातावरण देने की दिशा में सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है।नगर पालिका की ओर से लगाए गए पौधों की नियमित सिंचाई, देखरेख और सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित लोगों को सौंपी गई है, ताकि पौधे सुरक्षित रहकर वृक्ष का रूप ले सकें। इससे नगर में हरियाली बढ़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। इस दौरान पूर्व पार्षद पवन बुलकिया, पार्षद अरविंद श्रीवास, प्रतिपाल सिंह दांगी, अनिल कुमार, राजकुमार सेन, मानवेंद्र सिंह गुर्जर (ध्रुव जी), सोनू नामदेव, हेमंत तिवारी, राजेश झा, नितेश शर्मा, शैली नगाइच, रामजी मुद्गल, दिनेश रायकवार, अमन महंत, हर्षल दांगी, राममिलन पांचाल एवं सफाई नायक द्वारिका प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक घायल, 108 एंबुलेंस ने पहुंचाया अस्पताल



**चिरगांव।** ब्लॉक चिरगांव क्षेत्र के सीतौरा निवासी 20 वर्षीय मानवेंद्र पुत्र विजय राम मोटरसाइकिल से चिरगांव आ रहे थे। इसी दौरान बघेरा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें मानवेंद्र घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस सेवा 108 पर कॉल किया। सूचना मिलते ही EMT प्रदीप कुमार एवं पायलट रवि यादव एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। EMT ने मरीज की स्थिति एवं वाइटल्स की जांच की तथा ERCP डॉ. रस्तोगी के मार्गदर्शन में प्राथमिक उपचार प्रदान करते हुए मरीज को CHC चिरगांव पहुंचाया। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज, झांसी के लिए रेफर कर दिया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

- स्कूल-कॉलेजों में प्रतियोगिताएं, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का होगा सम्मान



**झांसी।** दो अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एडीएम प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्कूल-कॉलेजों में निबंध, स्लोगन, पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं नाट्य मंचन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। विजेता विद्यार्थियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।एडीएम वित्त एवं राजस्व पल्लवी मिश्रा ने बताया कि सुबह सात बजे रामधुन रैली, नौ बजे कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण एवं गांधी-शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि होगी।

कारागार में फल-मिष्ठान वितरण, कुष्ठ आश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण, स्टेडियम में पैदल चाल प्रतियोगिता तथा राजकीय संग्रहालय में चरखा चलाकर गांधी जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी।बैठक में एसपी सिटी प्रीति सिंह, एडीएम न्याय अरुण कुमार गौड़, सीएमओ डॉ. शिशिर पुरी, डीआईओएस रति वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विधान परिषद चुनाव को लेकर नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नामित



**बांदा।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद प्रशासन ने चुनाव संबंधी तैयारियां तेज कर दीं। जिलाधिकारी ने विधान परिषद चुनाव को लेकर प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नामित करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मतदाता सूची और बूथों की जानकारी दी। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल व समयानुसार संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम अमित आसेरी ने सोमवार को कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए जिम्मेदारी सौंपी है। डीएम ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी अपने से संबंधित निर्वाचन कार्यों को स्वतंत्र निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सशकुशल रूप से समयानुसार संपादित कराना सुनिश्चित करें तथा दैनिक प्रगति रिपोर्ट से अधोहस्ताक्षरी को प्रतिदिन अवगत करायेंगे।

## आईजीआरएस के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम खफा

**बांदा।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अमित आसेरी ने बैठक के दौरान आईजीआरएस में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व शिकायतकर्ताओं से प्राप्त फीडबैक की विभागवार समीक्षा की। आईजीआरएस में लगातार खराब फीड बैक मिलने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए सुधार के निर्देश दिए। कहा कि 30 सितंबर तक 75 फीसदी से कम फीडबैक मिला तो संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगाने की कार्रवाई की जाएगी। कहा कि कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व शिकायतकर्ता की संतुष्टि शासन व प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षक स्नातक निर्वाचन में आज से नामांकन, 6 अक्टूबर तक होंगे नामांकन

### निर्वाचन के नामांकन को लेकर डीएम ने की बैठक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**





इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन के नामांकन की प्रक्रिया को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी समीर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसमें निर्वाचन कार्यक्रम, नामांकन प्रक्रिया व निर्धारित व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी संबंधितों से निर्वाचन प्रक्रिया में निर्धारित नियमों व प्रावधानों के अनुरुप सहयोग की अपेक्षा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जो प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगी। नामांकन की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 7 अक्टूबर को व नाम वापसी 9 अक्टूबर को होगी। नामांकन न्यायालय कक्ष, आयुक्त, झांसी मंडल, झांसी में किया जाएगा। बैठक में नामांकन के लिए निर्धारित जमानत राशि के संबंध में बताया कि सामान्य अभ्यर्थियों के लिए जमानत राशि 10 हजार रुपये, जबकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 5 हजार रुपये निर्धारित है। जमानत राशि नकद रुप में रिटर्निंग ऑफिसर के पास अथवा भारतीय रिजर्व बैंक/सरकारी कोषागार में जमा की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन कार्यक्रम व एजेंडा की प्रति उपलब्ध कराते हुए नामांकन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे प्रेम चन्द्र मौर्य, एसडीएम उरई उत्तम कुमार तिवारी, एसडीएम जालौन राकेश सोनी, भाजपा से विवेक कुशवाहा, बसपा से भगवती शरण पांचाल, सीपीआईएम से विनोद कुमार नगरिया, सपा से राजीव शर्मा व जमालुद्दीन, अपना दल (सोनेलाल) से अनिल कुदारी व रोहित राठौर, कांग्रेस से राजकुमार, आम आदमी पार्टी से विनय चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## खराद मशीन में गला फसने से मिस्त्री की दर्दनाक मौत

**महोबा।** शहर के कबरई रोड स्थित अपनी खुद की बिल्डिंग दुकान पर कार्य करते समय एक मिस्त्री की मशीन में गला फसाने व करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई हालांकि उसे जीवित समझ कर लोग जिला चिकित्सालय महोबा लगेगी जहां डॉक्टर ने सोमनाथ घोषित कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शहर कोतवाली के ग्राम पंचायत बिलबई के मजरा दिसरापुर निवासी जगत विश्वकर्मा पुत्र राधे श्याम विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष सोमवार की सुबह शहर के कबरई रोड पर बाबा ढ़ावा के पास स्थित अपनी विश्वकर्मा बिल्डिंग वर्कशॉप के नाम से कृषि यन्त्र एवं लोहे के पाइप आदि की दुकान पर खराद मशीन से सॉफ्ट बना रहा था। तभी खराद मशीन उसकी टी शर्ट में बाँह के जरिए गले में फंस गई। यह देख पड़ोसी दुकानदारों ने दौड़कर तुरन्त बिजली का कनेक्शन काटा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पिता राधेश्याम दुकान पहुंचे और जगत को इलाज के लिए जिला अस्पताल महोबा लिवा ले गए। डॉक्टर वरुण कुमार निर्मल ने परीक्षण उपरान्त जगत विश्वकर्मा को मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा मामले की लिखित सूचना शहर कोतवाली महोबा पुलिस दी। पुलिस ने मोर्चरी हाउस पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम उपरान्त परिवार जनों के सुपुर्द कर दिया है।

## व्यापारियों ने उद्योग बंधु की बैठक का किया बहिष्कार

- समस्या निराकरण न होने पर भड़के व्यापारी
- बैठक के बीच नारेबाजी करके दर्ज कराया विरोध, ज्ञापन भी सौंपा

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



जिला प्रशासन और उद्यमियों, व्यापारियों के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए गठित उद्योग बंधु समिति की बैठक में व्यापारियों व उद्यमियों का गुस्सा फूट पड़ा। उद्यमियों ने बिजली विभाग के रवैये पर नाराजगी जताते हुए बैठक का बहिष्कार किया। सभागार में ही तख्तियां लहराकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कहा है कि उनकी मूलभूत समस्याओं का निदान होने तक उद्योग बंधु की बैठक का बहिष्कार जारी रहेगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई, लेकिन बैठक शुरू होने से पहले ही उद्यमियों व व्यापारियों ने विद्युत आपूर्ति की बदहाली पर हो हल्ला शुरू कर दिया और तख्तियां लहराते हुए नारेबाजी करने लगे। व्यापारियों ने बैठक में जिलाधिकारी के उपस्थित होने पर भी गुस्सा जाहिर किया। डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्री एसोसिएशन और जिला औद्योगिक विकास संगठन के संयुक्त तत्वावधान में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से उद्यमियों और व्यापारियों ने प्रमुख रूप से बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति न होने के कारण इंडस्ट्रियल एरिया भूरागढ़ में संचालित विभिन्न उद्यमों समेत अन्य स्थानों पर स्थापित उद्योगों की स्थित खराब हो रही है। बताया है कि कई घंटों तक और कभी कभी कई दिनों तक फाल्ट के नाम पर बिजली आपूर्ति ठप कर दी जाती है, जिससे उद्योगों की हालत बिगड़ती जा रही है। कई बार विद्युत आपूर्ति दुरुस्त कराने को लेकर जिला प्रशासन से बात की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में उद्योग बंधु की बैठकों का आयोजन बेमानी साबित हो रहा है। उद्यमियों ने सोमवार को उद्योग बंधु की बैठक को सिरे से नकार दिया और अपनी मांगों के समर्थन में तख्तियां लहराते हुए जमकर नारेबाजी की। उद्यमियों व व्यापारियों ने इंडस्ट्रियल एरिया में सुरक्षा व्यवस्था, रोड लाइट, जलभराव, सड़कों की दुर्दशा, गेट और नालियों की व्यवस्था कराने की मांग बुलंद की। कहा है कि बार-बार समस्याओं को उठाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही, जिससे करोड़ों की लागत से स्थापित उद्योग बदहाली की स्थिति से गुजर रहे हैं।

## व्यापार में घाटे से परेशान किराना दुकानदार ने फांसी लगायी

- थोक दुकानदारों और बैंक के कर्ज से था परेशान

**सम्रद्धि न्यूज, महोबा।**



किराना के व्यापार में घाटा लगने से परेशान एक व्यापारी ने अपने ही घर में फांसी के फंदे पर झूल मौत को गले लगा लिया है परिजनों ने जब देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रहा था घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है जिले के नगर खरेला मुहाल स्वामिदास निवासी किराना ब्यापारी आनंद गुप्ता उम्र (37) वर्ष पुत्र स्व रामप्रकाश गुप्ता ने कारोबार में घाटे और कर्ज से परेशान होकर घर में फांसी के फंदे पर लटककर आत्म हत्या कर ली है व्यापारी सुबह अपनी पुत्री इस्ता गुप्ता उम्र 11साल जो चरखारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में क्लास 6में पढ़ती है।उसे रोजाना की तरह स्कूल बस में छोड़ने गया और उसके बाद अपने घर पहुंचकर फांसी लगा ली। काफी देर तक जब वह दुकान नहीं पहुंचा तो पत्नी ने घर आकर देखा फाटक खुला था।अंदर गैलरी में लगे बास में रस्सी डाल कर वह फाँसी के फंदे पर लटका संदिग्ध हालत में मृत पाया । पत्नी के रोने पर परिजन और पड़ोसी पहुंचे मौके से पुलिस को सूचना दी । कस्बा प्रभारी शिवदान सिंह ने पंचनामा भरकरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के भाई राजकुमार ने बताया पिता की मौत जुलाई माह में हो गई थी।कारोबार में घाटा लगने के कारण बैंक का कर्ज और थोक दुकानदारों के कर्ज चुकाने से परेशान था। सूचना पर राजस्व टीम के साथ मौके में पहुंचे चरखारी उपजिलाधिकारी अवनीश तिवारी ने बताया कि एक माह पहले पिता की मृत्यु के बाद से मृतक मानसिक परेशान बताया गया है।

### सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या यूपी 76 20160013721 में त्रुटिवश मेरा नाम **SHEERSHAK KUMAR KANNAUJIA** दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम **SHEERSHAK KUMAR KANAUJIA** दर्ज है, जो सही है। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। **SHEERSHAK KUMAR KANAUJIA पुत्र PANKAJ KUMAR KANAUJIA, निवासी गढ़ी कोहना, जनपद-फर्रुखाबाद।**

# संकल्प सेवा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता

▸ डीएम ने किया प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

संकल्प सेवा अभियान के अंतर्गत आज विकास भवन में जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने प्रतिभाग किया तथा प्रतिभागी शिक्षिकाओं द्वारा बनाई गई रंगोलियों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के मीना मंच के माध्यम से जनपद के समस्त 18 विकास खंडों से शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की थीम 'मेरे सपनों का भारत' रखी गई, जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों ने रंगोली के माध्यम से 'विकसित भारत-2047' की परिकल्पना को आकर्षक एवं रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने अपनी रंगोलियों में विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी प्रगति, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र के समग्र विकास जैसे विभिन्न विषयों को कलात्मक ढंग से उकेरा। रंगों और कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से भविष्य के भारत की कल्पना को जीवंत रूप प्रदान किया गया।



शिक्षकों द्वारा बनाई गई रंगोली को देखती डीएम व सीडीओ

जिलाधिकारी ने प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई रंगोलियों का अवलोकन करते हुए उनकी रचनात्मकता एवं प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों एवं शिक्षकों में रचनात्मकता, नवाचार तथा राष्ट्र निर्माण की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0वी0 सिंह, प्रभारी मीना मंच श्याम सुन्दर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन से जुड़ी आशा कार्यकर्ताओं ने सरेनी सीएचसी के अधीक्षक डॉ. शुभम सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 7 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य मंत्री और यूनियन पदाधिकारियों के बीच हुए समझौते को लागू कराने की मांग की गई।

आशा कार्यकर्ताओं ने मानदेय बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रतिमाह करने, आशा संगिनियों के भुगतान में बढ़ोतरी और वर्षों से लंबित विभिन्न अभियानों की प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराने की मांग उठाई।

ज्ञापन में आयुष्मान कार्ड, टीबी, पोलियो, फाइलेरिया, दस्तक और संचारी अभियान समेत अन्य कार्यों की लंबित प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग की गई है। साथ ही कैशलेस चिकित्सा सुविधा के अलावा 5 लाख रुपये अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना बीमा की राशि 10 लाख रुपये करने की मांग रखी गई।

आशा कार्यकर्ताओं ने चार माह का मातृत्व अवकाश, यात्रा भत्ता अथवा भ्रमण के लिए दोपहिया वाहन, तथा आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग भी की है। यूनियन ने भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करने की वैधानिक प्रक्रिया शुरू करने की भी मांग की। आशा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगों का समाधान नहीं होने पर 23 अक्टूबर को लखनऊ में महापड़ाव किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से शासन से सभी मांगों का शीघ्र समाधान कराने की मांग की गई है।



सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन देती आशा वर्कर्स

## बोलेरो की टक्कर से घायल बैंक कर्मी की मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** बोलेरो की टक्कर से घायल बैंक कर्मी की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के दुल्ला का पुरवा रामगंज भोजपुर निवासी कमलेश वर्मा (50) पुत्र रामललन वर्मा रायबरेली जनपद के परसदेपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में हेडकैशियर के पद पर तैनात था। वह सोमवार की सुबह ड्यूटी करने अपने बाइक से बैंक जा रहा था। उदयपुर थाना क्षेत्र के राहाटीकर चैराहे पर सामने से आ रही अज्ञात बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी होने पर परिजन भागकर मौके पर पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले गये।

# गांव के बाग में मगरमच्छ दिखने से मचा हड़कंप



**समृद्धि न्यूज, जगतपुर-रायबरेली।**

विकास क्षेत्र के जढैया गांव में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के एक बाग में विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ को देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि मगरमच्छ कहीं से भटककर बाग में पहुंच गया था। सुबह करीब 6 बजे ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी। विशालकाय मगरमच्छ को देखकर लोग सतर्क हो गए और किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए उससे दूरी बनाए रखी। मगरमच्छ की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहा ग्रामीणों ने रस्सी की मदद से मगरमच्छ को काबू में लेकर रेस्क्यू किया। इस दौरान हरीशचंद्र गुप्ता, राम मौर्य, मुन्ना मौर्य, रामखेलावन मौर्य, नागेंद्र गुप्ता और राहुल मौर्य समेत अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दे दी है। मगरमच्छ मिलने की खबर से गांव में काफी देर तक चर्चा बनी रही। ग्रामीणों ने वन विभाग से मगरमच्छ को सुरक्षित स्थान पर ले जाने तथा क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि दोबारा इस तरह की घटना होने पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में 6 अक्टूबर को होगा श्री अन्न महोत्सव

▸ मिलेट्स से बने उत्पादों की प्रदर्शनी

▸ रेसीपी विकास व उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत 06 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज मैदान, रायबरेली में 'श्री अन्न महोत्सव, मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित मिलेट्स गतिविधियों तथा शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी प्रदर्शनी एवं स्टाल के माध्यम से किसानों और उपभोक्ताओं को दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों एवं आमजन को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए मिलेट्स पौष्टिक अनाज के उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रगतिशील किसानों के साथ-साथ जनपद के समस्त किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को कृषि विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए मिलेट्स श्री अन्न से संबंधित उत्पादों के अधिक से अधिक स्टाल लगवाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सेवा संकल्प अभियानः आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गोदभराई व अन्नप्राशन कराकर किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

शिवगढ़ खंड सभागार में 'सेवा संकल्प अभियान' के छठे दिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी संजय नारायण झा और बाल विकास परियोजना अधिकारी रागिनी कौशिक ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई तथा 9 माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया।

इस दौरान अधिकारियों ने माताओं को बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और संतुलित खान-पान के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य सेविका श्यामली सिंह, एकता सिंह, पूजा पटेल और साक्षी सिंह ने



उपस्थित लाभार्थियों को गर्भवती माताओं की उचित देखभाल तथा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के नियमित टीकाकरण के महत्व से अवगत कराया।

क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित आकर्षक प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीणों व लाभार्थियों को जागरूक किया। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा सिंह, सरिता सिंह, गीतांजलि, इंदू शुक्ला, संगीता पांडेय, मनोजा सिंह, चंदावती सिंह, बबिता पटेल और आशा बहुएं प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत नाजुक

**बछरावां-रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया है। बीते रविवार की रात्रि 9 बजे गंभीर हालत में परिजनों ने एक महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया है। विदित हो की विकासक्षेत्र के रानीखेड़ा गांव की रहने वाली महिला ने विशाख्त पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे वहां पर उसका इलाज किया जा रहा है। इस बारे में डॉक्टर अभय चतुर्वेदी ने बताया कि महिला सुनीता उम्र 28 वर्ष पत्नी अखिलेश कुमार निवासी रानीखेड़ा गांव की रहने वाली है। उसके परिजन उसे अस्पताल लेकर आए। परिजनों के मुताबिक बताया कि महिला पति से मामूली वाद विवाद से नाराज थी, इसी बात से आहत होकर उक्त महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई है। तभी परिजनों ने आनन फानन निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर चतुर्वेदी ने बताया कि महिला का इलाज किया जा रहा है, फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

### यूपीआई के विरोध में व्यापारियों ने बजाई थाली

**प्रयागराज।** व्यापारी एकता समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारियों ने थाली बजाकर यूपीआई का जमकर विरोध किया। इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन के बीच शहीद स्थल चौक नीम के नीचे बोलते हुए विजय गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा यूपीआई के लेनदेन में जो



टैक्स लगाया है उससे सिर्फ व्यापारी ही नहीं अपितु स्न्हृदद्द्य नागरिक आक्रोशित है क्योंकि इससे मंहगाई बढ़ेगी। विजय गुप्ता ने कहा कि आनलाइन व्यापार के कारण व्यापारी पहले से ही टूट चुका है और अब यूपीआई के लेनदेन से वह भुखमरी का शिकार होने वाला है। इसलिए व्यापारी इस टैक्स को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। उन्होने आम नागरिकों से भी अपील की कि सभी लोग मिलकर यूपीआई के विरोध में आवाज उठाएं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से बृजेश निषाद, चंद्र प्रकाश कौशल, शशांक केसरवानी, मनीष गुप्ता आशा केसरवानी, आशुतोष मालवीय, रानी केसरवानी, इमरान अली, वीरेन पाल, शिवम पुरवार शकील, अनीता गुप्ता, अरमान कुरेशी, सुरेंद्र केसरवानी, निराले बृजेश सीडाना, जुल्फिकार खान राही आदि व्यापारी शामिल रहे।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मां-बेटे घायल

**लम्भुआ, सुलतानपुर।** वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर बेदूपारा पेट्रोल पंप के पास शनिवार को तेज रफ्तार बाइक ने आगे चल रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। नरेंद्रपुर निवासी मनीष कुमार सिंह (38) अपनी मां उमा सिंह (60) पत्नी स्व. राजेंद्र सिंह को दवा दिलाने बाइक से लम्भुआ आए थे। पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर घर लौटते समय पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

# कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

वोट-चोरी के खुलासों के सम्बन्ध में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने तिलक भवन से कलेक्ट्रेट परिसर तक पैदल मार्च निकाला, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश इस्तीफा दो के नारे लगाये। मार्च का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की मिली भगत पर बड़ा हमला बोला, उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सभी अवगत है कि भारत निर्वाचन आयोग के भीतर अभूतपूर्व दरार को उजागर करने वाला एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है, सामने आई जानकारी



के अनुसार पिछले 10 महीनों के दौरान दो निर्वाचन आयुक्तों, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णयों पर कम से कम 14 बार औपचारिक आपत्ति दर्ज की, इन आपत्तियों में बार-बार यह मुद्दा उठाया गया कि सीईओ द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया, जिसमें अनाधिकृत रूप से नए मतदाताओं को जोड़ना, नामों को हटाना तथा निर्चाचन आयोग की आईटी प्रणाली को दिल्ली में केंद्रीकृत करना शामिल है, के सम्बन्ध में दोनों निर्चाचन आयुक्तों को अंधेरे में रखा जा रहा था। यह खुलासा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के रूख को स्पष्ट रूप से सही साबित करता है, जिन्होंने पहले ही इस बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे वोट-चोरी अभियान के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई थी।

## कोडीन कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।** कोडीन कफ सिरप की अवैध तस्करी के खिलाफ प्रयागराज में एसटीएफ और एयरपोर्ट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में एक कमरे पर छापेमारी कर एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की कोडीन कफ सिरप की खेप बरामद किए जाने की जानकारी सामने आई है। कार्रवाई के दौरान तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक को सूचना मिली थी कि एयरपोर्ट क्षेत्र में एक कमरे के अंदर बड़ी मात्रा में कोडीन कफ सिरप अवैध तरीके से स्टोर करके रखा गया है। सूचना के आधार पर टीम ने एयरपोर्ट थाना पुलिस के साथ बताए गए स्थान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में कफ सिरप की शीशियां बरामद हुई।

# पुलिस ने बछरावां में हुए सर्राफा व्यवसायी से लूट का किया खुलासा



**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

बछरावां थाना क्षेत्र में सर्राफा व्यवसायी से हुई लूट का पुलिस ने 36 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के कब्जे से लूटा गया माल और वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार शनिवार को 'शिव ज्वैलर्स' के मालिक ऋषि कुमार सोनी शिवगढ़ में दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। शाम करीब छह बजे तिलेंडा गेस्ट हाउस के पास सफेद कार सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उनके सिर पर डंडे से हमला कर बैग छीन लिया। बैग में करीब 650 ग्राम चांदी और 11 ग्राम सोने के आभूषण बताए गए हैं। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर बछरावां थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।**

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकास खंड डीह के सभागार में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए। इसके माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी रहे। विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग से



संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

साथ ही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक अभिलेखों के बारे में भी बताया गया। स्टॉल पर पहुंचे ग्रामीणों ने योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# निवर्तमान विधायक धीरज ओझा ने प्राथमिक विद्यालय रामापुर में स्वच्छता व योजनाओं पर की चर्चा

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत निवर्तमान विधायक धीरज ओझा ने प्राथमिक विद्यालय रामापुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बाल विकास पुष्टाहार अधिकारी शाहीना महमूद ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न बाल विकास एवं पोषण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र के जर्जर कक्ष की समस्या से निवर्तमान विधायक को अवगत कराते हुए विस्तृत चर्चा की।



निवर्तमान विधायक धीरज ओझा ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को प्रेरित करते हुए स्वच्छता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा, 'यदि हम अपने आसपास और घर के परिसर को स्वच्छ रखें, तो कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। स्वच्छता ही निरोग जीवन का मुख्य आधार है।'

इस अवसर पर बाल विकास पुष्टाहार अधिकारी शाहीना महमूद, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती अंजू पांडेय, अनुराग सिंह, सेविका सुनैना, आंगनवाड़ी कार्यकत्री रीना श्रीवास्तव एवं परम शीला पाल ने निवर्तमान विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्राम सभा की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## जटिल ऑपरेशन से 25 वर्षीय युवती के गर्भाशय से निकाली 13 गांठें

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने जटिल ऑपरेशन कर 25 वर्षीय अविवाहित युवती के गर्भाशय से 13 फाइब्रॉएड (बच्चेदानी की गाठें) सफलतापूर्वक निकाली हैं। ऑपरेशन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शक्ति जैन द्वारा किया गया। उनकी टीम में डॉ वंदना ओझा, डॉ दीपशिखा, डॉ प्रियंका चौधरी एवम् एनेस्थेसिया टीम में डॉ. धर्मेंद्र यादव और डॉ.आरती सिंह रहे। युवती गर्भाशय में अनेक छोटी-बड़ी गांठों के कारण काफी समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना कर रही थी।

आवश्यक जांचों में गर्भाशय में कई फाइब्रॉएड पाए जाने के बाद चिकित्सकों ने गर्भाशय को सुरक्षित रखते हुए मायोमेक्टोमी करने का निर्णय लिया।

# वृद्ध महिला पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

**समृद्धि न्यूज, संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़।** थाना अन्तू पुलिस ने पंचायत भवन में रह रही एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला पर जानलेवा हमला करने और एससी/एसटी एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा आलाकत्ल भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 16 सितंबर को ग्राम नरी स्थित पंचायत भवन में रह रही वृद्ध महिला के साथ गांव के ही रिंकू वर्मा ने पंचायत भवन पर कब्जे का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज और मारपीट की थी। आरोप है कि उसने जान से मारने की नीयत से वृद्ध महिला के सिर पर लाठी से हमला कर दिया था। घटना के संबंध में थाना अन्तू में आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 249/2026 के तहत बीएनएस की धारा 109(1), 115(2), 352, 351(3) एवं एससी/एसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक सचिन यादव ने मुखबिर की सूचना पर कटका मोड़ के समीप से आरोपी रिंकू वर्मा (28) पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम नरी, थाना अन्तू को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सचिन यादव के साथ आरक्षी लोकेंद्र सिंह, मृत्युंजय चौधरी और लाखन सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सर्पदंश से मासूम की मौत, चाची की बची जान

▸ 48 घंटे में दो बार सर्प का हमला

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

मानिकपुर थाना क्षेत्र के मुन्ना का पुरवा गांव में 48 घंटे के भीतर सांप के दो बार हमले से कोहराम मच गया। जहरीले सर्प के डसने से जहां 8 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उसकी बड़ी मम्मी समय पर इलाज मिलने से जिंदगी की जंग जीत गई। शनिवार सुबह करीब 9 बजे घर में खेल रहे 8 वर्षीय अभिनव को जहरीले सांप ने डस लिया। समय पर जानकारी न मिलने और देरी से अस्पताल पहुंचने के कारण मासूम की मृत्यु हो गई। सोमवार को गढ़ी





गंगा घाट पर गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। परिवार अभी इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि रविवार दोपहर करीब 3 बजे उसी घर में अभिनव की बड़ी मम्मी उर्मिला को भी सांप ने डस लिया। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें कुंडा पहुंचाया, जहां सफल इलाज के बाद वह अब खतरे से बाहर हैं।

मासूम अभिनव एलकेजी का छात्र था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिजनों ने बताया कि महज छह महीने पहले ही अभिनव के पिता गुड्डू की एक सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। पति के बाद अब बड़े बेटे को खो चुकी लाचार मां की चीखों से पूरा गांव दहल उठा है। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सर्प पकड़ने वाली टीम भेजने और स्वास्थ्य विभाग से गांव में दवा के छिड़काव की मांग की है।

## आम के पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव

**समृद्धि न्यूज, दोस्तपुर, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के दानुपट्टी गांव में सोमवार सुबह बाग में आम के पेड़ से रस्सी के सहारे एक वृद्ध का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। गोविंदपुर गांव निवासी छोटेलाल (65) पुत्र रामसमुझ दानुपट्टी गांव में एक व्यक्ति के घर रहकर मजदूरी कर जीवनयापन करते थे। सोमवार सुबह एक ग्रामीण नित्यक्रिया के लिए गांव से सटे बाग की ओर गया था। इसी दौरान उसकी नजर आम के पेड़ से लटके शव पर पड़ी।

## 60 वर्षीय वारंटी बाबूलाल को रानीगंज पुलिस ने दबोचा

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।** न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में रानीगंज थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है।


## रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली।

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अनुपम दीक्षित पुत्र प्रवेन्द्र कुमार दीक्षित व अमिता शुक्ला पत्नी अनुपम दीक्षित निवासीगण जवाहर विहार कालोनी, मलिकमऊ, रायबरेली द्वारा स्थल-गाटा सं0-746, 747 च, 747 घ अहमदपुर नजूल, रायबरेली पर जोनिंग रेगुलेशन के आधार पर हॉस्पिटल (25 बेड) सहआवासीय मानचित्र का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। रायबरेली महायोजना-2031 के अन्तर्गत स्थल का भू-उपयोग बाजार स्ट्रीट है। भवन उपविधि एवं मॉडल जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर-15.3.2 (5.7) के अनुसार बाजार स्ट्रीट भू-उपयोग में हॉस्पिटल (25 बेड) क्रियायें अनुमन्य है। जोनिंग रेगुलेशन के अधीन क्रमांक-15.1.3 (iv) के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त स्वीकृति दी जा सकती है। यह स्थल रायबरेली महायोजना-2031 के अन्तर्गत 60 मीटर चौड़े मार्ग पर स्थित है।

उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राधिकरण के मानचित्र अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। आपत्ति/सुझाव प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर मानचित्र अनुभाग में लिखित रुप से प्राप्त कराये जा सकते है। निर्धारित अवधि में प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर ही विचार किया जायेगा।

सचिव
रायबरेली विकास प्राधिकरण,
रायबरेली।

# एसआईआर के विरोध में कांग्रेस का मार्च, पुलिस से झड़प

- जिलाध्यक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की
- पुतला फूंकने की कोशिश पुलिस ने रोकी




समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

एसआईआर के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में नसरापुर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा से कलक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कार्यालय तक मार्च निकाला।

कार्यकर्ताओं ने सिर और बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इस दौरान पुलिस से कार्यकर्ताओं की झड़प भी हुई। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं के नाम काटने और फॉर्म-6 व फॉर्म-7 में बदलाव को लेकर कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त व मुख्य सचिव के समक्ष कई बार आपत्तियां दर्ज कराईं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। साथ ही सुप्रीम कोर्ट से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग उठाई।

कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पुतला कब्जे में ले लिया।

जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार पुलिस के माध्यम से संवैधानिक तरीके से किए जा रहे विरोध को रोक रही है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

प्रदर्शन में विजय मिश्रा, डॉ. जहीर अहमद रिजवी, प्रमोद शाक्य, एहसानुल हक, शामशाद खान, अमीर अंसारी, असगर हुसैन, मीर हारून समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा परखी





- त्रिमासिक निरीक्षण में सीसीटीवी, डबल लॉक और अग्निशमन व्यवस्था जांची

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रिमासिक निरीक्षण किया। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डीएम ने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे, विद्युत आपूर्ति, बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट कक्ष, अग्निशमन उपकरण, डबल लॉक और सीलिंग व्यवस्था जांची। सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारु मिले। उन्होंने 24 घंटे निगरानी, नियमित मॉनिटरिंग और सुरक्षा व्यवस्था की निरंतर समीक्षा के निर्देश दिए। कहा कि निर्वाचन आयोग के सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन हो और किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। वेयरहाउस में साफ-सफाई, विद्युत और अग्नि सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने को भी कहा। डीएम ने कहा कि ईवीएम और निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है। निरीक्षण में एसपी विनोद कुमार, एडीएम देवेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार समेत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## तर्पण

### पिता के पुरुषार्थ से मिली आगे बढ़ने की प्रेरणा





स्व. सुखदेवी व स्व.राम स्वरूप गुप्ता



प्रदीप कुमार गुप्ता

छिबरामऊ, कन्नौज। फर्रुखाबाद जिले के गांव पतौंजा निवासी मेरे पिता स्व. राम स्वरूप गुप्ता व माता स्व. सुखदेवी गुप्ता का जीवन अत्यंत गरीबी में गुजरा। वह जीवन यापन के लिए वर्ष 1985 में छिबरामऊ आए और थाने के सामने कदीर वाली गली में किराए की दुकान लेकर किराना का व्यापार करने लगे। रहने के लिए पास में ही बैंक मैनेजर बैरिस्टर सिंह यादव के मकान में किराए पर कमरा ले लिया। इसके बाद कड़ी मेहनत ईमानदारी व पुरुषार्थ के बूते निरंतर आगे बढ़ते गए। वर्ष 1988 में थाने के पास पुरानी गल्ला मंडी में जगह लेकर नीचे दुकान ऊपर घर बनवाया। वर्ष 2002 में उनका निधन हो गया लेकिन उनके पुरुषार्थ से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। कड़ी मेहनत व ईमानदारी से हमारा किराना व्यापार चल गया और आस पड़ोस के कस्बों व गांवों के दुकानदार भी थोक में सामान लेने लगे। वर्ष 2002 में विशुनगढ़ रोड पर उत्सव गेस्ट हाउस बनवाया। इसमें ग्राउंड फ्लोर पर स्टेट बैंक और फर्स्ट फ्लोर पर जिओ का ऑफिस चलता है। वर्ष 2015 में मंडी समिति के पास जीटी रोड किनारे श्रीराम रिसॉर्ट, धर्म कांटा एवं किराने के थोक व्यापार का काम शुरू किया। ऐसा लगता है माता जी व पिता जी आज भी हमारे आस पास ही हैं। उनसे मिली प्रेरणा के कारण ही हमारा व्यवसाय लगातार प्रगति कर रहा है। उन्हें शत-शत नमन करता हूं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीईसी के खिलाफ किया प्रदर्शन

छिबरामऊ, कन्नौज। पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में पार्टी हाई कमान के निर्देश पर कांग्रेसियों ने काला फीता बांधकर केंद्रीय चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और उनसे तुरंत इस्तीफा देने की मांग की। इस अवसर पर अखिल भारतीय जन आंदोलन फंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता और विश्वसनीयता खो दी है। हाल के विधानसभा चुनावों में हो रही अनियमितताओं, मतदाता सूची में गड़बड़ियों और विपक्षी दलों के खिलाफ पक्षपातपूर्ण रवैये ने लोकतंत्र की जड़ों पर हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग सत्ताधारी दल के इशारे पर काम कर रहा है, जिससे आम जनता का विश्वास टूट रहा है। दुबे ने जोर देकर कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार पद से नहीं हटते, कांग्रेस पार्टी पूरे देश में इस आंदोलन को और तेज करेगी तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संभव संघर्ष करेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सीईसी के खिलाफ संकल्प प्रस्ताव पारित किया।

## सेवा संकल्प अभियान में बच्चों ने बनाई रंगोली



प्रा. विद्यालय कल्याणपुर मे हुआ आयोजन

छिबरामऊ, कन्नौज। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में बच्चों ने प्राकृतिक रंगोली बनाई। कक्षा चार के बच्चों ने रंगोली को गेंदे के फूल, हरे पत्ते, चावल आदि से बनाया गया7 इसी तरह कक्षा पाँच के बच्चों ने सुंदर कलाकृतियां बनाई। बच्चों ने रंगोली में सशक्त भारत, समृद्ध भारत को दर्शाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत सुंदर भारत, आत्मनिर्भर भारत, बुलेट ट्रेन, शिक्षित भारत के तहत सेवा ही संकल्प पर बच्चों ने सुंदर कलाकृतियों को प्राकृतिक रूप दिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन में खुशनजर प्रथम, निर्भय द्वितीय और अनमोल तृतीय रहे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका पूजा पाण्डेय ने बच्चों को बताया सेवा केवल सहायता करना ही नहीं, बल्कि समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी है। एक छोटा सा अच्छा कार्य भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। हमें जरूरतमंदो की मदद, पर्यावरण की रक्षा, बुजुर्गों का सम्मान और अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। सच्ची सेवा में स्वार्थ नहीं होता, बल्कि मानवता की भावना होती है। इस मौके पर अनीता शुक्ला, नीतू सिंह, मनीष राव, सौरभ त्रिपाठी, फ़रहनाज़, जितेंद्र, दीपमाला और प्रतापभान सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# प्रधान देवेंद्र यादव के भाई सुरेंद्र सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

ग्राम दलीपपुर में प्रधान देवेंद्र यादव के आवास पर आयोजित शोक सभा में उनके भाई स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। कार्यक्रम में दिवंगत की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, चेयरमैन मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज फर्रुखाबाद, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल छिबरामऊ एवं साईं मीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस छिबरामऊ तथा उनकी पत्नी व नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन ने शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और परिवार को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। कार्यक्रम में मोहित यादव, जदुनाथ सिंह यादव (प्रधान करनौली), संतोष यादव (एडवोकेट एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य कन्नौज), राजन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में स्टार्टअप कंपनी ने बढ़ाया गौरव

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित चौथे उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में छिबरामऊ, कन्नौज की एक स्टार्टअप कंपनी को अपने उत्पादों के प्रदर्शन का अवसर मिला। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कंपनी को स्टार्टअप श्रेणी में नामित किया गया था। इस उपलब्धि से स्थानीय उद्यमिता और नवाचार को राष्ट्रीय मंच मिला है। कंपनी के संस्थापक एवं निदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से उनकी कंपनी को व्यापार मेले में अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ। मेले का उद्देश्य प्रदेश के उद्यमियों, स्टार्टअप तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना है। व्यापार मेले में कंपनी की ओर से एलईडी प्रकाश व्यवस्था, सौर प्रकाश व्यवस्था तथा ऊर्जा-कुशल उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आए आगंतुकों और व्यावसायिक प्रतिनिधियों ने कंपनी के उत्पादों एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की। अभिनव कुमार ने कहा कि छिबरामऊ जैसे छोटे शहर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित व्यापार मेले में उत्पादों का प्रदर्शन करना कंपनी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ऐसे आयोजन स्थानीय स्टार्टअप को बड़े उद्योगों, खरीदारों और संभावित व्यावसायिक साझेदारों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाली पहल युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है। कंपनी का लक्ष्य ऊर्जा-कुशल एवं टिकाऊ प्रकाश व्यवस्था के क्षेत्र में नए समाधान विकसित कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाना है।

## खबरें एक नजर में

### श्री राम कथा में सजीव झांकियों ने मोहा भक्तों का मन

छिबरामऊ, कन्नौज। ऐतिहासिक श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में श्री गोविंद सत साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिन सजीव झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मचारी संत श्री कृष्ण जी महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग और आदर्श का संदेश देता है। उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर व्यक्ति समाज में सद्भाव और संस्कारों को मजबूत कर सकता है। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित सजीव झांकी प्रस्तुत की गईं। इसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा के उपरांत सदाशिव स्वामी नित्यानंद गिरी जी महाराज तथा ऋषिकेश से पधारे संत स्वरूप दास जी महाराज ने सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। संतों ने धर्म, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में यजमान नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे एवं नीरू दुबे ने रामचरित मानस की आरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। व्यवस्था में समिति एवं प्रभात फेरी मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

गुरसहायगंज कन्नौज। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसजनों द्वारा अम्बेडकर प्रतिमा नसरापुर से निर्वाचन कार्यालय तक मार्च प्रस्तावित था, लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस बल द्वारा उन्हें वहीं रोक दिया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने हाथ में वोट चोर ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो और वोट चोर संविधान विरोधी लिखे पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। पूर्व सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विजय मिश्र ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त वोट चोरी कर विभिन्न राज्यों में भाजपा की सरकार बनवाने का काम कर रहे हैं और भाजपा के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाताओं के वोट काटे जा रहे हैं, जिससे सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ एसआईआर और पद से हटाने की मांग की। जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन ने कहा कि सरकार संविधान के साथ खिलवाड़ कर जनता को गुमराह कर रही है। इस अवसर पर शमशाद खान, तारिक वसीर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, डॉ. जहीर खान, विकास मिश्रा, अरविन्द दुबे, अहसानुल हक मीर, हारून, पुष्पेन्द्र पांडे, मायाप्रकाश शाक्य, निशांत मिश्रा, आकाश कटियार, शिवम मिश्रा, सरफराज हुसैन, रमाकांत कटियार, अजहर खान, वसीजान, अमोल दीक्षित, लियाकत खान, सत्यप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### आगरा खंड निर्वाचन को लेकर डीएम ने कसी कमर

कन्नौज। विधान परिषद के आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 की तैयारियों की कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में समीक्षा हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नोडल अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 29 सितंबर को अधिसूचना, छह अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तिथि, सात अक्टूबर को संवीक्षा और नौ अक्टूबर को नाम वापसी होगी। मतदान 23 अक्टूबर और मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। कन्नौज में स्नातक के 7,147 और शिक्षक के 1,817 समेत 8,964 मतदाता हैं। स्नातक के लिए 12 और शिक्षक के लिए आठ मतदेय स्थल निर्धारित हैं। डीएम ने मतदान कार्मिकों की नियुक्ति व दो चरणों में प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री और मतपेटिकाओं की व्यवस्था, परिवहन तथा बूथों पर बिजली, पानी, प्रकाश, जनरेटर और चिकित्सा किट उपलब्ध कराने को कहा। कंट्रोल रूम सक्रिय रखने, शिकायतों का निस्तारण, वीडियोग्राफी और मत की गोपनीयता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मूसलाधार बारिश में गरीब परिवार की कच्ची छत गिरी

समधन। बीते चार दिन पहले लगातार हुई मूसलाधार बारिश ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, वहीं शनिवार को बारिश के दौरान समधन नगर के मोहल्ला अल्लामा इकबाल नगर में एक गरीब परिवार के मकान की कच्ची छत अचानक भरभराकर गिर गई। छत गिरने से कमरे में रखा गृहस्थी का सारा सामान मलबे में दब गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के लोग कमरे में मौजूद नहीं थे, जिससे सभी बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद परिवारजनों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद परिवार के लोगों ने जैसे-तैसे मलबा हटाकर धीरे-धीरे गृहस्थी का सामान बाहर निकाला। अचानक छत गिरने से परिवार को काफी नुकसान हुआ है। मोहल्ला अल्लामा इकबाल नगर निवासी मतलूब हुसैन पुत्र मंजूर हुसैन ने बताया कि शनिवार को तेज बारिश के दौरान उनके मकान की कच्ची छत अचानक भरभराकर गिर गई। छत गिरने से कमरे में रखा सामान मलबे में दब गया। उन्होंने बताया कि परिवार के लोग हादसे में बाल-बाल बच गए।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को मिली निःशुल्क दवा



समृद्धि न्यूज़, समधन।

रूही मॉडर्न हॉस्पिटल की ओर से सोमवार को समधन नगर के मोहल्ला लोहिया नगर में स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श के साथ निःशुल्क दवाएं वितरित कीं।

शिविर में करीब दो दर्जन से अधिक मरीजों की जांच की गई। इनमें खांसी, जुकाम, बुखार, दाद, खाज-खुजली समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीज अधिक संख्या में पहुंचे। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर बीमारी के अनुसार दवा उपलब्ध कराई और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां भी बताईं।

इस अवसर पर डॉक्टर अंकुर कटियार, आसिफ खान, बुशरा अहमद, मोहसिन अहमद, प्रिया सिंह एवं हर्षित गुप्ता मौजूद रहे। शिविर में पहुंचे मरीजों ने निःशुल्क जांच और दवा वितरण की सुविधा मिलने पर आयोजकों का आभार जताया।

# 11 केवी एचटी पोल झुकने से जानलेवा खतरा



- दीपावली के बाद विशाल खाटू श्याम यात्रा भी निकलेगी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

विशुनगढ़ रोड पर हनुमानगढ़ी असालत नगर मोड़ के पास 11 केवी एचटी लाइन का पोल झुक जाने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। रविवार को इसी मार्ग से विशाल कलश यात्रा निकाली गई थी। पीछे चल रहा ट्रक एचटी लाइन के नीचे लटक रही एलटी लाइन केबल में उलझ गया। लोगों ने शोर मचाकर ट्रक को रोक लिया, अन्यथा एलटी केबल के साथ एचटी लाइन भी नीचे गिरने से कई लोगों की जान जा सकती थी।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हार्डवेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान गणपति स्टील के सामने सड़क किनारे यह पोल लगा है। एक सप्ताह पहले किसी वाहन की टक्कर से यह पोल झुक गया था। इस बारे में लाइनमैन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एक ही पोल पर सबसे ऊपर नंगे तारों वाली 11 हजार वोल्ट की एचटी लाइन है और उसके नीचे घरेलू एलटी लाइन केबल काफी नीचे लटक गई है, जिसमें आए दिन वाहन उलझ रहे हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने मौके का निरीक्षण कर इसे बहुत खतरनाक और जानलेवा बताया। उन्होंने कहा कि आगे त्योहारों का मौसम आ रहा है और कई शोभा यात्राएं इसी मार्ग से निकलेंगी, अतः विद्युत विभाग को अति शीघ्र यह पोल बदलकर दोनों लाइनें टाइट कर देनी चाहिए।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि अक्टूबर में इसी मार्ग से शंकर बारात, राम बारात और प्रतिदिन रामलीला के पात्रों के रथ निकलेंगे। दीपावली के बाद विशाल खाटू श्याम यात्रा भी निकलेगी। इसलिए लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए पोल को तत्काल बदलना बहुत आवश्यक है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता करन जायसवाल ने जानकारी होने पर बताया कि जल्द ही इस पोल को बदलकर दोनों लाइनें ठीक करा दी जाएंगी।

# आंगन मिलन कार्यक्रमः गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

- पोषण रेसिपी प्रतियोगिता में कार्यकत्रियों ने लिया हिस्सा, बच्चों को बांटी मिष्ठान व स्टेशनरी




महिला को साड़ी भेंट करते सीडीपीओ शेषमणि यादव, गुगरापुर परियोजना प्रभारी सीडीपीओ रश्मि शर्मा

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।

ब्लॉक सभागार में सोमवार को आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना अधिकारी शेषमणि यादव, गुगरापुर परियोजना प्रभारी सीडीपीओ रश्मि शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस दौरान तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और छह माह की आयु पूरी कर चुके तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। पोषण से तैयार रेसिपी प्रतियोगिता के साथ 12 स्वस्थ बालक- बालिकाओं के बीच प्रतियोगिता कराई गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभान्वित माताओं को सम्मानित किया गया। बच्चों को मिष्ठान व स्टेशनरी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सुपरवाइजर पूजा अग्निहोत्री, अमीषा चौरसिया, गरिमा दिवाकर, झंडा देवी समेत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बाल विकास, पोषण गतिविधियों और विभागीय दायित्वों पर चर्चा हुई।

## छात्र ने दिया संदेश - इंटरनेट का करें सदुपयोग, ऑफलाइन अध्ययन को भी दें बढ़ावा



गुरसहायगंज, कन्नौज। मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज के सहायक प्रवक्ता अंग्रेजी पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को इंटरनेट और मोबाइल फोन का सदुपयोग करने का संदेश दिया है। सहायक प्रवक्ता अंग्रेजी ने अपने लेख में लिखा है कि आज के तेजी से बदलते युग में संचार क्रांति चरम पर है। आज हर हाथ में मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया की पहुंच है। लेकिन आज की नई पीढ़ी, खासकर विद्यार्थियों को बहुत समझदारी के साथ इन आधुनिक उपकरणों का सही उपयोग करना चाहिए, नहीं तो भविष्य, करियर और जीवन का रास्ता भटक सकता है। पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हमारा डिजिटल व्यवहार आदर्श और मानवता से प्रेरित होना चाहिए, ताकि हम ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में नए विचार, रचनात्मक और वैज्ञानिक सोच और तार्किक क्षमता को विकसित कर सकें। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि वर्तमान पीढ़ी को खोखला होने से बचाने के लिए हमें खुद लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए और अपने साथियों को भी प्रेरित और जागरूक करना चाहिए। साथ ही छात्र ने अधिक स्क्रीन समय से होने वाले नुकसान पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हमें ऑफलाइन अध्ययन को भी बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि अधिक स्क्रीन समय हमारे मन, मस्तिष्क के अलावा आंखों की रोशनी पर भी बुरा असर डालता है। स्वाध्याय से हम खुद को अध्ययन पर केंद्रित रख सकते हैं। जीवन में अनुशासन, संयम और मर्यादा का पालन बहुत जरूरी है।

## मानवीय संवेदना की मिसाल बने अखिलेश यादव, कैंसर पीड़ित सपा नेता के परिवार को दी आर्थिक सहायता

गुरसहायगंज / कन्नौज। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ युवा नेता श्याम सुंदर गुप्ता, निवासी गुरसहायगंज लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उनकी बीमारी की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव ने मानवीय संवेदना की मिसाल पेश करते हुए परिवार की आर्थिक सहायता की। बताया गया है कि दो दिन पूर्व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र राठौर बबल प्रधान, डॉ अरुण कुमार शर्मा राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी, युवा नेता पवनेश यादव, रोहित यादव सहित साथियों द्वारा पीडीए जननायक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक श्याम सुंदर गुप्ता की बीमारी की जानकारी पहुंचाई गई थी। जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्याम सुंदर गुप्ता के पुत्र को बुलाकर आर्थिक सहायता प्रदान की। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कई अवसरों पर वे गुप्ता परिवार की सहायता कर चुके हैं।

# बीमारी से बचाव का पाठ पढ़ाने गांव पहुंची मेडिकल टीम

- टूसावरी के प्राथमिक विद्यालय में मेडिकल कॉलेज की टीम ने लगाया स्वास्थ्य कैंप



समृद्धि न्यूज,तिर्वा, कन्नौज।

'चलो गांव की ओर' अभियान के तहत सोमवार को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने उमर्दा ब्लॉक के टूसावरी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य कैंप लगाया। प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित कैंप में बच्चों और विद्यालय स्टाफ को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। चिकित्सकों ने साफ-सफाई और व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, सीएमएस दिलीप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी और मेडिकल कॉलेज की टीम के साथ विद्यालय पहुंचे। उन्होंने बच्चों को स्वाइन फ्लू (एच1एन1) के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी। चिकित्सकों ने बताया कि खांसी, जुकाम, तेज बुखार या सांस लेने में दिक्कत होने पर लापरवाही न बरतें और तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। कैंप में ग्रामीणों को भी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कुछ ग्रामीणों की मुफ्त जांच की गई और आवश्यक सलाह के साथ दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी सदस्य, पीजी रेजिडेंट और इंटर्न मेडिकल छात्र मौजूद रहे।

## आगरा खंड निर्वाचन को लेकर डीएम ने कसी कमर

कन्नौज। विधान परिषद के आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 की तैयारियों की कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में समीक्षा हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नोडल अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 29 सितंबर को अधिसूचना, छह अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तिथि, सात अक्टूबर को संवीक्षा और नौ अक्टूबर को नाम वापसी होगी। मतदान 23 अक्टूबर और मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। कन्नौज में स्नातक के 7,147 और शिक्षक के 1,817 समेत 8,964 मतदाता हैं। स्नातक के लिए 12 और शिक्षक के लिए आठ मतदेय स्थल निर्धारित हैं। डीएम ने मतदान कार्मिकों की नियुक्ति व दो चरणों में प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री और मतपेटिकाओं की व्यवस्था, परिवहन तथा बूथों पर बिजली, पानी, प्रकाश, जनरेटर और चिकित्सा किट उपलब्ध कराने को कहा।

# भाकियू ने उठाई पीछे दूसरा गेट खोलने की मांग




समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज।

नगर के तिर्वा रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में प्रवेश और निकास के लिए मात्र एक ही गेट होने से पीछे की आबादी को एक किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ रहा है।

इस समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भूमिपुत्र) ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपा है। संगठन के प्रदेश कार्यालय नगर तिंवा रोड भेजे गए पत्र में बताया गया है कि अस्पताल के पीछे मकान सर्विस रोड बना है पीछे घनी आबादी और कई स्कूल-कॉलेज हैं, लेकिन अस्पताल का गेट एक ही तरफ होने से छात्राओं, महिलाओं और आम नागरिकों को काफी परेशानी होती है। यूनियन की मांग - पीछे सर्विस रोड पर खुले दूसरा गेट भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र के प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा कि जनहित में अस्पताल के पीछे सर्विस रोड पर विकास हेतु दूसरा गेट लगवाया जाना बहुत जरूरी है। इससे आम नागरिक, छात्र और महिलाओं को अस्पताल में प्रवेश करने की सुविधा मिलेगी और समय की भी बचत होगी। संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पर शीघ्र कार्रवाई कर दूसरा गेट लगवाने की कृपा करें, जिससे समस्त जनता आपकी आभारी रहेगी।

## सूचना

राजेन्द्र पुत्र माधौराम व रामविलास ने माया देवी पत्नी श्री वेदप्रकाश निवासी मो. गनेश चौधरी कस्बा, पोस्ट व परगना तहसील छिबरामऊ जिला फर्रूखाबाद का बैनामा किया था जिस्का बही सं. 1 खण्ड सं. 280 पृष्ठ 35 से 64 तक क्रम 345 बही सं. 1 जिल्द सं. 318 के पृष्ठ सं 353 से 354 पर दिनांक = 29-01-1996 को उप निबंधक कार्यालय छिबरामऊ, फर्रूखाबाद में पंजीकृत है, जो कहीं खो गया है। अतः उक्त दस्तावेज के विरूद्ध किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था का कोई हित हो तो इस प्रकाशन के सात दिन के अंदर संपर्क करें। आकर्षक तिवारी एडवोकेट मो. 9839065577

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला की मौत

समृद्धि न्यूज़,कायमगंज।



मृतका की फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

बिजली विभाग की मनमानी, रिश्वतखोरी और घोर लापरवाही ने सोमवार सुबह मीरपुर कमुद्दीनगर गांव में 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन टूटने के बाद करंट की चपेट में आने से 26 वर्षीय महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका अपने पीछे 20 दिन के मासूम बेटे और दो नन्हीं बेटियों को छोड़ गई है। परिजनों का गंभीर आरोप है कि लाइनमैन ने तार जोड़ने के एवज में रिश्वत मांगी थी और पैसे न मिलने पर लाइन चालू छोड़कर चला गया, जिससे यह बड़ा हादसा हुआ। मीरपुर कमुद्दीनगर गांव में अचानक 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन टूटकर घर से महज 30 मीटर की दूरी पर गिर पड़ी। इसी दौरान अनिल कुमार की 26 वर्षीय पुत्री रागिनी शौच के लिए घर से बाहर निकली। जमीन पर फैले हाईटेंशन तार की चपेट में आते ही रागिनी को तेज करंट लगा। चीखने तक का मौका नहीं मिला और वह तड़पकर वहीं गिर पड़ी। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रागिनी की शादी करीब 6 साल पहले कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका अम्बेडकर नगर तलैया निवासी आनंद जाटव से हुई थी। वह 5 दिन पहले ही अपने 20 दिन के नवजात शिशु को लेकर मायके आई थी। परिजनों के गंभीर आरोप है कि रिश्वत नहीं दी तो चालू छोड़ दी। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर सीधा हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, सुबह हादसे से पहले लाइनमैन गौरव गंगवार मौके पर आया था। उसने टूटे तार को जोड़ने के लिए पैसे की मांग की। गरीब परिवार ने जब पैसे देने में असमर्थता जताई, तो वह बिजली की सप्लाई चालू छोड़कर यह कहकर चला गया कि आधे घंटे बाद आऊंगा। हादसे के बाद जब स्थिति बिगड़ी, तो ग्रामीणों ने जेई कृष्णकांत को फोन लगाया, लेकिन उन्होंने फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर लाइनमैन बिजली बंद कर देता या रिश्वत की जिद न अड़ाता, तो आज गांव की बेटी जिंदा होती। रागिनी की गोद में महज 20 दिन का दुधमुंहा बेटा है, जो मां के दूध के लिए रो-रोकर बेहाल है। वहीं, दो छोटी बेटियों के सिर से भी मां का आंचल हमेशा के लिए उठ गया है। पत्नी की अचानक मौत से पति आनंद सुध-बुध खो बैठे हैं और गोद में बिलखते नवजात को संभाल नहीं पा रहे हैं। सूचना पर हल्का दरोगा जयेंद्र सिंह, सिपाही अनिल और महिला सिपाही अंजली चौधरी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष जन चौपाल में गोद भराई कार्यक्रम संपन्न

समृद्धि न्यूज़,नवाबगंज।



बच्चे को खीर खिलाते अधिकारी

शासन के निर्देशों के अनुपालन में विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत मई हादीदादपुर और कुरार सहित तीन ग्राम पंचायतों में विशेष जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास विभाग के अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

जन चौपाल के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा की गई और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन तथा प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के सर्वे पर विस्तार से चर्चा की और पात्र लाभार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार, इंचार्ज सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय, अजीत सिंह, ग्राम प्रधान सुमित कुमार शाक्य सहित विकासखंड के कई अधिकारी, कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीढ़ी न मिलने से पेड़ से गिरा लाइनमैन, अस्पताल में भर्ती



लाइनमैन का उपचार करते चिकित्सक

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।

हाई टेंशन लाइन में आई खराबी को दूर करने के दौरान रविवार शाम एक संविदा लाइनमैन पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में साथियों ने उसे अस्पताल पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहानगंज थाना क्षेत्र के बहोरा गांव निवासी नरेंद्र सिंह जरारी बिजली केंद्र पर संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात हैं। रविवार शाम रसीदपुर तिराहा के पास 11,000 वोल्ट की हाई टेंशन लाइन से शीशम के पेड़ की टहनी छू रही थी, जिससे इलाके की बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई थी। आपूर्ति बहाल करने के लिए नरेंद्र ने नियमानुसार बिजली केंद्र से शटडाउन लिया और पेड़ पर चढ़कर टहनी काटने लगे। नरेंद्र के मुताबिक, टहनी काटने के बाद उसे नीचे गिराने के लिए, जैसे ही उन्होंने पैर मारा, उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे नीचे आ गिरे। घायल लाइनमैन नरेंद्र ने बिजली विभाग की लापरवाही उजागर करते हुए बताया कि लाइन की मरम्मत और पेड़ की छंटाई के लिए विभाग द्वारा उन्हें सीढ़ी तक उपलब्ध नहीं कराई गई थी। सुरक्षा उपकरणों और सीढ़ी के अभाव में उन्हें मजबूरी में सीधे पेड़ पर चढ़कर काम करना पड़ा। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद साथियों ने घायल नरेंद्र को कमालगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। वहाँ डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। 108 एंबुलेंस की मदद से नरेंद्र को डॉ० राम मनोहर लोहिया में भर्ती कराया गया।

# नमो सेवा अनकही कहानियां के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ शुभारंभ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। नमो सेवा अनकही कहानियां कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की सांस्कृतिक टोलियों ने विधानसभा कायमगंज क्षेत्र के अंतर्गत कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं लोक कलाओं के जरिए जन-जन तक सेवा, संस्कृति, विरासत एवं विकास से जुड़े संदेशों को पहुंचाया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की टीमों द्वारा लोकगीत, लोकनृत्य, नाट्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषयों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की टीमों के कलाकारों सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

# डीएम ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा, जतायी नाराजगी

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।



बैठक लेती डीएम

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की स्थिति सामने आई। मै. जी.वी.पी.आर. द्वारा कार्य 70 उच्च टंकियों जलाशय का निर्माण, 257 गांवों में नियमित पेयजल आपूर्ति और 64 गांवों में हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण किया गया है। मै0 वी.टी.एल. गजा द्वारा कार्य 151 उच्च टंकियों का निर्माण, 270 गांवों में नियमित जलापूर्ति और 195 गांवों में हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मै. जी.वी.पी.आर. को सभी अवशेष कार्यों को जल्द से जल्द समयसीमा के भीतर पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। समय पर कार्य न पूरा करने की स्थिति में फर्म के खिलाफ जल तरलता क्षति जुर्माना लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की कम संख्या को लेकर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिक श्रमशक्ति लगाकर 51 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुकी 57 पेयजल योजनाओं को युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए। पूर्ण हो चुकी 70 पेयजल योजनाओं को अतिशीघ्र अनुरक्षण एवं संचालन लेने के निर्देश दिए गए। मै. जी.वी.पी.आर. को निर्माणाधीन योजनाओं में लगे श्रमिकों की सूची और योजनाओं का विवरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। फर्म को पूर्व में दी गई कार्ययोजना के अनुसार सभी योजनाओं को नियत तिथि के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा करने की ताकीद की गई।

## खबरें एक नजर में

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक घायल



घायल को उठाते ग्रामीण

समृद्धि न्यूज़,नवाबगंज। थाना क्षेत्र के गांव बवना निवासी जावेद खान सोमवार शाम लगभग 6 बजे अपने साथी कुलदीप के साथ बाइक से नवाबगंज बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रहे थे, तभी बवना की तरफसे सामने से आ रहे तेज रफ्तार में बर्तन विक्रेता ने जावेद खान की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बर्तन विक्रेता मौके से फरार हो गया और जावेद खान अपने मित्र कुलदीप के साथ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें एक चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है।

### आबकारी टीम ने अवैध कच्ची शराब व लहन किया बरामद

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश व जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफप्रवर्तन अभियान जारी है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 सुधांशु चौधरी की टीम ने कायमगंज के ममापुर गांव में दबिश देकर 5 लीटर कच्ची शराब और 60 किलो लहन बरामद किया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट कर आबकारी अधिनियम के तहत 1 मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही टीम ने खुम्मरपुर, बधौना व नवाबगंज स्थित देशी व कंपोजिट शराब दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन पेमेंट, पीओएस मशीन, कैंटीन और सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। अनुज्ञापियों को सभी अभिलेख अपडेट रखने, शासन के नियमों का पालन करने तथा अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### विकास कार्यों में ढिलाई पर 13 ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद। मुख्य विकास अधिकारी ने राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त आयोग की धनराशि के व्यय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान विकास कार्यों और बजट खर्च में खराब प्रगति पाए जाने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कार्य में लापरवाही बरतने और बजट व्यय में सुस्ती दिखाने वाले 13 ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। सीडीओ ने सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया है कि यदि आगामी 3 दिनों के भीतर व्यय प्रगति में सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित सचिवों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। नोटिस पाने वाले ग्राम पंचायत सचिवों में विकास खण्ड नवाबगंज के पंचायत सचिव कामता प्रसाद पटेल, प्रवीन कुमार, अरविन्द कुमार के नाम शामिल है। वहीं विकास खण्ड राजेपुर के ग्राम पंचायत सचिव राजीव कुमार व विकास खण्ड शमसाबाद के ग्राम पंचायत सचिव विवेक कुमार तथा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद के ग्राम पंचायत सचिव विनय कुमार सिंह, शिवपाल सिंह का नाम शामिल है। विकास खण्ड कमालगंज के ग्राम पंचायत सचिव सिद्धार्थ यादव, अमित कुमार शुक्ला व विकास खण्ड कायमगंज के ग्राम पंचायत सचिव शुभम तिवारी, शशिदेव सिंह, संजीव गंगवार, रवेन्द्र कुमार सिंह के नाम शामिल है।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, धान की खेती में हुआ नुकसान

**पुलिया, सड़क बहने से कटे कई गांव, कच्चे मकान गिरे**

समृद्धि न्यूज़,कमालगंज।



बाढ़ के पानी से कटी पुलिया

लगातार हो रही तेज़ बारिश व बाढ़ से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण जलभराव, रास्ते बंद होने, सैकड़ों बीघा धान की फसल जलमग्न होने और दर्जनों कच्चे मकान गिरने से ग्रामीणों और किसानों पर भारी संकट आन पड़ा है। ग्राम भोजपुर के पास स्थित छोटी बघार पुलिया की सड़क का एक बड़ा हिस्सा पानी के तेज़ बहाव में बह गया। इससे भोजपुर, ढपलपुर और संतोषपुर जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। रोज़ाना हज़ारों लोगों का इसी रास्ते से आवागमन होता है। अब ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, किसानों और नौकरीपेशा लोगों को कमालगंज और आसपास के बाजारों तक पहुँचने के लिए कई किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। भोजपुर निवासी रामनिवास, वेचेलाल कटेरिया, महेश, गंगासिंह, ढपलपुर के राजेश कुमार और संतोषपुर के सुनील ने बताया कि मुख्य रास्ता टूटने से रोज़मर्रा के कामों पर जाना कठिन हो गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की तुरंत मरम्मत कराने की गुहार लगाई है। सैकड़ों बीघा धान जलमग्न हो गये है। क्षेत्र के रजीपुर, राजेपुर सरायमेदा, देवरान गढ़िया, खुदागंज, अमानाबाद, सरफाबाद, गुलरिया मधवापुर और उस्लामगंज समेत कई गांवों के खेत पूरी तरह पानी में डूब चुके हैं। किसानों के अनुसार, खेतों में खड़ी धान की फसल पकने की कगार पर थी। जलभराव के कारण फसल डूब गई है। यदि पानी जल्द नहीं निकाला गया तो धान के दाने सड़ जाएंगे और पैदावार बुरी तरह प्रभावित होगी। रजीपुर के किसान रामू राजपूत, अखलेश और खुदागंज के संतोष ने बताया कि पहले ही आलू के उचित दाम न मिलने से किसानों को भारी घाटा हुआ है और आलू कौड़ियों के भाव बिक रहा है। अब धान की फसल नष्ट होने से किसानों की कमर टूट गई है। किसानों ने खेतों से पानी निकासी के पुख्ता इंतज़ाम कराने, नुकसान का सर्वे कराने और उचित मुआवज़ा देने की मांग की है। शनिवार और रविवार को हुई मुसलाधार बारिश के चलते कमजोर मकानों की नींव में पानी भर गया, जिससे क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक कच्चे मकान गिर गए। कंधरापुर गांव में सर्वाधिक 7 कच्चे मकान गिरे।

इसके अलावा ईसापुर, रजीपुर, श्रृंगीरामपुर, राजेपुर सरायमेदा और जहानगंज क्षेत्र में 4 कच्चे मकान धराशाई हो गए। हादसों के समय परिवार के सदस्य मकानों से बाहर निकल चुके थे, जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने से प्रभावित परिवारों के सामने छत और घरेलू सामान को सुरक्षित रखने की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। पीड़ितों ने प्रशासन से क्षति का आकलन कर तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान करने की अपील की है।

## निचली गंगा नहर एक अक्टूबर की मध्य रात्रि से बंदी

**किसानों से सिंचाई संबंधी कार्य समय से पूर्ण करने की अपील**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि निम्न गंगा नहर में निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत 01 अक्टूबर की मध्य रात्रि से नहर की बंदी की जाएगी। इस संबंध में सिंचाई विभाग द्वारा आवश्यक सूचना जारी की गई है। नहर की बंदी को दृष्टिगत रखते हुए किसानों से अपील की गई है कि वे सिंचाई से संबंधित आवश्यक कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सिंचाई विभाग द्वारा नहर बंदी से संबंधित सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जानकारी सिंचाई विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जा रही है।

### भट्ठा मजदूर की बेटी को अगवा करने का लगाया आरोप

**पुलिस ने मामला बताया फर्जी**

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र स्थित एक ईंट-भट्टे पर काम करने वाले मजदूर द्वारा अपनी बेटी के अपहरण और फायरिंग की सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले को खारिज करते हुए मजदूर को नशेड़ी बताया और सूचना को झूठी करार दिया है।

थाना क्षेत्र के एक ईंट-भट्टे पर कार्यरत गैर-प्रांतीय मजदूर ने थाने पहुंचकर पुलिस को दोपहर बाद शिकायत दी। पीड़ित के अनुसार ईंट-भट्टे के पास बने शराब के ठेके के निकट कुछ दबंगों ने उसकी बेटी को जबरन उठा लिया और एक कमरे में बंद कर बंधक बना लिया। मजदूर का आरोप है कि जब उसने अपनी बेटी को छुड़ाने के लिए विरोध किया, तो दबंगों ने उस पर तमंचे से फायर भी किया। फायरिंग और लड़की के अपहरण की सूचना मिलते ही हल्का दरोगा दीपक त्रिवेदी पुलिस बल के साथ पीड़ित को लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे। हालांकि, घटनास्थल का मुआयना करने के बाद दरोगा दीपक त्रिवेदी ने बताया कि संबंधित व्यक्ति नशेड़ी किस्म का है और उसने पुलिस को पूरी तरह से गलत व झूठी सूचना दी थी। मौके पर इस प्रकार की कोई वारदात नहीं हुई है। भले ही पुलिस ने मजदूर को नशेड़ी बताकर मामले को रफा-दफा कर दिया हो, लेकिन इस कार्रवाई पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जो मजदूर सालों से ईंट-भट्टे पर शांतिपूर्वक काम कर रहा है और जिसने आज तक कभी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई, उसने अचानक इतनी बड़ी झूठी सूचना क्यों दी। यदि पीड़ित के साथ कोई अनहोनी या विवाद नहीं हुआ था, तो वह खुद चलकर थाने तक क्यों आया? पुलिस द्वारा सीधे तौर पर मजदूर को नशेड़ी करार दिए जाने से मामले में संशय बना हुआ है और स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# आदेशों को ठेंगा दिखा रहे जिम्मेदार, सड़कों पर आवारा गोवंशों का डेरा

**डीएम और सीडीओ के सख्त निर्देशों के बावजूद स्थानीय स्तर पर बरती जा रही घोर लापरवाही**

समृद्धि न्यूज़,नवाबगंज।



सड़क के बीचों बीच बैठे आवारा गौवंश

एक तरफ जहां जिला प्रशासन आवारा गोवंशों को लेकर पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। वहीं दूसरी तरफस्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के चलते सड़कों पर आवारा गोवंशों का जमावड़ा लगा हुआ है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज में मुख्य फर्रुखाबाद रोड पर खुलेआम घूम रहे आवारा मवेशी प्रशासनिक दावों की पोल खोल रहे हैं। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लगातार कड़े निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंशों को पकड़कर तत्काल संरक्षित गौशालाओं या सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए, ताकि आम जनमानस को आवागमन में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बावजूद नवाबगंज में जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि नवाबगंज-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित विकासखंड कार्यालय और नगर पंचायत नवाबगंज के मुख्य द्वार के ठीक सामने दर्जनों की संख्या में आवारा गोवंश सड़क के बीचों-बीच बैठे और घूमते दिखाई देते हैं। जिस मार्ग से प्रतिदिन जिम्मेदार अधिकारियों का आना-जाना होता है, उसी जगह पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। मुख्य मार्ग पर हर समय गोवंशों के बैठे रहने से वाहन चालकों और राहगीरों के लिए हर पल दुर्घटना का खतरा बना रहता है। तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक गोवंशों के आने से बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उच्च अधिकारियों द्वारा जारी किए जा रहे फरमानों की स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। मवेशियों को पकड़कर गौशाला भिजवाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। क्षेत्रीय जनता ने मांग की है कि सड़कों पर घूम रहे इन आवारा गोवंशों को तुरंत पकड़कर नजदीकी गौशाला में भेजा जाए, जिससे किसी भी बड़ी अप्रिय घटना को रोका जा सके और आमजन को राहत मिल सके।

# जानो कानून, सुरक्षित रखो अपना भविष्य, छात्राओं को किया जागरूक

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।




कार्यक्रम में मौजूद न्यायिक अधिकारी व शिक्षिकायें

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सोमवार को मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में विधिक सहायता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिविल जज बिंदिया भटनागर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन शिक्षिका पूनम शुक्ला व दर्शना शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि बिंदिया भटनागर ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, जानो कानून, सुरक्षित रखो अपना भविष्य। जज ने छात्राओं को साथ गुड टच और बैड टच जैसे संवेदनशील विषय पर खुली चर्चा की और उनकी विभिन्न समस्याओं व जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने बाल विवाह के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि कानूनन 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह योग्य नहीं है। इसे बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत गंभीर अपराध माना गया है। नोडल शिक्षिका पूनम शुक्ला ने आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 तथा अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विधिक जागरूकता विषय पर पोस्टर भी बनाए। जिसकी मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की। उप प्रधानाचार्या कुसुमलता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाएं और स्टाफ मौजूद रहा।

# महावीर दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण महापर्व संपन्न

समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।

श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर मोहल्ला जोगराज में 16 सितंबर से 25 सितंबर तक दसलक्षण पर्व पूजा बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक माहौल में आयोजित की गई। महापर्व के समापन अवसर पर समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक क्षमावाणी पर्व मनाया।

कार्यक्रम के दौरान कन्हैयालाल जैन ने कहा कि जिनमत, जो संपूर्ण विश्व का धर्म है, उसका दूसरा नाम पर्युषण है। यह पर्व पापों का नाश कर शाश्वत सुख की अनुभूति कराता है। उन्होंने बताया कि इस पर्व में दस धर्म उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम अकिंचन्य एवं उत्तम ब्रह्मचर्य समाहित हैं। ये दस धर्म चारों गतियों के दुखों से निकालकर जीव को मोक्ष सुख की ओर ले जाते हैं। दसलक्षण पर्व आत्म-शुद्धि और साधना का पर्व है, जिसमें जाने-अनजाने में मन, वचन और काया से हुई भूलों की आलोचना कर प्रतिक्रमण किया जाता है तथा भविष्य में संयमपूर्वक जीवन जीने का संकल्प लिया जाता है। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने कहा कि भगवान महावीर ने आत्मकल्याण के लिए हमें 10 धर्मों के रूप में 10 दीपक दिए हैं। पर्युषण पर्व प्रतिवर्ष हमारे अंतःकरण में दया, क्षमा और मानवता जगाने का कार्य करता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से बिंदिया भटनागर ने कहा कि जिस प्रकार दीपावली पर घर की साफ-सफाई की जाती है, उसी प्रकार पर्युषण पर्व मन की सफाई करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि जब तक मन की कटुता दूर नहीं होगी, तब तक क्षमावाणी मनाने का कोई अर्थ नहीं है। दिल से मांगी गई क्षमा हमें सज्जनता और सौम्यता के रास्ते पर ले जाती है। हमें मन में क्षमा भाव का दीपक जलाकर सदैव धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। इंद्रों के वेश में भगवान शांतिनाथ का अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा करने का आशीष कुमार जैन एवं रेनू जैन को प्राप्त हुआ।

कन्हैया लाल जैन, कमल कुमार जैन, रोमिल जैन, अभिषेक जैन, नीरज जैन, चिराग जैन तथा ग्रंथ जैन ने विधि-विधान से अभिषेक एवं पूजन संपन्न किया। कार्यक्रम के दौरान पवन कुमार जैन, मयंक जैन, राजीव जैन, सुरेंद्र सफ्फड़, अवनीश कुमार गुप्ता, पूनम जैन, मणि जैन, विमला जैन, कल्पना जैन, चेतना जैन, अंजू जैन, आरती जैन, वर्षा जैन, मोनी जैन, मिनी जैन, शिखा जैन, ममता जैन, आकांक्षा जैन, निधि जैन, साधना जैन मौजूद रहे।

# 38वें मानस सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**▸ अखिलेश शुक्ला बने सम्मेलन प्रभारी**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

पाण्डवेश्वर नाथ मन्दिर स्थित सत्संग भवन में 38वें मानस सम्मेलन की तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता मानस विद्वान राम बाबू पाठक ने की। उन्होंने अपनी 38 वर्ष की आध्यात्मिक यात्रा का उल्लेख करते हुए सभी सहयोगियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरित मानस में भारतीय सनातन संस्कृति की धरोहर है, जिसके द्वारा युवा पीढ़ी में संस्कार, समाज, परिवार व राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने बताया 30 सितंबर प्रातः 7 बजे सूर्य पूजन के साथ मानस सम्मेलन प्रारंभ होगा, जो 30 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चलेगा। सत्संग स्थल पांडाबाग सत्संग भवन रेलवे रोड पर होगा, सत्संग शाम 4 बजे से रात के 9 बजे तक होगा। उन्होंने कहा समाज व राष्ट्र निर्माण, हिन्दी प्रचार-प्रसार, सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना, मनसंताप दूर करना, मानसिक रोगों में शांति, नारी उत्थान, अस्पृश्यता निवारण व सामाजिक समरसता। सदानंद शुक्ला ने आगन्तुक संतों एवं विद्वानों के विषय में जानकारी दी। साध्वी प्रज्ञा भारती पंछी देवी हरिद्वार, ईश्वरदास ब्रह्मचारी जालौन, अरुण गोस्वामी झाँसी, सुष्मिता राय गाजीपुर, पीलाराम शर्मा दुर्ग छत्तीसगढ़, लीला भारती दतिया मप्र, देवीसहाय तिवारी कानपुर, इन्दु रामायणी सागर मप्र, प्रहलाद मिश्र गोण्डा, नन्दकिशोर पाठक तबला वादक हमीरपुर रहेंगे। ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री ने विवेचना के बिंदुओं पर चर्चा की। जानकी विवाह एवं श्री राम राज्याभिषेक भी आयोजित होंगे। बैठक में सर्वसम्मति से अखिलेश शुक्ला को सम्मेलन प्रभारी नियुक्त किया गया तथा आमंत्रण पत्रक का विमोचन किया गया। आयोजन समिति में नरेश चन्द्र दुबे, सच्चिदानन्द शुक्ला, सुरजीत कुमार पाठक, अपूर्व पाठक, विशेष, अजीत, अद्भुत ने सहयोग का संकल्प लिया।


मानस सम्मेलन की जानकारी देते समिति के लोग

# आर्य समाज ने की समाजिक एकता की प्रार्थना

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

कमालगंज नगर में क्रांतिकारी एवं शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की 119वीं जयंती पर आर्य समाज द्वारा श्रद्धांजलि एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ वैदिक यज्ञ से हुआ। उपस्थित लोगों ने आहुतियां प्रदान कर देश में सुख-शांति, समृद्धि, सामाजिक एकता एवं राष्ट्र की उन्नति की प्रार्थना की। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि साहस, त्याग, राष्ट्रप्रेम और वैचारिक जागरण के प्रतीक थे। उनके परिवार पर आर्य समाज और महर्षि दयानंद के विचारों का प्रभाव रहा। उनके दादा सरदार अर्जुन सिंह आर्य समाज से जुड़े हुए थे और वैदिक विचारों से प्रभावित थे।

**भगत सिंह की जयंती पर गोष्ठी सम्पन्न**

परिवार से मिले राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सुधार और त्याग के संस्कारों ने भगत सिंह के व्यक्तित्व को गहराई से प्रभावित किया। साहिल कुमार ने कहा कि युवा शक्ति को नशे से नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और राष्ट्रसेवा से जोड़ना होगा। उन्नति आर्या, नेहा आर्या ने विचार रखे। लोगों ने भगत सिंह को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन मे अपनाने तथा राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आचार्य ओमदेव, विजेंद्र सिंह, वैभव सिंह, हर्ष आर्य, जयपाल शास्त्री, संतोष, उर्मिला आर्या उपस्थित रहे।


गोष्ठी में मौजूद आर्य समाज के लोग

## कांग्रेस अपनी राजनीतिक कमजोरियों पर करें आत्ममंथनः फतेहचंद वर्मा

**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने सोमवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लेकर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजनीतिक द्वेष की भावना से विभिन्न प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपनी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कमजोरियों पर आत्ममंथन करना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासनिक एवं संवैधानिक विषयों को राजनीतिक हथियार बनाकर जनता के बीच भ्रम फैलाने से कांग्रेस की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। वर्ष 2014 के बाद से कांग्रेस लगातार केंद्र की सत्ता से बाहर है। ऐसे में कांग्रेस के नेताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी और संवैधानिक संस्थाओं पर बार-बार सवाल उठाना उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है।

# शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में मनी भगत सिंह की जयंती


गोष्ठी में मौजूद छात्राएं

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में अमर शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गयी। विद्यालय परिसर में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भगत सिंह के जीवन चरित्र और उनके क्रांतिकारी विचारों पर विस्तार से चर्चा की। ब्रह्मविनोद सास्वत ने कहा कि भगत सिंह को अपनी मातृभूमि से अगाध प्रेम था। उन्होंने देश की आजादी के लिए, सर्वस्व त्याग कर स्वयं को राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया। शिक्षिका भूमिका सक्सेना ने कहा कि भगत सिंह के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। केवल उन्हें याद करना ही सच्ची श्रद्धांजलि नहीं है, बल्कि उनके उच्च आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना बेहद जरूरी है। छात्राओं ने भी भगत सिंह के जीवन और उनके योगदान के विषय में विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य सुतीक्ष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि भगत सिंह आज भी देश की युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं।

मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में देशभक्ति का जो जज्बा और दृढ़ संकल्प उनके अंदर था, उसने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। भगत सिंह अपने प्रखर विचारों से अंग्रेजों को आतंकित कर देते थे और अंग्रेज उनसे बेहद घबराते थे। संचालन विकास श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, शिल्पी मिश्रा, सुरभि श्रीवास्तव, प्रिया द्विवेदी, सन्दीप यादव, कमला गंगवार, लालाराम राजपूत, अमित कुमार, सीता गौड़, गुंजन पाल, सताक्षी, सुजाता राजपूत, अखिलेश कुमार उपस्थित रहे।

## क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के तत्वाधान में बद्री प्रसाद महाविद्यालय में अमर शहीद क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। अध्यक्षता कवि कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर ने की। प्रदेश महासचिव नारायण दत्त द्विवेदी ने कहा कि अमर शहीद द्वारा देश के लिए दिए गए महान योगदान को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए। विपिन अवस्थी ने कहा कि देश के लिए यदि अपने प्राणों की आहुति भी देनी पड़े, तो पीछे नहीं हटना चाहिए। जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने सभी से संकल्प लेकर राष्ट्र की रक्षा करने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा कि भगत सिंह राष्ट्र का गौरव हैं। उनकी जयंती पर सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने और देश की रक्षा का संकल्प लेने की आवश्यकता है। कवि कृष्णकांत त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर करने का संकल्प लेकर देश सेवा करनी चाहिए। उन्होंने अपनी चार पंक्तियों की कविता के माध्यम से भगत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी में सत्यम सिंह, रघुवंश मिश्रा, अमित गुप्ता, राहुल राजपूत, दीपू चौहान मौजूद रहे।


भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

# सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में गांधी जयंती के अवसर पर प्रथम चरण (25 सितम्बर से 01 अक्टूबर) के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट, 2012 की संवेदनशीलता के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सुश्री श्वेता कश्यप ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, 2012 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा तथा किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार के विरुद्ध आवाज उठाने के प्रति जागरूक किया। साथ ही, डेमो के माध्यम से छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। छात्राओं को ऐसी परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर विश्वसनीय व्यक्ति से सहायता लेने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में कानूनी जागरूकता, आत्म-सुरक्षा एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल एवं समस्त शिक्षिकाएँ तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



छात्राओं को जागरूक करती न्यायाधीश। साथ में मौजूद प्रधानाचार्या

## खबरें एक नजर में

### कार्यकर्ताओं से सतत् संवाद ही संगठन की शक्ति : रामकिशोर

**फतेहपुर।** जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई जिसमें मुख्य रूप से कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अध्यक्ष रामकिशोर साहू उपस्थित रहे, जिसमें महामंत्री समूह एवं अभियान संयोजकों से संवाद कर आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जरूरी संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए गए, श्री साहू ने कहा कि संगठन की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की सफलता हेतु कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद ही हमारी शक्ति है, जिसको गतिशील बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, बैठक में उपस्थित जिला प्रभारी राहुल अग्निहोत्री द्वारा वर्तमान में संचालित अभियान के कार्यक्रमों की निमित्त जानकारियों का आदान-प्रदान किया गया, बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा की गई, बैठक में पंकज त्रिवेदी, पुष्पराज पटेल, सुशीला मौर्या, नीरज सिंह, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, उदय लोधी, रेखा मिश्रा, सुधा मौर्या, ओम मिश्रा, ज्योति प्रवीण, विजय प्रताप सिंह, मंजू शुक्ला, अरूण शुक्ला, उपस्थित रहे।

### मां को खाना न देने के आरोप में पत्नी से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जहानाबाद, फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में मां को खाना न देने की बात को लेकर पत्नी के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति और सास के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। नारायणपुर गांव निवासी आरती देवी ने आरोप लगाया कि 27 सितंबर की शाम उसके पति प्रदीप कुमार ने मां को खाना न देने की बात को लेकर विवाद करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने अपनी सास माया देवी पर भी मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। मारपीट में आरती देवी के सिर और दाहिने हाथ में चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर प्रदीप कुमार और माया देवी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कृष्ण जन्म लीला देख भावविभोर हुए दर्शक

**जहानाबाद, फतेहपुर।** कस्बे के मोहल्ला दारागंज स्थित प्राचीन आशा देवी मंदिर में वृंदावन से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण लीला का भावपूर्ण मंचन किया। प्रथम दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीला प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मंचन के दौरान कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव के कारागार में बंद होने और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के प्रसंग को कलाकारों ने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म होते ही भक्ति गीतों और मनमोहक संवादों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रीकृष्ण जन्म का दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। इस मौके पर पप्पू कुशवाहा, वेद प्रकाश शुक्ला, श्रीराम गुप्ता, अनिल गुप्ता, शिवकरण कुशवाहा, नीरज मौर्य, शिवशंकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी आज देंगे धरना

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आवाहन पर एसोसिएशन के पदाधिकारी 29 सितम्बर 11 बजे जिला मुख्यालय फतेहगढ़ में मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे और प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार ने दी है।

### श्रीमद् भागवत कथा 3 अक्टूबर से शुरु

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा एवं सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 3 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। प्रथम दिवस पर कलश यात्रा निकाली जायेगी। कथा का आयोजन पीपल वाली गली आरडी मेमोरियल स्कूल के पास आवास विकास में सम्पन्न होगी। यह जानकारी सुनीता अग्निहोत्री ने दी है।

# सिलेंडर ब्लास्ट से मकान जमींदोज, चार मरे, दो गंभीर

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

मलवां थाना क्षेत्र के मलवां कस्बे में सोमवार शाम गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने से बड़ा हादसा हो गया। तेज धमाके के बाद दो मंजिला मकान भरभराकर गिर गया। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। मकान के मलबे में कई लोगों के दबे होने की सूचना पर पुलिस और फायर विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। हादसा कस्बे के सूरज गुप्ता के घर में हुआ। बताया जा रहा है कि घर में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने के बाद जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद मकान का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मलबा हटाने का काम शुरू किया। स्थानीय लोग भी राहत-बचाव कार्य में जुट गए।



**डीएम-एसपी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा**

मलवां थाना क्षेत्र के मलवां कस्बे में सोमवार शाम गैस सिलेंडर में हुए जोरदार ब्लास्ट से बड़ा हादसा हो गया। धमाका इतना तेज था कि दो मंजिला मकान भरभराकर जमींदोज हो गया। हादसे में मलबे में दबकर चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने चार लोगों की मौत की पुष्टि की है। हादसा कस्बे में सूरज गुप्ता के घर पर हुआ। अचानक हुए जोरदार धमाके से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## पूजा पाठ कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**बिंदकी, फतेहपुर।** पूजा पाठ कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर दो पक्षों के बीच कहा सुनी के बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में दंपति सहित तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने रात में ही तीनों का मेडिकल कराया और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत चकमदा गांव में आगामी नवरात्र त्योहार को लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा रखी जानी है। रविवार तथा सोमवार की मध्य रात को दो पक्षों के बीच के इस बात को लेकर विवाद हो गया कि पूजा पाठ कार्यक्रम में कौन शामिल होगा कौन नहीं शामिल होगा।विवाद के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से मोनी देवी उम्र 28 वर्ष पत्नी मोहित तथा मोहित उम्र लगभग 30 वर्ष घायल हुए जबकि मारपीट की इसी घटना में दूसरे पक्ष से संगीता उम्र 28 वर्ष पत्नी अंगद घायल हो गई।

# पुलिस ने 50 हजार के इनामिया अपराधी को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,बिंदकी फतेहपुर।**

सरकारी राशन कोटा दिलाने तथा सरकारी कॉलोनी दिलाने के नाम पर 24 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने वाले 50000 के इनामिया वांछित अभियुक्त को सर्विलांस सेल फ्तेहपुर तथा बिंदकी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार जनपदीय सर्विलांस सेल फ्तेहपुर तथा बिंदकी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सरकारी राशन कोटा तथा सरकारी कॉलोनी आवंटित करने का प्रलोभन देकर ठगी करने वाले 50000 के इनामियां वांछित अभियुक्त निखिल विश्वकर्मा उर्फगोलू उम्र लगभग 29 वर्ष पुत्र राम किशोर विश्वकर्मा निवासी योगेंद्र विहार नौबस्ता दक्षिणी थाना हनुमंत विहार कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर सोमवार को दिन में करीब 2:00 बजे न्यायालय भेज दिया। इस मामले में पुलिस के अनुसार सपना देवी पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह निवासी ग्राम कुशारा कोतवाली बिंदकी जनपद फ्तेहपुर आदि को ग्राम कुशारा में सरकारी राशन कोटा एवं सरकारी कॉलोनी आवंटित करने के नाम पर फर्जी कूट रचित दस्तावेज दिखाते हुए अभियुक्त ने कुल 24 लाख 69 हजार 700 की ठगी कर लिया था। पीड़ित लोगों द्वारा अपना पैसा वापस मांगने पर अभियुक्त द्वारा अपशब्द बोलकर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी।



## पूर्व भाजपा प्रत्याशी ने थामा सपा का दामन

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव मीडिया से रूबरू हुए और बताया की वर्तमान भाजपा सरकार से आम जनमानस ऊब चुका है। बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। जिसके चलते आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में अब जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा इस बार का चुनाव सीधे जनता लड़ रही है और सत्ता पर बैठी भाजपा सरकार को इस बार जनता उखाड़ फेंकेगी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी से 2012 में अयाह शाह विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हीरालाल निषाद ने समाजवादी पार्टी का दामन थामा और कहा कि अब भाजपा में सम्मान नहीं बचा है लिहाजा वह भाजपा को छोड़कर सपा का दामन थाम रहे हैं और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करेंगे और उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव चौधरी मंजर यार भी मौजूद रहे।

# बारिश ने छीनी छह परिवारों की छत, पंचायत भवन बना सहारा



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

लगातार बारिश ने गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत पिपरी नारायनपुर के मजरा नरायनपुर में शनिवार को भारी बारिश के दौरान छह कच्चे मकान भरभराकर ढह गए। मकान गिरने से बेघर हुए छह परिवारों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया। फिलहाल सभी परिवार पिछले तीन दिन से ग्राम पंचायत भवन में शरण लिए हुए हैं। नरायनपुर निवासी सर्वेश पुत्र कमलेश, भैना पुत्र महाबीर, रामखेलावन पुत्र रामलाल, राजकुमार पुत्र बुद्धा, लाल पुत्र बुद्धा और निशारुल पत्नी हबीब के मकान बारिश की भेंट चढ़ गए। गनीमत रही कि मकान गिरने के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को पंचायत भवन में ठहराया गया है। बेघर हुए परिवारों का कहना है कि वह लंबे समय से पक्के आवास की मांग कर रहे हैं। सरकार गरीबों को आवास देने का दावा करती है, लेकिन जरूरतमंद



परिवारों को समय पर आवास नहीं मिल सका। अब बारिश के चलते उनके कच्चे मकान भी नहीं बचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। निशारुल ने बताया कि उनके पति की पहले ही मौत हो चुकी है। उनके बेटे और बहू दोनों को फालिज का अटैक पड़ चुका है। दोनों का लंबे समय से लखनऊ में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि परिवार के पास रहने के लिए एक कच्ची कोठरी थी, लेकिन भारी बारिश में वह भी ढह गई। अब परिवार के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ता रामकिशोर सिंह ने बताया कि पिपरी नारायनपुर में कई अन्य गरीब परिवार भी जर्जर कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। नन्हके पुत्र कन्हैयालाल, बिटान, सर्वेश पुत्र कमलेश, राजकुमार पुत्र कमलेश, राधेश्याम पुत्र बैजनाथ, सुरेश पुत्र छोटकौनू, संजय पुत्र रामगोपाल, शेर बहादुर पुत्र चंद्रशेखर और रामजीवन पुत्र रामचरन के मकान भी जर्जर अवस्था में हैं। उन्होंने प्रशासन से सर्वे कराकर पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ देने की मांग की है। ग्राम प्रधान महेश ने बताया कि मकान गिरने से प्रभावित परिवारों को पंचायत भवन में ठहराया गया है। उनके खाने-पीने की व्यवस्था कराई गई है। प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर प्रभावित परिवारों को आवास दिलाने की मांग की जाएगी।

# 1070 पर एक कॉल, पानी में घिरे परिवार तक पहुंची मदद

**समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।**

पांडु नदी का पानी आबादी तक पहुंचने के बाद घर में फंसे एक परिवार के लिए राज्य स्तरीय राहत हेल्पलाइन 1070 पर किया गया एक फोन मदद का जरिया बन गया। घर में बुजुर्ग माता-पिता के साथ गर्भवती महिला भी फंसी थीं, जिन्हें चिकित्सकीय परामर्श के लिए बाहर जाना था। मदद की गुहार लगने के बाद प्रशासन ने परिवार से व्हाट्सएप के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखा और करीब 25 मिनट के भीतर एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बनपुरवा मजरा ग्राम पिपौरी निवासी कौशल गौतम ने रविवार दोपहर राहत



हेल्पलाइन 1070 पर फोन कर बताया कि पांडु नदी का पानी आबादी में आने से उनका परिवार घर में फंस गया है। उनकी गर्भवती पत्नी सुमन गुप्ता को चिकित्सकीय परामर्श के लिए बाहर ले जाना जरूरी था, लेकिन चारों ओर पानी होने के कारण परिवार के लिए स्वयं सुरक्षित बाहर निकलना संभव नहीं था। सूचना मिलते ही तहसीलदार सदर विनय कुमार द्विवेदी ने तत्काल राहत एवं बचाव की कार्रवाई शुरू कराई। एनडीआरएफ से समन्वय कर टीम को मौके पर रवाना किया गया। इस दौरान प्रशासन की ओर से कौशल से व्हाट्सएप के माध्यम से लगातार संपर्क रखा गया और उन्हें मदद पहुंचने का भरोसा दिलाया जाता रहा। करीब 25 मिनट में एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और पानी से घिरे मकान से कौशल, उनके माता-पिता और गर्भवती पत्नी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। तहसीलदार सदर विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि राहत हेल्पलाइन से परिवार के फंसे होने की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ को मौके पर रवाना किया गया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत लाभार्थी वितरण शिविर आयोजित

**समृद्धि न्यूज,उन्नाव।**

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत फैंटेसी मोटेल्स परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उन्नाव द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा शादी अनुदान स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उन्नाव की प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, रजनी तिवारी मौजूद रहीं।कार्यक्रम में पहुंचीं मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी का सदर विधायक पंकज गुप्ता ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी एवं सदर विधायक पंकज गुप्ता ने उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

## कलेक्ट्रेट मे युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**फतेहपुर।** धाता थाने के भुरचुनी गांव के रहने वाले बृजेश कुमार सोनकर पुत्र मिश्रीलाल कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपने ऊपर डीजल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। इस दौरान वहां पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने दौड़कर बृजेश सोनकर से माचिस छीन लिया और उसे लेकर पुलिस चौकी कलेक्ट्रेट पहुंचे वहीं पर मीडिया से रूबरू होते हुए एक प्राइवेट कंपनी में ड्राइवर बृजेश कुमार सोनकर ने बताया कि 2023 में उसके भाई श्याम कुमार की हत्या हो गई थी इसके लिए वह न्याय मांग रहा है अभी तक उसे न्याय नहीं मिला है। इसके साथी उसने कहा कि वह एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी सेकंड हैंड लेना चाह रहा था जिसके लिए नऊवा बाग में एक व्यक्ति को उसने 50000 भी दे दिया था और इसके बाद 125000 ऑनलाइन उसने ट्रांसफर कर दिया बावजूद इसके उस व्यक्ति ने उसे स्विफ्ट गाड़ी नहीं दिया जब उसे चारों ओर से कहीं न्याय नहीं मिला तो उसने आत्मदाह करने की सोची और तब कलेक्ट्रेट आकर उसने यह कदम उठाया।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**कानपुर।** किदवई नगर थानाक्षेत्र के जूही सफेद कॉलोनी में रविवार रात विवाहिता आकांक्षा मिश्रा (30) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुरालीजनों ने मायके पक्ष को फोन कर आकांक्षा के फंदा लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे मायकेवालों ने पति और ससुरालीजनों पर मकान दिलाने के लिए 20 लाख रुपये नकद और बुलेट की मांग पूरी न होने पर गला दबाकर हत्या करने और शव को फंदे पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कल्याणपुर बंबा निवासी एक नामचीन सीमेंट कंपनी के गोदाम इंचार्ज श्याम मिश्रा, उनकी पत्नी निशा और बेटे आकाश ने बताया कि उनकी इकलौती बेटी आकांक्षा की शादी 23 अप्रैल 2024 को जूही सफेद कॉलोनी निवासी पेय पदार्थ कंपनी के मैनेजर अनुराग बाजपेई उर्फ गौरव से हुई थी। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही आकांक्षा को दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। पिछले करीब आठ महीने से पति उस पर नया मकान दिलाने के लिए 20 लाख रुपये और बुलेट मायके से लाने का दबाव बना रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर अनुराग आए दिन आकांक्षा के साथ गालीगलौज और मारपीट करता था। लोकलाज के चलते वह परिजनों को पूरी बात नहीं बताती और प्रताड़ना सहती रही। मायकेवालों का आरोप है कि करीब दो सप्ताह पहले पति, उसके माता-पिता और बहन ने भी आकांक्षा को प्रताड़ित किया था। इसी दौरान उनसे चार लाख रुपये नकद भी लिए गए थे। इसके बावजूद कथित मांगें पूरी न होने पर प्रताड़ना जारी रही। रविवार रात अचानक आकांक्षा की मौत की सूचना मिलने पर मायकेवाले ससुराल पहुंचे तो वहां हंगामा हो गया। पिता श्याम मिश्रा ने आरोप लगाया कि बेटी के गले, कलाई और हाथ-पैर में चोट के निशान हैं।

## खबरें एक नजर में

### जगदीश मल्ल के निधन से संगठन ने समर्पित कार्यकर्ता खोया : पंकज चौधरी

महराजगंज। भाजपा के जखीरा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश मल्ल के निधन की सूचना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित राज्यमंत्री पंकज चौधरी सोमवार को मेदिनीपुर स्थित उनके निज आवास पहुंचे। उन्होंने जगदीश मल्ल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की।पंकज चौधरी ने कहा कि जगदीश मल्ल का निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने संगठन के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया। मंडल अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने में अपनी भूमिका निभाई। उनके निधन से पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता का संगठन के प्रति समर्पण उसकी सबसे बड़ी पहचान होती है। जगदीश मल्ल लंबे समय तक भाजपा से जुड़े रहे और संगठन की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके साथ बिताए समय और संगठन के प्रति उनकी सक्रियता को स्मरण करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता के रूप में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

### जनता को भ्रमित कर रहे हैं विपक्षी

महराजगंज। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन को अपनी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कमजोरियों पर आत्ममंथन करना चाहिए। चुनावी हार का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने सोमवार को मऊपकड़ में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनावों में मिल रही हार से हताश होकर निर्वाचन आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय कांग्रेस को अपनी राजनीतिक विफलताओं की समीक्षा करनी चाहिए। निर्वाचन आयोग के स्पष्ट बयान के बाद विपक्ष के आरोपों की वास्तविकता सामने आ गई है।

रविकांत पटेल ने कहा कि 26 सितंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा दोनों निर्वाचन आयुक्तों डॉ. एस.एस. संधू और विवेक जोशी की बैठक के बाद जारी संयुक्त प्रेस वक्तव्य में स्पष्ट किया गया कि देशभर में संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन , एसआईआर सहित सभी प्रमुख निर्णय आयोग की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 24 जून 2025 के मूल आदेश से लेकर विभिन्न चरणों की समय-सारिणी तक सभी निर्णय आयोग की पूर्ण सहमति से हुए हैं।

### डीएम व एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र व तटबंधो का किया निरीक्षण



महराजगंज। जनपद में पिछले चार दिनों से हो रही अतिवृष्टि एवं नदियों के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल एवं पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने सोमवार को जनपद के विभिन्न संवेदनशील तटबंधों एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जलस्तर, तटबंधों की स्थिति तथा राहत एवं बचाव की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दोनों अधिकारियों ने सर्वप्रथम त्रिमुहानी पहुंचकर रोहिन नदी के जलस्तर एवं आसपास के क्षेत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता सिंचाई को जलस्तर की लगातार निगरानी करने तथा तटबंधों की नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार सदर को आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रखने को कहा इसके बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जर्दी डोमरा तटबंध तथा भोरावारी स्थित बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को तटबंधों की सघन पेट्रोलिंग कर रेनकट एवं रैटहोल को चिन्हित करते हुए तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

### जिला जज व पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण



गाजीपुर। जिला जज एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर (बाल सुधार गृह) का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को परखते हुए बैरकों की सघन तलाशी ली गई। और पूरे परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने वहां रह रहे किशोरों से बातचीत कर उनकी समस्याओं व सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। जिला जज एवंपुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा व नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य व खान-पान का विशेष ध्यान रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### विकसित भारत के संकल्प को लेकर विद्यार्थियों ने रखे विचार

गाजीपुर। सेवा संकल्प विकसित भारत अभियान के अंतर्गत सोमवार को गोपीनाथ पीजी कॉलेज, देवली, सलामतपुर में वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत के निर्माण, राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका, शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी और देश के प्रति कर्तव्यों जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। प्रतिभागियों ने तर्क एवं तथ्यों के साथ अपनी बात रखते हुए अपनी अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुधा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वाद-विवाद एवं भाषण जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें तार्किक सोच, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।

# दैवीय आपदा में मृत तीन व्यक्तियों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता

**प्रभारी मंत्री ने शीघ्र राहत उपलब्ध कराने का दिया निर्देश**

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



जनपद की तहसील रुदौली क्षेत्र में 26 सितंबर को पेड़ गिरने से हुई दो व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु तथा जनपद के अन्य क्षेत्र में हुई दैवीय आपदा से मृत्यु के प्रकरण में मृतकों के परिजनों को शासन की दैवीय आपदा राहत व्यवस्था के अंतर्गत मुख्यमंत्री राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं विधायक रुदौली रामचंद्र यादव की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी रुदौली एवं संबंधित ग्राम प्रधानों द्वारा मृतकों के परिजनों को सहायता राशि के सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। वहीं जनपद के सोहावल क्षेत्र के पीड़ित परिवार को सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता एवं विधायक रुदौली रामचंद्र यादव द्वारा सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के पीड़ित परिवार को विधायक के माध्यम से सहायता राशि का चेक उपलब्ध कराया जाएगा।

तहसील रुदौली के ग्राम मवई निवासी धर्मराज पुत्र मालिक राम, उम्र लगभग 40 वर्ष तथा ग्राम बिचाला निवासी रामस्वरूप पुत्र जग्गू राम, उम्र लगभग 76 वर्ष की 26 सितंबर को पेड़ गिरने से आकस्मिक मृत्यु हुई थी। शासन के निर्देशानुसार मृतकों के उत्तराधिकारियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। तीनों मृतकों के परिजनों के खातों में 24 घंटे के भीतर चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी मंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में शासन एवं जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दैवीय आपदा से प्रभावित परिवारों को नियमानुसार त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से राहत सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा किया। उन्होंने खराब एवं क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सामान्य करने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने का निर्देश भी दिया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमित कुमार भट्ट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगत सिंह के विचार आज के युवाओं के लिए भी प्रासंगिकः सत्यभान सिंह

## 'भगत सिंह और आज का युवा' विषय पर विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के तत्वावधान में शहीद-ए-आजम भगतसिंह के जन्मदिवस के अवसर पर नगर निगम आफिस के सामने शहीद भगतसिंह पार्क में भगतसिंह की नई प्रतिमा जो नया पार्क बनने के बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा सुबह प्रतिमा शहीद भगतसिंह के देखरेख स्थापित किया वहां ट्रस्ट के सदस्य जाकर अपने पुरोधा श्रद्धाजलि अर्पित करने के बाद प्रेस क्लब में आयोजित 'भगतसिंह और आज का युवा' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सत्यभान सिंह जनवादी ने भगतसिंह के जीवन, उनके विचारों और देश के युवाओं के प्रति उनकी सोच पर विस्तार से चर्चा की कहा कि क्रान्तिकारियों ने अपने लिए नहीं आपनो के लिए कुर्बानी दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री गिरीश चन्द्र तिवारी ने कहा कि भगतसिंह केवल एक महान क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि गंभीर चिंतक और अध्ययनशील युवा थे।

पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि भगतसिंह अपने समय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सवालों को समझने तथा वैज्ञानिक एवं तार्किक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया।

नाजिश फातिमा ने कहा कि आज के युवाओं के लिए उनका जीवन संघर्ष, साहस, अध्ययन और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रेरणा देता है।

राज्य कर अधिकारी सेवा निवृत बृजेश कुमार मौर्य ने कहा कि युवाओं को शिक्षा, रोजगार, वैज्ञानिक सोच, सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक होकर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

धीरज द्विवेदी ने कहा कि भगतसिंह का सपना एक ऐसे समाज का था जिसमें शोषण और भेदभाव के लिए कोई स्थान न हो।

अखिलेश सिंह ने कहा कि भगत सिंह के विचारों को केवल स्मरण करने के बजाय उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों के संदर्भ में समझना आवश्यक है।

अतीक अहमद ने कहा कि आज के युवा और महिलाओं को अपने अधिकार के लिए आगे आना होगा, तभी मौकापरस्त ताकतों को हटाया जा सकता है।

इस अवसर पर गोष्ठी में प्रेरणा, राजकुमारी, नाजिश फातिमा, अखिलेश सिंह, पप्पू सोनकर, चाँद, आराधना सिंह, पूनम श्रीवास्तव, महर्षि पांडेय, सीपीआई नेता अशोक तिवारी, खेत मज़दूर नेता शैलेन्द्र सिंह, मंजू मौर्य, अनीता पांडे, किरण भारती, लक्ष्मी, कुसुम चौहान, सुमन, साधना पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का डीएम ने लिया त्वरित संज्ञान, हुआ पटाक्षेप

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में तहसील बीकापुर के साल्हीपुर निवासी द्वारा कोटेदार के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने के संबंध में शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रकरण की जांच कराई गई। पूर्ति निरीक्षक हरिंग्टनगंज की जांच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित उचित दर विक्रेता श्री धनन्जय सिंह की दुकान का अनुबंध पत्र निलंबित कर स्पष्टीकरण मांगा गया। प्रस्तुत स्पष्टीकरण का परीक्षण करने के उपरांत दुकान का अनुबंध पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की कार्रवाई की गई। तहसील सदर के प्रभाकर नगर कॉलोनी निवासी द्वारा सीवर लाइन के गड्ढे पर ढक्कन न होने के कारण लोगों एवं पशुओं के गिरकर चोटिल होने की शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जल निगम नगरीय द्वारा मौके पर आवश्यक कार्यवाही कर हाउस कनेक्टिंग चेंबर का निर्माण करा कर ढक्कन लगवाया गया जिससे समस्या का समाधान हो गया। तहसील बीकापुर के अचनकापुर घूरीटीकर निवासी द्वारा सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत पर एसडीएम बीकापुर द्वारा जांच कराई गई। संबंधित गाटा नवीन परती खाते में दर्ज पाया गया। गाटे की पैमाइश कराते हुए राजस्व टीम, ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में आवेदक की नाली निकासी की समस्या का समाधान कराया गया। तहसील मिल्कीपुर के ग्राम पडुकिया निवासी द्वारा एसडीएम के आदेश का अनुपालन कराने के संबंध में शिकायत की गई थी।

# बीमित किसान फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के अंदर दर्ज कराएंः उप कृषि निदेशक

**फसल क्षति होने पर टोल-फ्री नंबर 14447 पर करें कॉल**

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जनपद में बीते दिनों से हो रही लगातार एवं अत्यधिक वर्षा के दृष्टिगत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमित कृषक अतिवृष्टि के कारण धान एवं मक्का सहित बीमित फसलों को हुई क्षति की सूचना नियमानुसार तत्काल दर्ज कराएं। उक्त जानकारी उप निदेशक कृषि अतिंद्र सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के अनुसार स्थानीय आपदाओं में फसल की मध्यावस्था में क्षति, खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, ओलावृष्टि, जलभराव (धान की फसल को छोड़कर), बादल फटना एवं भूस्खलन से हुई क्षति तथा फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई के लिए रखी फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात एवं बेमौसम चक्रवाती वर्षा से होने वाली क्षति को जोखिम के रूप में कवर किया जाता है। उप निदेशक कृषि ने बताया कि जिन बीमित कृषकों की फसल विगत दिनों में हुई वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई है, वे फसल बीमा कंपनी के टोल-फ्री नंबर 14447 एवं व्हाट्सऐप नंबर 7065514447 पर 72 घंटे के अंदर अपनी फसल क्षति की सूचना दर्ज करा सकते हैं। सूचना दर्ज होने के उपरांत नियमानुसार फसल क्षति का सर्वे कराकर पात्र कृषकों को क्षतिपूर्ति दिलाई जाएगी।

## युवाओं को रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकताः रिंकी कोल

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत सोमवार को विकास खंड हलिया के मवई कला स्थित पंचशील डिग्री कालेज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया।

रोजगार मेले में 14 कंपनियों ने स्टाल लगाकर विभिन्न पदों के लिए युवाओं का पंजीयन एवं चयन प्रक्रिया पूरी की। मेले में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कर रोजगार के अवसरों में भागीदारी की। विधायक रिंकी कोल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



जनपद के सोहावल तहसील में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय 'खुन्नू पाण्डेय' ने किया ।

इस दौरान पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष का मौजूद अधिकारियों ने स्वागत किया। दर्जनों महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने भाजपा सरकार की समाज के हर वर्गों के हितों के लिए किए जा रहे कार्यों को बताया और कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के और सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य कर रही है। श्री पाण्डेय ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर सीडीपीओ डॉ अनीता सोनकर, सोहावल पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, सोहावल पश्चिमी मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष बलराम पाठक, मुख्य सेविका आशा देवी, दीक्षा पटेल, सविता, आरती यादव, अलका सिंह, ब्लॉक कॉर्डिनेटर सौरभ तिवारी आदि समेत काफी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

# डीएम ने चैनपट्टी खलवा गांव में पहुंचकर बाढ़ व बांध की स्थिति का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद के चैनपट्टी खलवा में मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लेते हुए बताया कि छोड़े गए पानी के कारण बांध के किनारे बसे गांवों में जल प्लावन की स्थिति उत्पन्न हुई है। पिछले 24 घंटे में कुछ स्थानों पर सीपेज और कटान की सूचनाएं भी मिली हैं। सीपेज, रैट होल्स एवं कटान को तत्काल नियंत्रित करने के लिए सिंचाई विभाग की डेडिकेटेड टीम लगातार मौके पर कार्य कर रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि चैनपट्टी गांव के सामने नदी के मिड-स्ट्रीम में लगभग 20 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली है। उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए पीएसी फ्लड कंपनी की ओर से मोटर बोट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर एक मोटर बोट उपलब्ध है, जबकि दो अन्य मोटर बोट खड्डा की ओर से शीघ्र पहुंच रही हैं। फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यू की कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। पूर्व में ड्राई राशन एवं कुक्ड फूड का वितरण किया गया है तथा आज भी इसकी पूरी व्यवस्था है। किसी भी आपात स्थिति में 24 घंटे, रात में भी राहत पहुंचाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर तैनात हैं।

पर्याप्त रात्रि प्रकाश की व्यवस्था के साथ आवश्यकता के अनुसार तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाएगी। सिंचाई विभाग की टीम के साथ हुई समीक्षा में सामने आया कि कई स्थानों पर रैट होल्स तथा तेज जलधारा के कारण कटान से रिसाव की स्थिति बनी है। इन सभी स्थानों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। स्थिति सामान्य होने के बाद दीर्घकालिक स्तर पर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय भी किए जाएंगे।

# संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने के बजाय तथ्यों का सम्मान करे विपक्षः गिरीश पति त्रिपाठी

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



सर्किट हाउस सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर चुनावी पराजय की खीझ में संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने और जनता के बीच भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक कमजोरियों पर आत्ममंथन करना चाहिए। चुनाव हारने के बाद निर्वाचन आयोग, न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना समस्या का समाधान नहीं है। महापौर ने कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर निर्वाचन आयोग स्थिति स्पष्ट कर चुका है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा दोनों निर्वाचन आयुक्तों की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि एसआईआर समेत प्रमुख निर्णय आयोग की सहमति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 24 जून 2025 के मूल आदेश से लेकर विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू प्रक्रिया तक निर्णय आयोग की सहमति से लिए गया हैं। उनके अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने भी इस प्रक्रिया को कानूनी रूप से वैध माना है।

उन्होंने कैबिनेट सचिव को भेजे गए पत्र को लेकर उठे विवाद पर कहा कि निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि वह पत्र आयोग की किसी नीति अथवा एसआईआर से संबंधित नहीं था, बल्कि प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी से जुड़े प्रशासनिक विषय तक सीमित था। इसी प्रकार फॉर्म-6 को लेकर भी विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आयोग के अनुसार गैर-एसआईआर अवधि में पूर्व निर्धारित नियम ही लागू हैं और प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। महापौर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुराने बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना विपक्ष की पुरानी राजनीति का हिस्सा रहा है। उन्होंने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने, निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर आरोप लगाने और न्यायपालिका पर दबाव होने संबंधी बयानों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विदेशों में भी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर दिया गया बयान से देश की संस्थाओं की छवि प्रभावित करने का प्रयास किया गया। राफेल सौदे का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मामले में कांग्रेस की ओर से 'चौकीदार चोर है' जैसे राजनीतिक आरोप लगाए गए। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की व्याख्या को लेकर राहुल गांधी को बाद में अदालत में खेद व्यक्त करना पड़ा था। महापौर ने कहा कि राजनीतिक आरोपों और न्यायिक निष्कर्षों के बीच अंतर रखा जाना चाहिए। बालाकोट एयर स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सैन्य अभियानों पर भी राजनीतिक बयानबाजी की गई। तवांग झड़प का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी द्वारा भारतीय जवानों की पिटाई किए जाने संबंधी बयान पर सेना और सरकार ने आपत्ति जताई थी।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारों से गूंजा पडरौना

**एसआईआर को लेकर कांग्रेस का आक्रोश मार्च**

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर कांग्रेस का विरोध सोमवार को सड़क पर दिखाई दिया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देशव्यापी अभियान 'वोट चोर गद्दी छोड़' के तहत दमवतिया पंचायत भवन, रविंद्र नगर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां और तिरंगा लिए कार्यकर्ताओं का मार्च जिला मुख्यालय पहुंचा, जहां प्रशासनिक घेरे के सामने पहुंचकर प्रदर्शन ने जनसभा का रूप ले लिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मतदाता को मिला वोट का अधिकार किसी सत्ता की कृपा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदानों की विरासत है। उन्होंने कहा कि संविधान ने निर्वाचन व्यवस्था की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र संवैधानिक संस्था की व्यवस्था की है, लेकिन आज उसकी कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लल्लू ने एसआईआर प्रक्रिया और मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस की आपत्तियां रखते हुए कहा कि यदि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटता है तो उसका असर सीधे उसके लोकतांत्रिक अधिकार पर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वंचित, दलित, पिछड़े और सरकार की नीतियों के विरोध में खड़े मतदाताओं को प्रक्रिया के नाम पर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मतदाता के अधिकार की रक्षा के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष करेगी।

जिलाध्यक्ष रविंद्र विश्वकर्मा राधे ने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर बूथ स्तर तक प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी पात्र मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता जहिरूद्दीन ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों पर चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष पुनरीक्षण के दौरान गरीब और अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं को प्रभावित किया जा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी देशदीपक मिश्रा ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब दिया जाना चाहिए।

## श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**




सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत श्रम विभाग, द्वारा श्रमिकों एवं कारखानों में नियोजित कार्मिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 24 सितंबर से 28 सितंबर तक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में चिकित्सकों की टीम द्वारा तीनों लेबर अड्डों एवं विभिन्न कारखानों में पहुंचकर श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। शिविरों में श्रमिकों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ रक्तचाप, रक्त शर्करा एवं बीएमआई की निःशुल्क जांच की जा रही है। इसके साथ ही पेट दर्द, बुखार, सिरदर्द, दाद/खुजली, खांसी आदि से संबंधित आवश्यक दवाएं, बीपी एवं शुगर की दवा, ओआरएस तथा चोट/कटने की दवा भी चिकित्सकों द्वारा मौके पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सहायक श्रम आयुक्त के निर्देशन में श्रम विभाग के कर्मचारियों तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारियों भूपेंद्र, श्री गौरव एवं सतेंद्र द्वारा तीनों लेबर अड्डों एवं विभिन्न कारखानों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत अब तक लगभग 3000 से अधिक श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। लेबर अड्डों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 7:30 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक तथा कारखानों में प्रातः 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक किया जा रहा है।